ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 7 जून 2025
वर्ष 35, अंक 132, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारतीय भाषाओं के लिए अलग अनुभाग 12

क्रूज ने सर्वाधिक छलांग लगाने का बनाया रिकॉर्ड 14

## कनाडा के निमंत्रण पर जी7 सम्मेलन में हिस्सा लेंगे मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री कार्नी ने फोन पर की बात, 15 से 17 तक अल्बर्टा में आयोजित होगा शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वह इस माह कनाडा में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पहली बार टेलीफोन पर हुई बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी को यह निमंत्रण दिया।

जी-7 शिखर सम्मेलन के संपर्क सत्र में शामिल होने के लिए मोदी को कार्नी से मिला निमंत्रण इस बात का संकेत है कि ओटावा एक खालिस्तानी आतंकवादी की हत्या के बाद नई दिल्ली के साथ द्विपक्षीय संबंधों में आए तनाव को दूर करने का इच्छुक है। यह शिखर सम्मेलन 15 से 17 जून तक कनाडा के अल्बर्टा प्रांत में आयोजित किया जाएगा। मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से फोन पर बात करके खुशी हुई। मैंने उन्हें कनाडा में हाल ही में हुए चुनाव में मिली जीत के लिए बधाई दी और इस महीने अल्बर्टा के कनानास्किस में होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, भारत और कनाडा आपसी सम्मान और साझा हितों के मार्गदर्शन में नए उत्साह के साथ मिलकर काम करेंगे।

# पहलगाम में इंसानियत व कश्मीरियत पर हुआ था हमला

**प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर घाटी के लिए पहली रेल लाइन और चिनाब नदी पर निर्मित दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल का किया लोकार्पण**



रियासी में चिनाब नदी पर दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल का लोकार्पण करने के बाद तिरंगा लहराते हुए प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

कटरा (जम्मू), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि उसने पहलगाम में पर्यटकों को निशाना बनाकर इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। इस हमले का मकसद भारत में सांप्रदायिक दंगे भड़काना और पर्यटन पर निर्भर कश्मीरी लोगों की आजीविका छीनना था।

प्रधानमंत्री ने कश्मीर घाटी के लिए पहली रेल सेवा को हरी झंडी दिखाने और चिनाब नदी पर बनाए गए दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल और भारत के पहले केबल-स्टेड अंजी पुल सहित कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद कटरा में आयोजित एक जनसभा में पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पर्यटन रोजगार उपलब्ध कराता है और लोगों को जोड़ने वाली कड़ी का काम करता है, लेकिन दुर्भाग्य से पड़ोसी देश मानवता, सद्भाव और पर्यटन का दुश्मन है। मोदी ने कहा कि मानवता के साथ पाकिस्तान गरीबों की रोजी-रोटी का भी दुश्मन है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, वह इसका उदाहरण है। मोदी ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से जम्मू-कश्मीर में पर्यटन जोर पकड़ रहा था और रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक आ रहे थे। कहा कि पाकिस्तान पर्यटन पर निर्भर गाइड, टट्टू संचालकों, दुकानदारों और ढाबा संचालकों की आजीविका के साधन को नष्ट करना चाहता था।

### नई रेल लाइन सशक्त जम्मू-कश्मीर का प्रतीक

प्रधानमंत्री ने कहा कि उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लाइन परियोजना एक नए और सशक्त जम्मू-कश्मीर का प्रतीक है तथा भारत की बढ़ती ताकत का स्पष्ट उद्घोष है। कहा कि चिनाब और अंजी पुल जम्मू-कश्मीर के लिए समृद्धि के प्रवेश द्वार के रूप में काम करेंगे। 272 किमी लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक परियोजना के पूरा होने के उपलक्ष्य में वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से पहले मोदी ने दो अत्याधुनिक पुल का उद्घाटन किया। रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर के आधार शिविर कटरा के लिए 46,000 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

# रेपो रेट में 0.5% की बड़ी कटौती

**आरबीआई का पांच साल में अहम फैसला, आवास, वाहन ऋण समेत सभी तरह के कर्ज होंगे सस्ते**

मुंबई, अमृत विचार नेटवर्क/एजेंसी

- एमपीसी के छह सदस्यों में पांच ने दरें घटाने के पक्ष में किया मतदान
- सीआरआर में 1% कटौती से बैंकिंग को अतिरिक्त नकदी



भारतीय रिजर्व बैंक ने आर्थिक वृद्धि तेज करने के मकसद से शुक्रवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को उम्मीद से अधिक 0.5 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया। रेपो दर में पांच साल में की गई यह सबसे बड़ी कटौती है।

इसके साथ ही अप्रत्याशित रूप से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी एक प्रतिशत की कटौती की घोषणा की गई है। पहले यह 4 प्रतिशत थी, जो अब 3% होगी। यह कटौती चार हिस्सों में 6 सितंबर से लेकर 29 नवंबर के बीच 0.25 प्रतिशत की दर से होगी। इससे बैंकिंग सिस्टम में 2.5 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी मिलेगी। आरबीआई के इस कदम से बैंकों के पास कर्ज देने के लिए अधिक नकदी उपलब्ध होगी जो अर्थव्यवस्था को गति देने का काम करेगी। इससे मकान, वाहन और अन्य कर्ज सस्ते होने की उम्मीद है।

आरबीआई ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब मुद्रास्फीति अप्रैल में घटकर लगभग छह साल के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत और आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में चार साल के न्यूनतम स्तर 6.5 प्रतिशत पर आ गई है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अगुवाई वाली छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने प्रमुख ब्याज दर रेपो दर 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत करने का निर्णय किया। समिति के छह में से पांच सदस्यों ने इसके पक्ष में मतदान किया। इस कटौती के साथ आरबीआई इस साल फरवरी से लेकर अबतक रेपो दर में कुल एक प्रतिशत की कटौती कर चुका है। इस साल फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की गई थी। आरबीआई ने मई 2020 के बाद पहली कटौती फरवरी में की थी। मल्होत्रा ने कहा, रेपो दर में एक प्रतिशत की कटौती के बाद मौद्रिक नीति के पास वृद्धि को समर्थन देने के लिए अब सीमित गुंजाइश बची है।

> केंद्रीय बैंक को विश्वास है कि उसकी घोषणाएं कर्ज देने को बढ़ावा देने में मदद करेंगी। चूंकि वैश्विक परिवेश अनिश्चित बना हुआ है, इसलिए निरंतर मूल्य स्थिरता के बीच घरेलू वृद्धि पर ध्यान देना और भी महत्वपूर्ण हो गया है। एमपीसी की अगली बैठक चार से छह अगस्त के बीच होगी।
>
> – संजय मल्होत्रा, आरबीआई गवर्नर।

### चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ग्रोथ के अनुमान को रखा बरकरार

यह कटौती ऐसे समय में की गई है जब मार्च में समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 में आर्थिक वृद्धि चार साल के निचले स्तर 6.5 प्रतिशत पर पहुंच गई है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भी समान आर्थिक वृद्धि का ही अनुमान लगाया है। इसका कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क नीतियों के बाद बढ़ता व्यापार तनाव है। भारत को विकसित राष्ट्र बनने के लिए अगले 20 वर्षों तक औसतन 8% की सालाना ग्रोथ रेट को बनाए रखना होगा। यह चुनौती भरा लक्ष्य है। केंद्रीय बैंक ने 2025-26 के लिए अपने मुद्रास्फीति अनुमान को चार प्रतिशत से घटाकर 3.7 प्रतिशत कर दिया है।

### 50 लाख रुपये के 20 साल के लोन पर मासिक ईएमआई पर घटेंगे 1570 रुपये




बरेली के सीए राजेन विद्यार्थी ने बताया कि अगर आपने 50 लाख रुपये का होम लोन 20 साल के लिए लिया है, जिसके लिए 8.5% का ब्याज दे रहे हैं तो आपकी मंथली ईएमआई 43,392 रुपये बनेगी। रेपो रेट में कटौती के बाद ईएमआई में बड़ी कमी होगी। यह ब्याज घटकर 8 फीसदी रह जाएगा, जिस कारण आपके होम लोन की ईएमआई 41,822 हो जाएगी। यानी मंथली किश्त में 1570 रुपये की कमी होगी।

### रेपो रेट क्या है, आप पर असर




जब हमें पैसे की जरूरत हो और खाता खाली हो तो हम बैंक से कर्ज लेते हैं। बदले में बैंक को ब्याज चुकाते हैं। इसी तरह बैंक को भी जरूरत या रोजमर्रा के कामकाज के लिए रकम की जरूरत पड़ती है। इसके लिए बैंक आरबीआई से कर्ज लेते हैं। बैंक इस लोन पर रिजर्व बैंक को जिस दर पर ब्याज चुकाते हैं, उसे रेपो रेट कहते हैं। जब बैंक को रिजर्व बैंक से कम ब्याज दर पर लोन मिलेगा तो उनके फंड जुटाने की लागत कम होगी। इस वजह से वे ग्राहकों को सस्ता कर्ज दे सकते हैं। मतलब यह है कि रेपो रेट कम होने पर होम, कार या पर्सनल लोन पर ब्याज की दरें कम होंगी।

# ढाई साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर



दुष्कर्म का आरोपी।

- आरोपी पर घोषित किया गया था एक लाख रुपये का इनाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी लखनऊ में आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे से ढाई वर्षीय बच्ची को अगवा कर दुष्कर्म करने के आरोपी को शुक्रवार तड़के आलमबाग पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया। एसीपी कैंट कार्यालय के पीछे हुई मुठभेड़ में आरोपी के सीने में दो गोलियां लगीं। सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस ने आरोपी की पहचान दीपक वर्मा के रूप में की थी। पुलिस आयुक्त ने 1 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। आरोपी के पास से तमंचा, खोखा, 2 कारतूस और स्कूटी बरामद हुई है। आरोपी दीपक वारदात के बाद छिपते हुए शहर से भागने की फिराक में था।

डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि मुठभेड़ में मारा गया आरोपी दीपक वर्मा मूल रूप से ऐशबाग स्थित रामनगर कालोनी निवासी था। वर्तमान में वह पारा के डूडा कालोनी में रह रहा था। आरोपी दीपक ट्रेनों में अवैध तरीके से पानी बेचने और जागरण में झांकी आदि लगाने का काम करता था। आरोपी ने 4 जून की रात आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे परिवार संग सो रही बच्ची को अगवा किया। उसके बाद 50 मीटर दूर लिफ्ट के पास दुष्कर्म किया था। मेट्रो स्टेशन पर लगे सीसी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई थी।

सीसी कैमरे में कैद आरोपी की स्कूटी नंबर की आरटीओ से जानकारी हुई। पता चला कि स्कूटी डूडा कालोनी में रहने वाले विष्णु वर्मा के नाम से रजिस्टर्ड है। पुलिस टीम वहां पहुंची तो पता चला स्कूटी छोटा भाई दीपक चलाता है। सर्विलांस से पुलिस उसकी तलाश में लग गई। तड़के करीब 3:45 बजे इंस्पेक्टर आलमबाग सुभाष चंद्र सरोज और अन्य पुलिस कर्मी स्कूटी सवार की तलाश में लग गए। इसी बीच गन्ना संस्थान रोड पर देवीखेड़ा के पास सफेद रंग की संदिग्ध स्कूटी दिखी तो पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा जिसमें स्कूटी स्लिप होने से वह गिर गया और भागकर झाड़ियों में छिप गया और पुलिस पर फायरिंग करने लगा। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दीपक के सीने पर दो गोलियां लगीं और वहीं पर गिर पड़ा। दोपहर डॉक्टरों के पैनल ने वीडियोग्राफी में दीपक के शव का पोस्टमार्टम किया।

### बरेली में पांच वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी के पैरों में लगी गोली, गिरफ्तार



**देवरनियां (बरेली)।** कक्षा एक की छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी अकील अहमद को पुलिस ने गुरुवार देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के दोनों पैर में गोली लगी है, पुलिस ने उसे अस्पताल भेजा है। देवरनियां थाना क्षेत्र के गांव रायपुरा घनश्याम निवासी पीड़िता के पिता ने बताया कि वह निजी कंपनी में नौकरी करता है। वह गुरुवार की सुबह काम पर चला गया था। उसकी पांच साल की बच्ची गांव में बच्चों के साथ खेल रही थी। शाम 5:30 बजे अकील अहमद उनकी बेटी को टॉफी दिलाने के बहाने गांव के प्राथमिक विद्यालय में ले जाकर दुष्कर्म किया। सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी अकील की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन किया गया था। देर रात मुठभेड़ में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसने पुलिस पर फायरिंग की थी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके दोनों पैरों में गोली लगी है।

## मस्क की स्टारलिंक को भारत में मिला लाइसेंस

नई दिल्ली, एजेंसी

- देश में प्रदान करेगी उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवा

उद्योगपति एलन मस्क की स्टारलिंक को भारत में उपग्रह संचार (सैटकॉम) सेवाओं के लिए लाइसेंस मिल गया है। यह कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो उसे देश में वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने के और करीब ले जाएगी। यूटेलसैट वनवेब और जियो सैटेलाइट कम्युनिकेशंस के बाद स्टारलिंक देश में उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए दूरसंचार विभाग से लाइसेंस प्राप्त करने वाली तीसरी कंपनी है। चौथी आवेदक, अमेज़न की कुइपर अभी भी अनुमोदन की प्रतीक्षा कर रह है।

सूत्रों ने बताया कि स्टारलिंक को लाइसेंस प्राप्त हुआ है। कंपनी को आवेदन करने के 15-20 दिनों में परीक्षण स्पेक्ट्रम प्रदान किया जाएगा। स्टारलिंक को अब सेवाएं शुरू करने से पहले वैध अवरोधन के लिए पहुंच प्रदान करने जैसे सुरक्षा मानदंडों का पालन करना होगा। यह लाइसेंस मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच सार्वजनिक रूप से हुए बड़े विवाद के कुछ घंटों बाद आया। दुनिया के सबसे अमीर आदमी और दुनिया के सबसे शक्तिशाली व्यक्ति के बीच विवाद तब शुरू हुआ जब मस्क ने ट्रंप के व्यापक कर-कटौती और व्यय विधेयक की निंदा की। मस्क ने एक सप्ताह पहले सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के प्रमुख के रूप में अपना पद छोड़ दिया था।

### वाणिज्यिक सैटकॉम स्पेक्ट्रम को इंतजार

दूरसंचार विभाग द्वारा स्टारलिंक को आशय पत्र (एलओआई) जारी किए जाने के लगभग एक महीने बाद डीओटी से लाइसेंस मिला। हालांकि, जिन कंपनियों को लाइसेंस मिला है, उन्हें वाणिज्यिक सैटकॉम स्पेक्ट्रम के लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा क्योंकि दूरसंचार नियामक ट्राई ने हाल ही में मूल्य निर्धारण और नियम व शर्तों पर अपनी सिफारिशें सरकार को विचार के लिए भेजी हैं। रेडियो तरंग आवृत्तियों के आवंटन के बाद कंपनियां अपनी सेवाएं शुरू कर सकेंगी।

### सूचना

ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर अमृत विचार के लखनऊ कार्यालय में शनिवार (7 जून) को अवकाश रहेगा। अतः समाचार पत्र का अगला अंक सोमवार को प्रकाशित होगा।

-संपादक

## तीन अगस्त को होगी नीट पीजी परीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को दी अनुमति

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) को शीर्ष अदालत के निर्देशों के अनुरूप तीन अगस्त को एक पाली में नीट-पीजी 2025 परीक्षा आयोजित कराने की अनुमति दे दी।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने शुरू में एनबीई द्वारा परीक्षा आयोजित करने के लिए दो महीने से अधिक का समय देने के अनुरोध पर सवाल उठाया था। पीठ ने कहा कि बोर्ड की दलील उचित प्रतीत होती है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि नीट-पीजी 2025 परीक्षा कराने के लिए एनबीई को और समय नहीं दिया जाएगा। एनबीई ने दलील दी कि शीर्ष अदालत के 30 मई के आदेश के अनुसार परीक्षा एक पाली में आयोजित की जानी है, इसके लिए लगभग 1,000 परीक्षा केंद्रों की आवश्यकता है। एनबीई की याचिका में कहा गया है कि वह 15 जून को होने वाली परीक्षा तीन अगस्त को सुबह नौ बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे के बीच आयोजित करेगा।

## रीजीजू ने लॉंच किया वक्फ संबंधित पोर्टल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामले एवं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने केंद्रीय पोर्टल उम्मीद का शुभारंभ करने के बाद शुक्रवार को कहा कि यह वक्फ संपत्ति प्रबंधन तथा प्रशासन के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगा। रीजीजू ने कहा कि इससे आम मुसलमानों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को मदद मिलेगी।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मास्टरमाइंड जीशान गिरफ्तार

**जालंधर।** एनसीपी के बाहुबली नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मास्टमाइंड जीशान अख्तर उर्फ जस्सी को कनाडा के सरे शहर में गिरफ्तार किया गया है। वह जालंधर के नकोदर का रहने वाला था।

जीशान के संबंध लॉरेंस बिश्नोई गैंग से थे और कई मामलों में वांछित था। बाबा सिद्दीकी की हत्या के दौरान जीशान मौके पर मौजूद था। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह गिरफ्तारी भारतीय जांच एजेंसियों की सूचना के आधार पर हुई है या कनाडाई पुलिस ने स्वतंत्र रूप से यह कार्रवाई की है। फिलहाल जीशान कनाडा पुलिस की हिरासत में है, इस गिरफ्तारी को बड़ी सफलता माना जा रहा है।

# आरसीबी और प्रबंधन कंपनी के चार अफसर गिरफ्तार

**बेंगलुरु में चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ के मामले में खुफिया विभाग के एडीजी हटाए गए**

बेंगलुरु, एजेंसी



- मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव गोविंदराज भी पद से हटाए गए

बेंगलुरु में चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ के मामले में कर्नाटक सरकार ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और आयोजन का प्रबंधन करने वाली कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के चार अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा प्रदेश सरकार ने खुफिया विभाग के एडीजी का ट्रांसफर कर दिया। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव गोविंदराज भी हटा दिए गए।

आईपीएल के फाइनल में आरसीबी की जीत के जश्न में भाग लेने के लिए बुधवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमियों के जुटने के बाद मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई और 56 लोग घायल हो गए थे। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में आरसीबी के विपणन एवं राजस्व प्रमुख निखिल सोसले, 'डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड' के सुनील मैथ्यू और किरण कुमार शामिल हैं। गिरफ्तारी के बाद उन्हें पूछताछ के लिए कब्बन पार्क पुलिस थाने लाया गया।

पुलिस ने आरसीबी, डीएनए और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के खिलाफ गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद यह कार्रवाई की। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने आरसीबी और डीएनए और केएससी के प्रतिनिधियों को तुरंत गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था।

इसके साथ कर्नाटक सरकार ने विधान परिषद सदस्य के गोविंदराज को शुक्रवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के राजनीतिक सचिव के पद से मुक्त कर दिया। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक खुफिया विभाग के एडीजी हेमंत निंबालकर का भी तबादला कर दिया गया है। सिद्धरमैया ने बृहस्पतिवार को भगदड़ की घटना के सिलसिले में खुफिया विफलता की बात स्वीकार करते हुए कहा था, इस संबंध में क्या कार्रवाई की जाए, फिलहाल इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। हमने इस पर चर्चा की है। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने भगदड़ की घटना के सिलसिले में बृहस्पतिवार को बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी दयानंद और चार अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया था।

### केएससीए अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने शुक्रवार को एक अंतरिम आदेश में प्रदेश पुलिस को निर्देश दिया कि वह भगदड़ के सिलसिले में केएससीए के पदाधिकारियों के खिलाफ अगले आदेश तक कोई दंडात्मक कार्रवाई न करे। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के अध्यक्ष रघुराम भट, सचिव ए शंकर और कोषाध्यक्ष ईएस जयराम ने भगदड़ की घटना के सिलसिले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के अनुरोध के साथ हाईकोर्ट का रुख किया था। याचिका पर सुनवाई करने वाले न्यायमूर्ति एसआर कृष्ण कुमार ने केएससीए अधिकारियों को अंतरिम राहत दे दी।

### कोहली के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत



सामाजिक कार्यकर्ता एचएम वेंकटेश ने क्रिकेटर विराट कोहली के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्हें चार जून को आरसीबी की पहली आईपीएल जीत के जश्न के दौरान हुई भगदड़ के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। हालांकि, पुलिस सूत्रों ने बताया कि उनकी शिकायत पर अब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। इस बीच, भगदड़ की घटना के एक पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरसीबी, डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के खिलाफ एक और प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## एक नजर

### 14 राजकीय मेडिकल कॉलेजों में स्थापित होंगे अग्निशमन संयंत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** कानुपर में जेके कैंसर समेत प्रदेश के सभी राजकीय मेडिकल कॉलेजों अग्निशम संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए राज्य सरकार ने 33 लाख प्रति संस्थान के आधार पर 14 कॉलेजों के लिए चार करोड़ 64 लाख 70 हजार किए हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव मनोज कुमार सिंह ने बजट करते हुए स्पष्ट किया है कि राजकीय मेडिकल कॉलेजों में बदायूं मेडिकल कॉलेज शामिल नहीं है। बजट पाने वालों में आगरा मेडिकल कॉलेज को 32.96, कानुपर को 33.49, प्रयागराज, को 33.50 करोड़, मेरठ में 335 करोड, इसी प्रकार बांदा को मिले 33.50, जालौन, हृदय रोग संस्थान कानपुर को 31 लाख, इतना ही नहीं जेके कैंसर इंस्टीट्यूट को भी 31 लाख दिए गए हैं। इस बजट से फायर फाइटिंग सिस्टम एवं इलेक्ट्रिकल सेफ्टी के उपकरणों का क्रय किया जाएगा।

### पछुआ हवा फिर से बढ़ाएगी गर्मी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के कई इलाकों में मानसून से पहले हुई बारिश से भले राहत मिली हो, लेकिन अब मौसम फिर पलटने वाला है। ऐसे में अब गर्मी सताएगी। मौसम विभाग के अनुसार, कुछ दिनों के लिए गर्म पछुआ हवा के चलने से गर्मी बढ़ेगी। इससे अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस और बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने हीटवेव का अलर्ट भी जारी किया है। अगले तीन-चार दिनों में कई इलाकों में दिन का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इस दौरान कुछ इलाकों में लू चलने की चेतावनी भी जारी की गई है। मौसम विभाग ने 12 जून तक मॉनसून आने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग का कहना है कि मॉनसून ओडिशा के पुरी तक पहुंच चुका है। 10 से 12 जून के बीच इसके गोरखपुर पहुंचने की संभावना है। दरअसल, इस वर्ष भारत में मानसून एक दशक से भी ज्यादा समय बाद उम्मीद से पहले आ जाएगा।

# मानचित्र स्वीकृति के तीन माह के भीतर कराना होगा पंजीकरण

- रियल एस्टेट परियोजनाओं की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सभी विकास प्राधिकरणों को अब रियल एस्टेट परियोजनाओं के स्वीकृत किए जाने वाले सभी मानचित्रों की एक प्रति रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) को अनिवार्य रूप से भेजनी होगी। इससे रेरा परियोजनाओं के पंजीकरण की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से ट्रैक कर सकेगा और परियोजनाओं की गुणवत्ता व समयबद्धता को सुनिश्चित किया जा सकेगा।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने यह भी निर्देश दिए हैं कि मानचित्र स्वीकृति पत्र (सैंक्शन लेटर) में यह उल्लेख किया जाए कि डेवलपर को तीन माह के भीतर परियोजना को रेरा में पंजीकृत करवाकर प्राधिकरण को सूचित करना होगा। उन्होंने कहा कि एग्रीमेंट फॉर सेल को पंजीकृत करने और रजिस्ट्री की व्यवस्था को ऑनलाइन होनी चाहिये। साथ ही, फ्लैट की सेल डीड में रेरा पंजीकरण संख्या को अंकित करना अनिवार्य किया जाए, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को लंबित आवासीय, व्यावसायिक एवं औद्योगिक परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए एक बैठक आयोजित की गई।

## आईपीएस आशीष गुप्ता का वीआरएस मंजूर



**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पुलिस की कार्यशैली व व्यवहार से दुखी होकर आशीष गुप्ता ने ऐच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन किया था। उनके आवेदन पर सरकार ने अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। अब उनका विदाई समारोह 10 जून को पुलिस मुख्यालय के अमर शहीद भगत सिंह लाउंज में किया जायेगा। आशीष गुप्ता का कार्यकाल अभी दो वर्ष शेष था, लेकिन दुखी होकर उन्होंने वीआरएस के लिए आवेदन किया था। नैट ग्रिड के सीईओ रह चुके 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी आशीष गुप्ता ने तीन महीने का नोटिस दिया था। मूलरूप से लखनऊ के रहने वाले आशीष को दिसंबर 2022 में अचानक केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस यूपी भेजा गया था। यूपी लौटने के बाद उन्हें करीब साढ़े छह माह तक प्रतीक्षारत रखा गया था। छह माह वेटिंग में रखने के बाद उन्हें 24 जून 2023 को डीजी रूल्स ऐंड मैनुअल्स बनाया गया था।

# हर समस्या पर होगी प्रभावी कार्रवाई : मुख्यमंत्री

## जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं, अपराधियों व भूमाफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में अपराधियों व भूमाफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। लोगों को आश्वस्त किया कि हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई होगी।

जनता दर्शन के दौरान योगी करीब 200 लोगों से मिले। अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। समस्या से जुड़ी शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराएं। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों व भूमाफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। गरीबों को उजाड़ने वाले कतई न बख्शे जाएं। इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए लोगों को भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा।

### निर्माणाधीन आयुष विश्वविद्यालय का निरीक्षण

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु द्वारा 30 जून को संभावित लोकार्पण को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार दोपहर बाद गोरखपुर के भटहट, पिपरी में बन रहे प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में हुई देरी को लेकर लोक निर्माण विभाग और कार्यदायी संस्था के प्रति गहरी नाराजगी जताई और कहा कि मैन पॉवर बढ़ाकर युद्ध स्तर पर काम कराया जाए। निरीक्षण के बाद बैठक करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी बचे काम हर हाल में 22 जून पूरा कर लें।

# 8.39 लाख किसानों ने लिया विकसित कृषि का संकल्प

## अभियान की सफलता के लिए प्रदेश सरकार ने दी 410 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय स्वीकृति

- कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख के साथ विकसित कृषि संकल्प अभियान की जानकारी साझा की

राजय ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में 8.39 लाख किसानों ने विकसित कृषि का संकल्प लिया है। राज्य सरकार ने इस अभियान के सफलता के लिए 410 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय स्वीकृति दी है। दरअसल, विकसित कृषि संकल्प अभियान को केंद्र सरकार ने किसानों की प्रगति के लिए शुरू किया है। इस विशेष अभियान में किसानों को खरीफ फसलों के लिए नवीनतम कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, आधुनिक खेती के तौर-तरीकों तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख के साथ शुक्रवार को लोक भवन, लखनऊ स्थित मीडिया सेन्टर में विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 (29 मई से 12 जून) को लेकर तमाम जानकारियां पत्रकारों से साझा कीं। उन्होंने कहा कि यह अभियान एक देश, एक कृषि, एक टीम के संकल्प के साथ प्रदेश के किसानों को नवीनतम वैज्ञानिक तकनीकों और उन्नत किस्मों की जानकारी देकर उनकी आय बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। कृषि मंत्री ने बताया कि अभियान में प्रदेश के सभी 75 जिलों में 10,125 स्थानों पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों, कृषि विज्ञान केंद्रों, कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों के साथ ही राज्य सरकार के कृषि, उद्यान, पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य, रेशम एवं जलशक्ति विभाग के अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। इन स्थलों पर वैज्ञानिक-कृषक संवाद और प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे अब तक कुल 4,959 स्थलों पर 8,39,617 कृषक लाभान्वित हो चुके हैं, जिनमें 6,48,449 पुरुष एवं 1,91,168 महिलाएं शामिल हैं।



लोक भवन में विकसित कृषि संकल्प अभियान के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख। अमृत विचार

कृषि मंत्री ने बताया कि अब तक 550 वैज्ञानिकों एवं विषय वस्तु विशेषज्ञों द्वारा कृषकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। अभियान के तहत किसानों को समय से खरीफ फसलों की बुवाई के लिए प्रेरित करने तथा वैज्ञानिक तरीके से खेती को बढ़ावा देने के लिए 5 जून को कृषि मंत्री द्वारा कुल 41067.12 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। इसमें राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के लिए 16290.00 लाख रुपये, फूड एवं न्यूट्रिशन सिक्योरिटी के लिए 10276.92 लाख रुपये तथा कृषोन्नति योजना के अंतर्गत 14500.20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

# ललितपुर के जेल अधीक्षक निलंबित

- पूर्व सांसद रिजवान जहीर को जेल में सुविधाएं देने के मामले में कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पूर्व सांसद रिजवान जहीर को ललितपुर जेल में सुविधाएं मुहैया कराने के प्रकरण में शुक्रवार को जेल अधीक्षक मुकेश कुमार को भी निलंबित कर दिया गया है। इससे पहले बुधवार को रिजवान के बैरक से आपत्तिजनक बस्तुएं बरामद होने के बाद डिप्टी जेलर जय नारायण भारती को निलंबित कर दिया गया था। जेल अधीक्षक मुकेश कुमार के खिलाफ विभागीय जांच के लिए शासन को संस्तुति की गई है, जबकि जेलर जीवन सिंह पर भी विभागीय कार्रवाई चल रही है।

पहले भी दो प्रधान बंदी रक्षक राजेन्द्र प्रसाद, वीरेन्द्र शाह और बंदी रक्षक रजनेश यादव को निलम्बित किया गया था। 31 मई को डीआईजी और मंडलायुक्त के छापे में रिजवान जहीर को नियम के विरुद्ध सुविधाएं देने का खुलासा हुआ था। इसके बाद ही कानपुर रेंज के डीआईजी जेल को इसकी जांच सौंपी गई थी। जांच में सामने आया था कि जेलकर्मियों की मिलीभगत से रिजवान जहीर को कई सुविधाएं दी जा रही थीं। उनकी बैरक में कई वस्तुएं मिली थीं, जो जेल मैनुअल के अनुसार बैरक में बंदियों को नहीं दी जा सकती है। डीआईजी जेल की छानबीन जारी है।



निर्वाचन के बाद आईआईए के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल को माला पहनाकर बधाई देते कार्यकारिणी के सदस्य।

# दिनेश गोयल बने आईआईए के अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बरेली के उद्योगपति दिनेश गोयल वर्ष 2025-2026 के लिए इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए। चुनाव अधिकारी एसबी जाखोटिया ने परिणामों की घोषणा की। दिनेश 1 जुलाई से कार्यभार संभालेंगे।

वर्ष 1963 में नई दिल्ली में जन्मे दिनेश गोयल चार्टेड अकाउंटेंट हैं। वह मेसर्स रामा श्यामा पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड बरेली के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक व वैल्यूमेट पैक-एन-प्रिंट के निदेशक हैं। वह इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के महासचिव और वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। वर्तमान में वह इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग जनरल बॉडी के सदस्य, फारेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट में रिसर्च एनालैसिस ग्रुप देहरादून के सदस्य और रोहिलखंड इनक्यूबेशन फाउंडेशन एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय के मुख्य सलाहकार हैं। उन्हें बरेली के गौरव के रूप में भी सम्मानित किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद गोयल ने कहा कि उनकी प्राथमिकता वैश्विक प्रतिस्पर्धी माहौल में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को बढ़ावा देना है।

# पूर्व अग्निवीरों को 20 फीसदी आरक्षण का शासनादेश जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने पुलिस भर्ती में पूर्व अग्निवीर सैनिकों को 20 फीसदी आरक्षण देने का शासनादेश जारी कर दिया है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि उप्र. पुलिस में सिपाही, पीएसी, फायरमैन और घुड़सवार के पदों पर सीधी भर्ती में पूर्व सैनिकों की तरह अग्निवीर के रूप में की गई सेवा अवधि को घटाते हुए अधिकतम आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। साथ ही 20 प्रतिशत पदों पर क्षैतिज आरक्षण दिया जाएगा।

गृह विभाग से जारी आदेश के अनुसार अग्निवीर जिस श्रेणी का होगा, उसे उसी श्रेणी में समायोजित किया जाएगा। इसका खास ध्यान रखा जाएगा कि आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से आगे न बढ़े। दरअसल, 2026 के बाद के सेवा से बाहर आने वाले पूर्व अग्निवीरों को ही पुलिस में भर्ती होने पर आरक्षण प्रदान किया जाना है।

# शिकायतों के लिए गांवों में लगेंगी चौपाल

- गोंडा में शुरू की गई अनूठी पहल को पूरे प्रदेश में लागू करने की तैयारी
- डीएम की अगुवाई में अधिकारी फील्ड में जाकर सुन रहे समस्याएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोंडा जिला प्रशासन की अनूठी पहल पूरे प्रदेश में लागू करने की तैयारी है। इसके तहत ग्रामीण समस्याओं के स्थलीय समाधान के लिए ग्राम चौपाल लगेगी। ग्राम चौपाल के माध्यम से डीएम की अगुवाई में अधिकारी गांव पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे। मौके पर ही समस्याओं का समाधान होगा।

प्रशासन गांव की चौखट पर के मूलमंत्र के साथ यह कार्यक्रम गोंडा में 3 जून से शुरू हुआ है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने उन गांवों की पहचान की, जहां से बार-बार और सर्वाधिक शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इस वैज्ञानिक विश्लेषण के आधार पर ऐसे 40 ग्राम पंचायतों को चिन्हित किया गया, जो प्रशासनिक दृष्टि से अधिक संवेदनशील और शिकायत बहुल मानी गईं।

आईजीआरएस, समाधान दिवस, जनता दर्शन जैसे माध्यमों से प्राप्त बार-बार की शिकायतों को प्राथमिकता में लेते हुए चिन्हित गांवों में अफसरों की पूरी टीम के साथ समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शुरुआत के दिन पथवलिया, पिपरा पदुम, उमरा, पुरैनिया और दत्तनगर विशेन जैसे गांवों में डीएम खुद पहुंचीं। मौके पर ही समाधान सुनिश्चित कराया गया।

### ग्राम चौपाल क्यों है खास

- जन-जन तक शासन की पहुंच
- फील्ड में समाधान, कागजों में नहीं
- शासन-प्रशासन की जवाबदेही तय
- सक्रिय जन सहभागिता से पारदर्शिता
- शिकायत की केस-टू-केस समीक्षा

# पुलिस विभाग में महिलाकर्मियों की संख्या में होगी बढ़ोतरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश पुलिस में महिलाकर्मियों की संख्या में भी बढ़ोतरी होने वाली है। ऐसे में महिला पुलिसकर्मियों की संख्या लगभग 55 हजार हो जाएगी। दरअसल, निकट भविष्य में 24 हजार पदों पर होने वाली भर्ती में भी लगभग 3800 महिलाओं को खाकी पहनने का मौका मिलने जा रहा है।

इस क्रम में पीएसी की तीन नई महिला वाहिनियों में 2388 पद भरे जाने हैं, जबकि नागरिक पुलिस में भी सिपाही और उपनिरीक्षक के 20 प्रतिशत पदों पर महिलाओं को भर्ती होने का मौका मिलने वाला है। प्रदेश पुलिस में वर्तमान में लगभग 37 हजार महिलाएं हैं। इसमें से 35 हजार नागरिक पुलिस में हैं। सिपाही नागरिक पुलिस की भर्ती में भी बीते दिनों 12 हजार महिलाएं शामिल हुई हैं।

# जाति देखकर लिए जा रहे फैसले

- सपा प्रमुख ने अब्बास अंसारी की विधायकी रद होने को बताया राजनीतिक साजिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



प्रेस वार्ता करते अखिलेश यादव।

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अब्बास अंसारी की विधायकी रद होने को 'राजनीतिक साजिश' बताया। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में फैसले न्याय नहीं, बल्कि जाति देखकर लिए जा रहे हैं। अब्बास अंसारी की सदस्यता जानबूझकर रद की गई है। आरोप है कि सत्ता में बैठे कुछ लोग पद का इस्तेमाल कर निर्णय करवा रहे हैं। सपा से डीएनए मांगने वालों की सदस्यता क्यों नहीं जाती है, भाजपा सरकार में फैसले जाति-धर्म के आधार पर हो रहे हैं।

सपा प्रमुख शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉफ्रेंस संबोधित रहे थे। इस दौरान उन्होंने हाल ही में हुई कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति को लेकर कहा कि डीजीपी तो अच्छे दिखते हैं, लेकिन उन्हें उस सिस्टम से बाहर कैसे निकाला जाएगा, जो पहले से बिछाया गया है। हालात ये हैं कि यूपी में पुलिस ही पुलिस पर एफआईआर दर्ज करा रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो गया है। पुलिस प्रशासन से राजनीतिक दबाव में काम कराया जा रहा है। उसे भ्रष्ट कर दिया गया है।

## बसपा प्रमुख ने उठाया घरों को तोड़ने का मुद्दा



**अमृत विचार, लखनऊ :** दिल्ली में वर्षों से रह रहे गरीबों व मजदूरों के घरों को तोड़ने का मुद्दा बसपा ने सोशल मीडिया पर उठाया है। बसपा प्रमुख मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि गरीबों व मजदूरों के घरों को बिना पुनर्वास की व्यवस्था किये, तोड़ा जाना उचित नहीं, सरकार पहले इनके लिए पुनर्वास व वहां सभी जरूरी सुविधाएं देने का प्रबंध करके तब उन्हें हटाये।

## सार-संक्षेप

### अहमदाबाद में फार्मा रोड शो, मिले करोड़ों के निवेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने शुक्रवार को अहमदाबाद में उत्तर प्रदेश में फार्मास्यूटिकल सेक्टर में निवेश की संभावनाएं विषय पर भव्य रोड शो का आयोजन किया। इस दौरान फार्मा और हेल्थकेयर क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के साथ कई अहम निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए, जो राज्य की औद्योगिक प्रगति को नई गति देंगे। यूपीसीडा द्वारा ललितपुर में 1,472.33 एकड़ क्षेत्र में बल्क ड्रग फार्मा पार्क विकसित किया जा रहा है, जिसमें 250 करोड़ का प्रारंभिक निवेश प्रस्तावित है। इस परियोजना से लगभग 12000 करोड़ का कुल निवेश और 14000 प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन की संभावना है। रोड शो के दौरान सीएसएल लाइफसाइंसेज प्रालि. ने 200 करोड़ के निवेश से बोतल और ओएसडी प्लांट स्थापित करने का प्रस्ताव दिया, जिससे 250 से अधिक रोजगार सृजित होंगे। मेडीहेल्थ डायग्नोस्टिक प्रालि. ने ललितपुर में 4200 वर्ग मीटर क्षेत्र में हेल्थकेयर यूनिट स्थापित करने की घोषणा की। गमन इर्रैडिएशन ने 35 करोड़ के निवेश से स्किन ट्रीटमेंट और इर्रैडिएशन यूनिट की स्थापना का निर्णय लिया, जिससे 150 लोगों को रोजगार मिलेगा। ओबमेड फार्मा ने भी 200 करोड़ के निवेश से फार्मुलेशन यूनिट स्थापित करने का वादा किया, जिससे 100 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।

### बैंकाक में यूपी टूरिज्म की इंटरनेशनल ब्रांडिंग की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग 26 से 28 अगस्त तक बैंकॉक में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन (पीएटीए) में अपनी भव्य उपस्थिति दर्ज कराने की तैयारी में जुट गया है। यह आयोजन प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों और निवेशकों के लिए एक आकर्षक टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में पेश करेगा, जिससे प्रदेश की पर्यटन क्षमता और अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां मिलेंगी। पर्यटन विभाग 36 वर्ग मीटर के शानदार स्टॉल के माध्यम से राज्य की अनूठी छटा प्रदर्शित करेगा। यहां बौद्ध सर्किट जैसे सारनाथ, कुशीनगर और श्रावस्ती, साथ ही आध्यात्मिक और ऐतिहासिक स्थल जैसे वाराणसी, अयोध्या और महाकुम्भ को प्रमुखता दी जाएगी। स्टॉल में एलईडी वॉल स्क्रीन और ऑटो-नेविगेशन स्क्रीन पर राज्य के पर्यटन स्थलों की जीवंत छवियां प्रदर्शित की जाएंगी। योगी सरकार बैंकॉक में एक दिन के अंतरराष्ट्रीय रोडशो का आयोजन भी करेगी। रोडशो में 100 से अधिक स्टेक होल्डर्स प्रतिभाग करेंगे।

### निजीकरण के विरोध में लखनऊ में महापंचायत 22 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र. ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में चल रहे संघर्ष में किसानों और आम उपभोक्ताओं को साथ जोड़ने निर्णय लिया है। संघर्ष समिति 22 जून को लखनऊ में किसानों, आम उपभोक्ताओं और बिजली कर्मियों की संयुक्त महापंचायत बुलाई है, जिसमें निजीकरण रद्द कराने के लिए आंदोलन का ऐलान किया जाएगा।

### कैलाश मानसरोवर जाने वाले श्रद्धालुओं का पड़ाव होगा गाजियाबाद

**अमृत विचार, लखनऊ :** पांच साल बाद फिर से शुरू होने वाली कैलाश मानसरोवर में जाने वाले श्रद्धालुओं का ठहराव गाजियाबाद में होगा। यह जिम्मेदारी केंद्र द्वारा राज्य सरकार को मिली है। इसके लिए राज्य सरकार के निर्देश पर उप्र. राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। श्रद्धालुओं को गाजियाबाद इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन में चार दिन और वापसी में एक दिन ठहराया जाएगा। इस बार देश भर से 750 श्रद्धालुओं ने यात्रा के लिए पंजीकरण कराया है। गाजियाबाद से 15 जून को 50 श्रद्धालुओं का पहला समूह सिक्किम रवाना किया जाएगा। यात्रा का समापन 25 अगस्त को होगा।

# 1,59,759 कार्मिकों ने नहीं भरा स्व मूल्यांकन, शासन सख्त

## 10 तक वर्क फ्लो विवरण व 15 जून तक स्व मूल्यांकन का आखिरी मौका

- एसीएस से लेकर डीएम तक को कार्मिकों का ब्योरा दर्ज कराने का निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बार-बार मौका दिए जाने के बाद भी 159759 कार्मिकों ने अपना ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर नहीं भरा है। शासन ने एसीएस से लेकर डीएम तक को पत्र लिखकर कहा है कि क, ख, ग और घ श्रेणी के सभी कार्मिक 10 जून तक वर्क फ्लो जेनरेशन व 15 जून तक स्व मूल्यांकन आख्या नहीं भरते हैं तो, शून्य मंतव्य के साथ एपीएआर व मूल्यांकन आगे आटो फारवर्ड हो जाएगा।

राज्य सभी 8,16,282 कार्मिकों को वर्ष 2024 में अपना काम-काज और स्व मूल्यांकन आख्या पोर्टल पर भरना अनिवार्य किया गया है। हालांकि मानव संपदा पोर्टल पर वर्ष 2023-24 में पहले सिर्फ समूह 'क' व 'ख' श्रेणी के कर्मियों के लिए यह अनिवार्य था, इस साल से समूह 'ग' व 'घ' कर्मियों को भी देना जरूरी कर दिया गया है। समूह घ के कर्मचारियों की आख्या उनके नियंत्रक अधिकारी भरेंगे। इस संबंध में वार्षिक प्रविष्टि मानव संपदा पोर्टल पर ऑनलाइन दाखिल करने के संबंध में नए दिशा निर्देश मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने जारी किए थे। 3 अगस्त, 2023 को जारी शासनादेश में राज्य कर्मचारियों की नियुक्ति, कार्यभार ग्रहण, कार्यमुक्ति, अवकाश प्रबंधन, मेरिट बेस्ड ऑनलाइन ट्रांसफर, वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीआर) प्रबंधन, वेतन आहरण, सेवा पुस्तिका प्रबंधन मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से संपादित करने के निर्देश दिए गए थे। वर्ष 2024-25 के लिए इसे 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से ऑनलाइन शुरू कर दिया गया। समूह 'क', 'ख' व 'ग' के अधिकारियों व कर्मियों द्वारा स्वमूल्यांकन आख्या 31 मई तक मानव संपदा पोर्टल पर उपलब्ध करानी थी। हालांकि समूह 'घ' के कर्मियों द्वारा स्व मूल्यांकन आख्या प्रस्तुत नहीं की जाएगी। उनके नियंत्रक अधिकारी द्वारा उनकी वार्षिक प्रविष्टियां अंकित होंगी।

ताजा शासनादेश में शासन ने सख्त निर्देश जारी करते हुए सभी एसीएस, प्रमुख सचिव, सचिव, सभी विभागाध्यक्ष, मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों से कहा है कि राज्य कर्मचारी समूह क, ख, ग और घ को वर्क फ्लो जेनरेशन हर हाल में 10 जून तक और स्व मूल्यांकन आख्या 15 जून तक दर्ज कराएं। जिन कार्मिकों का वर्क फ्लो जेनरेशन 5 जून तक हो गया है, उन्हें 10 जून तक ही स्व मूल्यांकन आख्या देनी होगी।

### बार-बार आदेश के बावजूद भी नहीं दीं प्रविष्टियां

बार-बार आदेश के बावजूद 7 मई तक 2,75,300 लोगों के स्व मूल्यांकन आख्या, प्रतिवेदक, समीक्षक स्वीकर्ता अधिकारी के मंतव्य अंकन लंबित थे। विभागों की ओर से कहा गया कि 15 मार्च बीत जाने के बाद पोर्टल लॉक है, लंबित प्रविष्टियों का अंतिमीकरण नहीं हो पा रहा है। जवाब में 20 मई को जारी शासनादेश में पोर्टल का लॉक खोल दिया गया। 25 मई तक सभी को प्रविष्टियां दर्ज करने के निर्देश दिए गए। इसके बावजूद लापरवाही सामने आने पर फिर 2 जून की समीक्षा में मात्र 5,38,945 कार्मिकों की ओर से अपनी प्रविष्टियां और वर्क फ्लो जनरेट कराया पाया गया। अगली तिथि 5 जून तक भी यह आंकड़ा मात्र 6,56,523 तक ही पहुंचा है।

# 16 लेखपाल निलंबित दो को प्रतिकूल प्रविष्टि

- शिकायतों के निस्तारण में खराब प्रदर्शन पर कार्रवाई
- प्रयागराज की अबतक की सबसे खराब रैंकिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** जनशिकायतों को लेकर बेपरवाह प्रयागराज के 16 लेखपालों पर गिरी गाज से पूरे राजस्व विभाग में हड़कंप है। आईजीआरएस पोर्टल पर आयीं शिकायतों के निस्तारण में सबसे खराब प्रदर्शन करने के कारण राज्य सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। शासन ने दो लेखपालों को प्रतिकूल प्रविष्टि भी दी है, साथ ही मुख्यमंत्री की ओर से संदेश दोहराया गया है कि जनशिकायतों पर लापरवाही बरती तो नौकरी से बर्खास्त किया जा सकता है।

दरअसल, आईजीआरएस पोर्टल के जरिए निस्तारित होने वाली शिकायतों के आधार पर योगी सरकार जिलों की रैंकिंग तय करती है। इस बार आईजीआरएस पोर्टल की रैंकिंग में प्रयागराज का नंबर 75 आया है। यह अब तक की सबसे खराब रैंकिंग हैं। जिले की रैंकिंग जनवरी में 66, फरवरी में 72, मार्च में 74 और अप्रैल व मई में लगातार 75वीं रही, जो कि प्रदेश में सबसे नीचे है। स्थानीय जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, तहसीलवार शिकायतों की समीक्षा के बाद हर तहसील से दो-दो लेखपालों को चिह्नित किया गया, जिनकी प्रगति अत्यंत खराब पाई गई। इन सभी पर शिकायतों को गंभीरता से न लेने, समय से समाधान न करने, बैठकों से गैरहाजिर रहने जैसे आरोप हैं।




# 94 ईदगाह, 1210 मस्जिदों के आस-पास सुरक्षा के कड़े इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बकरीद पर सुरक्षा के लिए चार जोन और 18 सेक्टरों में बांटा गया शहर
- नमाज स्थलों की ड्रोन से की जाएगी निगरानी, सोशल मीडिया पर भी नजर

**अमृत विचार:** बकरीद पर शहर की 94 ईदगाह और 1210 मस्जिदों के आस पास सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। शहर को चार जोन और 18 सेक्टर में बांटकर 6 डीसीपी की देखरेख में भारी भरकम पुलिस फोर्स तैनात की गई है। संवेदनशील और अति संवेदनशील स्थलों 14 कंपनी पीएसी व एक कंपनी आरएएफ लगाई गई है।

जेसीपी कानून व्यवस्था बबलू कुमार ने बताया 64 अति संवेदनशील स्थल चिह्नित किए गए हैं। पुलिस, पीएसी, एआरएफ के अलावा एंटी सेबोटाज, मोबाइल कल्स्टर, 50 क्यूआरटी और पुलिस कंट्रोल रूम 112 की गाड़ियां पेट्रोलिंग के लिए लगाई गई हैं। ऐशबाग ईदगाह, टीले वाली मस्जिद और बड़े इमामबाड़े के आसपास सीसी कैमरे लगाए गए हैं। ड्रोन से नमाज स्थलों की निगरानी की जाएगी। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी की जा रही है। आपत्तिजनक पोस्ट डालने और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को तत्काल गिरफ्तार कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### इतना फोर्स लगाया गया

6 डीसीपी, 10 एडीसीपी, 21 एसीपी, 52 इंस्पेक्टर, 101 अतिरिक्त इंस्पेक्टर, 922 दारोगा, 48 महिला दारोगा, 894 मुख्य आरक्षी, 3375 सिपाही, 965 महिला सिपाही, 922 होमगार्ड, 14 कंपनी पीएसी और एक कंपनी आरएएफ तैनात की गई है।

जेसीपी ने बताया कि प्रतिबंधित पशुओं और खुले व सार्वजनिक स्थलों पर कुर्बानी करने वालों और मांस के टुकड़े आदि इधर उधर फेंकने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। पशुओं के अवशेष नगर निगम के डस्टबिन में ही डाले जाएं। नगर निगम की टीम भी तैनात रहेगी।


बकरीद के मद्देनजर शाहनाजफ इमामबाड़ा गेट पर गश्त करती पुलिस। अमृत विचार

## प्रतिबंधित पशुओं की बिक्री पर लगे रोक

**अमृत विचार, लखनऊ:** अखिल भारतीय हिन्दू महासभा के प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी ने प्रतिबंधित पशुओं की बिक्री, परिवहन और वध पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बकरीद पर गोकशी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भारतीय गौ सेवा परिषद और भारतीय किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने भी बकरीद पर अवैध पशु वध और कुर्बानी पर सख्त निगरानी रखी जाए। प्रतिबंधित पशुओं की बिक्री, परिवहन और वध पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया जाए। गोवध में लिप्त दोषियों के खिलाफ तत्काल कठोर कानूनी कार्रवाई हो।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

### अमृत विचार आपके द्वार

''अमृत विचार आपके द्वार'' की टीम रविवार 10 :00 बजे टीम फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्ड राम विहार कॉलोनी के मौर्या काप्लेक्स में लोगों की समस्याएं जानने के लिए पहुंचेगी। स्थानीय लोग और व्यापारी टीम के समक्ष अपनी समस्याएं साझा कर सकते हैं। आपकी समस्याओं को अखबार प्रमुखता से उठाएगा।

### मौसम

आसमान साफ रहेगा और तापमान बढ़ने की संभावना है।

| 38.7⁰ | 24.8⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

### शहर में आज



- ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम व स्वास्थ्य पर कार्यशाला– 7 :00 बजे।
- आशियाना स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया लॉ कॉलेज के प्रेक्षागृह में मत्स्य पालकों की मंडलीय संगोष्ठी– 10 :00 बजे।

## एक नजर

### आज खुला रहेगा प्राणि उद्यान

**अमृत विचार, लखनऊ:** नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान (चिड़ियाघर) सोमवार को बकरीद पर दर्शकों के लिए खुला रहेगा। प्राणी उद्यान की निदेशक अदिति शर्मा ने बताया कि अवकाश पर दर्शकों की मंशा को देखते हुए प्राणी उद्यान को खोलने का निर्णय लिया गया है।

### माध्यमिक विद्यालयों में बनेंगे ईको क्लब

**अमृत विचार, लखनऊ:** माध्यमिक परिषद के विद्यालयों में ईको क्लब बनाया जाएगा। जुलाई तक गठित होने वाले इस क्लब में विद्यार्थियों को क्यूआर कोड के माध्यम से वनस्पतियों की जानकारी मिल जाएगी। इससे विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों को काफी सहूलियत होगी। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताय कि पर्यावरण संरक्षण और उसके स्थायी विकास के लिए छात्र-छात्राओं को ईको क्लब के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। बच्चों को पौधे लगाना, स्वच्छता अभियान,प्राकृतिक संरक्षण और बागवानी के प्रति जोड़ा जाएगा।

### सभी फुटकर खाद-बीज दुकानों की होगी जांच

**अमृत विचार, लखनऊ:** जिले की सभी फुटकर खाद-बीज दुकानों में छापा मारकर पीओएस मशीन से बिक्री व स्टॉक की जांच की जाएगी। गड़बड़ी मिलने पर लाइसेंस निरस्त करके रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। जिले में 500 से अधिक खाद व बीज के फुटकर विक्रेता हैं। सभी की जांच कराई जाएगी। इन्हें कब कितनी खाद व बीज आवंटित हुए, कितनी बिक्री की, किसे बेचा गया और मौके पर कितना स्टॉक है, यह पीओएस मशीन से जांचा जाएगा। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने ब्लॉक वार टीम गठित हैं। ये टीमें अचानक छापा मारकर जांच करेंगी और गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### जागरूकता अभियान का समापन

**अमृत विचार, लखनऊ:** आरडीएसओ में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित दो-सप्ताहीय जागरूकता अभियानका समापन समारोह संस्थान के नए ऑडिटोरियम में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर महानिदेशक/आरडीएसओ, उदय बोरवणकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में संयुक्त निदेशक/स्थापना ने स्वागत भाषण देते हुए अभियान की प्रमुख गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया तथा पर्यावरणीय संरक्षण के महत्व और उसकी वर्तमान प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

# मुठभेड़ में ढेर दरिंदे ने कई बच्चियों को बनाया था शिकार

## जागरण में झांकियां सजाने को साथ ले जाता था बच्चियां, बलवा व जान से मरने की धमकी समेत दो मामले हैं दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे बच्ची से दुष्कर्म करने वाले दरिंदा पहले भी कई बच्चियों के साथ गलत काम कर चुका था। बदनामी के डर से किसी बच्ची के परिजन ने पुलिस में शिकायत नहीं की, इससे आरोपी की हिम्मत बढ़ती चली गई। आरोपी पर बलवा, मारपीट समेत दो और मामले दर्ज हैं।

इंस्पेक्टर आलमबाग सुभाष चंद्र सरोज ने बताया कि बच्ची से दुष्कर्म करने वाले आरोपी दीपक वर्मा (24) की पहचान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई। उसके खिलाफ वर्ष 2024 में जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। उससे पहले 2021 में हजरतगंज कोतवाली में बलवा, मारपीट, धमकी समेत अन्य धाराओं में उसे आरोपी बनाया गया था। गुस्सैल प्रवृत्ति के दीपक से घरवाले भी ज्यादा बातचीत नहीं करते थे। वह बात-बात पर परिवार व लोगों से झगड़ने लगता था। इंस्पेक्टर ने बताया कि जांच में पता चला कि दीपक जागरण में झाकियां सजाने का काम करता था। झांकियों में छोटी बच्चियों को ले जाता था।

इस दौरान बच्चियों के साथ गलत काम किया था। आरोपी स्कूटी से रात में घूमता और आपराधिक वारदात करता था। यही नहीं दीपक अक्सर अघोरी जैसे वेश में दिखता था। पुलिस को मिली कई तस्वीरों में वह अघोरी वेशभूषा में नजर आया है। वह आमतौर पर शाम 6 बजे घर से निकलता और सुबह 5 बजे से पहले नहीं लौटता था। कई बार जीजा के साथ फल के कारोबार में मजदूरी करता था।



मुठभेड़ के बाद घटना स्थल पर जांच करते फोरेंसिक टीम के सदस्य और पड़ी आरोपी की स्कूटी।

### दुष्कर्म करने के बाद ढाई घंटे आलमबाग के आसपास घूमता रहा था आरोपी

आलमबाम मेट्रो स्टेशन के नीचे ढाई साल की मासूम से दुष्कर्म के बाद आरोपी दीपक वर्मा स्कूटी से करीब ढाई घंटे तक आलमबाग और आसपास घूमता रहा। वारदात का 4 मिनट 24 सेकेंड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसी के आधार पर पुलिस ने 24 घंटों के अंदर दरिंदे की पहचान कर कार्रवाई की। वायरल वीडियो में दरिंदगी की पूरी वारदात कैद है। वीडियो आलमबाग मेट्रो स्टेशन परिसर में लगे सीसी कैमरे में कैद हुआ। सीसी फुटेज में आरोपी दीपक वर्मा तीन बार मेट्रो स्टेशन के आसपास चक्कर लगाते दिखा। 4 जून की देर रात करीब 3 बजे दीपक वर्मा सफेद रंग की स्कूटी से पहुंचा। सड़क किनारे स्कूटी खड़ी कर वह तेज चाल में सफेद टीशर्ट पहने लिफ्ट के पास पहुंचता है। उसने एक-दो बार लिफ्ट के पास पहुंचकर बटन दबाए। रेकी करके उसने देखा कि बच्ची के माता-पिता गहरी नींद में हैं। उसके बाद हाथ ऊपर कर अंगड़ाई ली। फिर 50 मीटर दूर खंभे के पास सो रहे बच्ची के माता-पिता के पास गया। सड़क से गाड़ियां गुजर रही हैं। इस बीच बच्ची को गोद में उठाकर तेज चाल में लिफ्ट के पास पहुंचा और मुंह दबाकर दरिंदगी की। खून से लथपथ तड़पता छोड़कर भाग गया। इसके बाद वह कई अन्य जगह भी सीसी फुटेज में दिखा। सीसी फुटेज में पुलिस को स्कूटी का नंबर भी मिल गया था।

### पुलिस पेट्रोलिंग पर उठे सवाल

बच्ची के साथ दरिंदगी की आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे हुई। जबकि यहां अक्सर चहल-पहल रहती है। मासूम बच्ची को अगवा कर रेप की घटना ने पुलिस की पेट्रोलिंग पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोपी ने बच्ची को जहां से अगवा किया, उसके आस-पास पिंक बूथ सहित तीन चौकियों मौजूद हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस सही से पेट्रोलिंग कर रही होती तो आरोपी ऐसी वारदात करने की हिम्मत नहीं उठा पाता।


मुठभेड़ के बाद अधीनस्थों से जानकारी लेते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

### रिलीफ फंड के लिए खुलवाया खाता, निःशुल्क इलाज

एसीपी महिला अपराध सौम्या पांडेय ने बताया कि दुष्कर्म पीड़िता रिलीफ फंड के लिए बच्ची का बैंक में खाता खुलवा दिया गया है। जल्द से जल्द उसमें फंड ट्रांसफर कराया जाएगा। इसके साथ ही बच्ची के नि:शुल्क इलाज, उनके परिजन के रहने और खाने की व्यवस्था भी पुलिस-प्रशासन की ओर से की जा रही है। हर संभव हम बच्ची और उसके परिवार की मदद में लगे हैं। किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं होगी।

### सुबह परिवार को दी एनकाउंटर की सूचना

शुक्रवार दोपहर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे दीपक के पिता राधेश्याम और मां चुप्पी साधे किनारे बैठे रहे। मीडियाकर्मियों के पूछने पर कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया। बेटे की करतूत पर वे अपना मुंह छिपाते रहे। राधेश्याम ने सिर्फ इतना बोला कि उन्हें कुछ भी नहीं पता है। दीपक ने क्या किया? सुबह पुलिस ने फोन कर दीपक के एनकाउंटर की सूचना दी। जिसके बाद उन्हें जानकारी हुई। दोपहर डॉक्टरों के पैनल ने वीडियोग्राफी में दीपक के शव का पोस्टमार्टम किया। दोपहर बाद दीपक का शव परिवार के सुपुर्द कर दिया गया। परिजन ने शव का अंतिम संस्कार गुलाला घाट पर किया।

### दीपक ने बड़े भाई से छीन ली थी स्कूटी

मुठभेड़ में मारा गया दीपक चार भाई-बहनों में सबसे छोड़ा था। उसकी बड़ी बहन गुजरात और छोटी बहन लखनऊ में रहती है। बड़ी बहन ने दो साल पहले स्कूटी खरीदकर बड़े भाई विष्णु को दी थी। विष्णु मजदूरी व फल बेचने का काम करता है। विष्णु इसी स्कूटी से अपने काम काज करता था। दबंग दीपक अक्सर घर में भी मारपीट करता रहता था। उसने कुछ दिन पहले ही बड़े भाई से मारपीट कर स्कूटी छीन ली थी।

# मेडिकल स्टोर का संचालक बना रहा था मिलावटी शराब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सरगना समेत तीन गिरफ्तार 641 बोतल शराब बरामद

**अमृत विचार:** मड़ियांव पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम ने राजधानी में मिलावटी शराब बनाने और बेचने वाले गैंग के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 641 बोलत शराब, 4566 नकली क्यूआर कोड, एक कार व अन्य सामान बरामद किया गया है। गिरोह का सरगना मेडिकल स्टोर संचालक चण्डीगढ़ से तस्करी कर शराब लाकर यहां मिलावट आसपास के जिलों में बेचता था।

एसीपी अलीगंज धर्मेंद्र रघुवंशी ने बताया कि गुरुवार रात चेकिंग के दौरान पुलिस ने यादव चौराहे के पास कार सवार संदिग्धों को रोका। तलाशी लेने पर कार में शराब की पेटियां मिली।

कार में डालीगंज निवासी मेडिकल स्टोर संचालक विशाल जायसवाल, मड़ियांव निवासी ऑटो ड्राइवर अजय जायसवाल और गुडंबा के कल्याणपुर निवासी कैब ड्राइवर पंकज सिंह सवार थे। कार में करीब 641 शराब की बोतलें मिली हैं, जिन पर फर्जी क्यूआर कोड लगा कर बेचा जाता था। विशाल गिरोह का सरगना है। इंस्पेक्टर ने बताया कि हरियाणा और चंडीगढ़ से तस्करी कर शराब लाई जाती थी। विशाल कई लोगों की मदद से शराब में मिलावट कर खाली बोतलों में भरवाता था। मिलावटी शराब की बोतलों पर फर्जी क्यूआर कोड लगाए जाते हैं।

जिससे बोतल असली लगे। सीतापुर पुलिस ने 9 अक्टूबर अक्टूबर 2024 को विशाल को उसके चार साथियों के साथ जेल भेजा था।

जमानत पर छूटने के बाद वह दोबारा से मिलावटी शराब बनाने का काम करने लगा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


पुलिस गिरफ्त में नकली शराब बनाने के आरोपी और बरामद सामान। अमृत विचार

### शांति भंग में तीन गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** इटौंजा थाना के चकपृथ्वीपुर में थाने में विवाद कर रहे तीन युवकों को पुलिस ने शांति भंग शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर इटौंजा मार्कंडेय यादव ने बताया कि चकपृथ्वीपुर निवासी अमरेश कुमार, मोतीलाल व कमल कुमार पहले किसी विवाद के चलते स्थानीय थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने को लेकर शुक्रवार को आपस में विवाद कर रहे थे। शांति भंग कर रहे तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# लखनऊ होकर चलेगी जोधपुर-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जयपुर की ओर जाने वाली नियमित ट्रेनों में आरक्षित सीट उपलब्ध न होने के कारण रेल प्रशासन यात्रियों की सुविधा के लिए जोधपुर-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचलन जोधपुर से 12 से 26 जून तक किया जाएगा।

ट्रेन नम्बर-04829 जोधपुर-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक स्पेशल 12 से 26 जून तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को जोधपुर से चलेगा। ट्रेन शाम 4.15 बजे जोधपुर से प्रस्थान कर मेड़ता रोड, डेगाना, छोटी खाटू, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ़, रतनगढ़, चूरू, सादुलपुर, दूसरे दिन लोहारू, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी, गुड़गांव, दिल्ली छावनी, दिल्ली, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली होते हुए दोपहर 2.30 बजे लखनऊ पहुंचेगी।

यहां से अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, मनकापुर, बस्ती, खलीलाबाद होकर गोरखपुर रात 8: 50 बजे पहुंचेगी। वापसी में 04830 गोरखपुर-जोधपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक स्पेशल 13 से 27 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को गोरखपुर से रात 11.25 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह 6:05 बजे लखनऊ पहुंचेगी।

यहां से चलकर तीसरे दिन तड़के 04.00 बजे जोधपुर पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 10, साधारण द्वितीय श्रेणी के 02 तथा एस.एल. आर./डी. के 02 कोचों सहित 20 कोच लगाए जाएंगे।

## बनारस-लखनऊ इंटरसिटी उतरेटिया पर रुकेगी

**अमृत विचार लखनऊ:** चारबाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-4 एवं 5 पर ब्लाक दिए जाने के कारण बनारस-लखनऊ इंटरसिटी को शार्ट टर्मिनेशन एवं शार्ट ओरिजिनेशन किया जाएगा। बनारस से 8 जून से 09 जुलाई, तक चलने वाली 15107 बनारस-लखनऊ एक्सप्रेस लखनऊ के स्थान पर उतरेटिया स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी उतरेटिया से लखनऊ के मध्य निरस्त रहेगी। लखनऊ से 8 जून से 9 जुलाई तक चलने वाली 15108 लखनऊ-बनारस एक्सप्रेस लखनऊ के स्थान पर उतरेटिया स्टेशन से चलाई जाएगी।

# डीपीओ को कारण बताओ नोटिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की प्रगति खराब मिलने पर हुई कार्रवाई

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में लखनऊ व उन्नाव की प्रगति खराब मिलने पर मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने नाराजगी जताई। इस लापरवाही पर दोनों जिलों के जिला प्रोबेशन अधिकारी (डीपीओ) को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

शुक्रवार को मंडलायुक्त ने आयुक्त कार्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। पोषण अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, वन स्टॉप सेंटर, आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, कुपोषण उन्मूलन एवं महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण कार्यक्रमों की प्रगति जानी। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की प्रगति लखनऊ व उन्नाव में लक्ष्य के सापेक्ष खराब मिली। इस पर डीपीओ लखनऊ और उन्नाव के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास में रायबरेली को 5वीं रैंक

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में रायबरेली ने प्रदेश में 5वीं व लखनऊ ने 11वीं रैंक हासिल की है। शुक्रवार को मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने अपने कार्यालय में प्रगति पर संतोष जताया। साथ ही नई परियोजनाओं और प्रशिक्षण संस्थाओं से समन्वय बनाने पर जोर दिया।मंडलायुक्त ने उद्योग विभाग द्वारा संचालित रोजगारपरक योजनाओं में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार, एक जनपद एक उत्पाद मार्जिन मनी ऋण योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, विश्वकर्मा टूलकिट योजना व ओडीओपी टूलकिट योजना की समीक्षा की। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा में प्रदेश स्तर पर रायबरेली की 5वीं रैंक व लखनऊ की 11वीं रैंक होने पर सन्तुष्टि जताई।

**मनमानी** — मंडलायुक्त के निर्देश के बाद भी डीएम कार्यालय की तरफ बसों का आवागमन जारी

# सड़क पर सवारियां भरतीं रोडवेज बसें, लग रहा जाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कैसरबाग चौराहा शहर के व्यस्त चौराहों में से एक है। लेकिन यहां से निकलना एक टेढ़ी खीर है। कारण यह है कि रोडवेज बसें बस अड्डे के बजाय सड़कों से सवारियों उतार-चढ़ा रही हैं। इससे दिनभर विकराल जाम की समस्या बनी रहती है।

कई बार मंडलायुक्त और डीएम के निर्देशों के बाद भी डीएम कार्यालय की तरफ से बसों का आवागमन जारी है। न इन्हें कोई रोकने वाला और न कोई टोकने वाला। रोडवेज बस चालक जहां मन आता है वहीं बस को खड़ा कर सवारी उतारना और बैठाना शुरू कर देते हैं।

कलेक्ट्रेट मार्ग पर हाईकोर्ट बीएसएनएल चौराहे तक कई बड़े राजस्व विभाग के कार्यालय हैं। हाईकोर्ट के बाहर और सामने स्वास्थ्य भवन है। इस पर दिनभर जाम के हालात बने रहते हैं। इस मार्ग पर आवागमन का भारी दबाव रहता है।

एआरएम कैसरबाग योगेंद्र ने कहा कि कलेक्ट्रेट मार्ग पर बसें प्रतिबंधित है। इसके लिए नारी शिक्षा निकेतन पर कर्मचारी भी नियुक्त किया गया है।

कुछ बसें ऐसी हो सकती है जिनको रूट की जानकारी न हो वही इस मार्ग से निकलती हैं। बसों को सड़क पर खड़ा न करने के लिए बस चालकों को सख्त निर्देश दिये गए हैं।


कैसरबाग बस अड्डा चौराहे पर सवारियां बैठाता रोडवेज बस का चालक। अमृत विचार

## तेज धूप ने लोगों को किया परेशान

**अमृत विचार लखनऊ:** लखनऊ में शुक्रवार सुबह से मौसम साफ बना रहा। तेज धूप निकली और चिलचिलाती धूप ने लोगों को परेशान किया। मौसम विभाग के अनुसार 11 जून से प्री मानसून की बारिश होने की संभावना है। शुक्रवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान 38.7 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 1.0 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री रहा। यह सामान्य से1.8 डिग्री कम रहा। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ और पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपर बनी द्रोणी के पूर्व की ओर खिसकने से 6 जून से बारिश का सिलसिला थम जाएगा। अगले 4-5 दिनों तक कोई प्रमुख सिस्टम सक्रिय नहीं होगा।

# पांच अवैध प्लाटिंग पर चला एलडीए का बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने शुक्रवार को अवैध निर्माण पर बड़ी कार्रवाई की। गोसाईंगंज व बीकेटी में पांच अवैध प्लाटिंग बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दी।

टीम ने प्रवर्तन जोन-2 अंतर्गत सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र के हसनपुर खेवली में माइनर के किनारे प्रसाद, महावीर, शिव विशाल, भोला व अन्य द्वारा लगभग चार बीघा में अवैध प्लाटिंग पाई। गोसाईंगंज के मोहारी खुर्द में माइनर के किनारे लगभग तीन बीघा में संतोष अवस्थी व अन्य द्वारा प्लाटिंग करते हुए अवैध कालोनी विकसित करते पाया। दोनों प्लाटिंग का प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत न होने पर बुलडोजर से निर्माण ध्वस्त कर दिया।

इसी तरह प्रवर्तन जोन-4 के अंतर्गत बीकेटी के भवानीपुर चौराहे के पास लगभग 02 बीघा में गौरव सिंह व अन्य द्वारा प्लाटिंग, ग्राम बनौर में लगभग 4 बीघा में राम सिंह व अन्य द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग करके अवैध कालोनी विकसित करने पर ध्वस्त की गई। इसके अलावा रैथा रोड पर विश्रामपुर, जीआईडी कॉलोनी के पास रूपेन्द्र सिंह व अन्य द्वारा एक बीघा में की गई प्लाटिंग ध्वस्त की गई।

## एक नजर

### निकायों के अधिकार बढ़े

अमृत विचार, लखनऊ : नगर विकास के प्रमुख सचिव अमृत अभियान ने बताया कि नगर पंचायत को एक करोड़ और पालिका परिषद को दो करोड़ तक के काम स्वयं करा सकेंगे, जो कि अभी तक 40 लाख तक के काम ही अपने स्तर पर दे सकते थे। साथ ही बताया कि निकाय में संपन्न कार्य में गड़बड़ी पाए जाने पर 50 प्रतिशत की वसूली ठेकेदार व शेष अधिकारियों से होगी। नगर विकास प्रमुख सचिव ने बताया कि निकायों के अधिकार बढ़ाने के साथ ही गड़बड़ी पर वसूली की भी व्यवस्था की गई है, जिसमें 35 प्रतिशत अवर अभियंता, 10 प्रतिशत सहायक और पांच प्रतिशत अधिशासी अभियंता से वसूली होगी। उन्होंने बताया कि टाइल्स की सड़क केवल 3 .75 मीटर तक चौड़ी ही बनेगी। इससे ज्यादा है तो सीमेंट कंक्रीट की होगी। जल निकासी के काम में नगर निगम 10 करोड़ तक का काम कर सकेंगे। नगर निगमों की 50 लाख की सीमा बढ़ाकर 10 करोड़ की गई है।

### परिवार नियोजन समग्र विकास की बुनियाद : शर्मा

अमृत विचार, लखनऊ : स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा है कि परिवार नियोजन जनसंख्या नियंत्रण ही नहीं, समग्र विकास की बुनियाद भी है। इसके लिए हमें शिक्षा, पोषण, महिला सशक्तीकरण और स्वास्थ्य को एकीकृत दृष्टिकोण से देखना होगा। अंतरविभागीय समन्वय के बिना यह संभव नहीं है। प्रमुख सचिव शुक्रवार को निजी होटल में परिवार नियोजन एवं प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने के लिए आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

# भवन स्वामी ने मांगा 904 रुपये का हिसाब

## गृहकर के 8,990 रुपये जमा किए थे, नगर निगम ने 6,886 रुपये समायोजित किए और 1,200 रुपये ही शेष बताए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


नगर निगम के त्रिलोकीनाथ हॉल में शिकायतें सुनतीं महापौर सुषमा खर्कवाल व नगर आयुक्त गौरव कुमार। अमृत विचार


बढ़े गृहकर की समस्या बताने पहुंचे विनोद शुक्ला।

▶▶ संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 129 शिकायतों में टैक्स की 107 शिकायतें निस्तारित

**अमृत विचार :** नगर निगम के जीआईएस सर्वे में बीएसएनएल के एक सेवानिवृत्त अधिकारी के मकान का वार्षिक गृहकर 3,443 रुपये से बढ़ाकर 8,990 रुपये कर दिया गया। धनराशि जमा करने के बाद संशोधित कर 3,443 रुपये वार्षिक कर दिए गए। इस आधार पर जमा 8,990 रुपये में दो वर्ष का 6,886 रुपये गृहकर का भुगतान दिखा दिया गया। 2,104 रुपये बचने चाहिए, लेकिन 1,200 रुपये ही अभिलेख में चढ़ाए गए। शेष 904 रुपये कहां गया पता नहीं। इस पर बुजुर्ग ने नगर निगम प्रशासन को कठघरे में खड़ा कर हिसाब साफ करने लिए कहा है।

नगर निगम के त्रिलोकीनाथ हॉल में शुक्रवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनीं। इंदिरा नगर सेक्टर-सी निवासी बीएसएनएल के सेवानिवृत्त एजीएम विनोद शुक्ला ने शिकायतीपत्र देकर बताया कि उनका 2450 स्क्वायर फीट का मकान है। उसका वार्षिक गृहकर 3,443 रुपये है। वर्ष 2022-23 तक पूरा भुगतान हो चुका है। इसके बाद नगर निगम ने जीआईएस सर्वे कर गृहकर 8,990 रुपये कर दिया। आपत्ति दर्ज कराने पर पूर्ववत 3,443 रुपये किया गया। अब जमा किए गए कर में 904 रुपये हिसाब नहीं दिया जा रहा है। यही नहीं वार्षिक जलकर जमा किया जा चुका है। अब हर माह अलग से वसूले रहे हैं। यह कौन सा नियम है। इसके अतिरिक्त समाधान दिवस में कुल 129 शिकायतें आईं। इनमें सबसे अधिक 107 शिकायतें टैक्स विभाग की आई जिनमें से 100 फीसदी निस्तारित कर दी गईं।

### 216 से सात हजार हुआ गृहकर, सर्वे पर सवाल

**केस-1** हुसैनगंज लालकुआं से आए मोहसिन ने बताया कि उनका 480 स्क्वायर फीट में पुराना मकान बना है। इसका वार्षिक गृहकर 216 रुपये देते थे। जो बढ़ाकर सात हजार रुपये कर दिया। जीआईएस सर्वे में पारदर्शिता नहीं बरती गई।

### जोन में नहीं होती सफाई दिनरात जलती लाइटें

**केस- 2** शहर के बंगाली क्लब से आए स्वतंत्रता सेनानी अमित कुमार ने बताया कि उनके क्षेत्र में साफ-सफाई नहीं होती है। सफाई कर्मी नहीं आते हैं न ही जोनल अधिकारी आते हैं। धोबीघर के आसपास दिनभर लाइटें जलती हैं।

### दो बार बढ़ा गृहकर, चक्कर लगा रहे भवन स्वामी

**केस- 3** चंदर नगर से आए कांती प्रसाद ने बताया कि उनका 1500 स्क्वायर फीट मकान है। जिसका वार्षिक गृहकर 600 रुपये जमा करते थे। ये वर्ष 2021-22 में बढ़ाकर 2,398 कर दिया। आपत्ति दर्ज कराकर संशोधन कराया तो अब बढ़ाकर 4,860 रुपये कर दिया।

### 2010 से जमा नहीं किया गृहकर पहुंचा एक लाख से ऊपर

**केस- 4** बेलदारी लेन से आए राम चंद्र समाधान दिवस में चक्कर लगाते दिखे। बताया कि उनके मकान का वार्षिक गृहकर 350 रुपये था, जोकि 2010 तक जमा किया। इधर जीआईएस सर्वे में गृहकर बढ़ा दिया और बकाया व ब्याज समेत 1,07,174 रुपये पहुंच गया।

### सात घरों में नहीं आता पानी

**केस- 5** नगरिया ठाकुरगंज निवासी प्रेमचंद्रा ने बताया कि उनके घर के पास सड़क पर जलभराव है। इससे आने जाने में परेशानी होती है। गली में 2015 में सीवर लाइन बिछाई गई थी। तब से सात घरों की जलापूर्ति पूरी तरह से बंद है। सीवर लाइन व जलापूर्ति की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

# केजीएमयू में स्थापित होगा डेटा साइंस सेंटर हुआ समझौता

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू और इंडिया हेल्थ एक्शन ट्रस्ट (आईएचएटी) के बीच शुक्रवार को अत्याधुनिक डेटा साइंस सेंटर की स्थापना को लेकर करार हुआ। यह डेटा साइंस सेंटर केजीएमयू में स्थापित होगा। कुलपति कार्यालय के बोर्ड रूम में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता केजीएमयू कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने की। वहीं आईएचएटी के वरिष्ठ परियोजना निदेशक जॉन एंथनी ने समझौता पत्र पर दस्तखत किए। यूनिवर्सिटी ऑफ मैनिटोबा के डॉ. जेम्स ब्लैंचर्ड और डॉ. मारिसा बेकर ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह में भाग लिया। कुलपति ने बताया कि डेटा साइंस सेंटर की स्थापना कनाडा के मैनिटोबा विश्वविद्यालय के तकनीकी इनपुट से की जाएगी। डेटा साइंस सेंटर में दो प्रमुख पायलट परियोजना शुरू की जाएंगी। इसमें गर्भावस्था रेफरल विश्लेषण और खसरा की निगरानी की जाएगी। इससे मातृ स्वास्थ्य सेवाओं और वैक्सीन-निवारक रोग निगरानी में सुधार होगा। कुलपति ने बताया कि दूसरे चरण के तहत केंद्र शहरी स्वास्थ्य, कैंसर निगरानी जैसे अन्य प्राथमिकता वाले स्वास्थ्य क्षेत्रों पर अपना ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

Achievers Law College Of Lucknow
NARVADESHWAR LAW COLLEGE
Approvedby BCI & Lucknow University
15 PCS-J, 1 IPS, 22 GOLD, 1 Chancellor
ADMISSION OPEN
LL.B. 3YRS & 5YRS
BA, B.Com, BBA. MBA & D.PHARM. GNM(AYD)
Hostel & Placement Facility Available
Special Guidance For PCS-J Exam
Malhaur Road Chinhat, Gomti Nagar, Lko
www.narvadeshwar.org
9918132882, 945045458

# अमृतकाल और सेवा सुशासन अभियान शुरू

## 21 जून तक चलेगा अभियान, होंगे विविध कार्यक्रम, कार्यशाला आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


कार्यशाला को संबोधित करतीं अर्चना मिश्रा।

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत का अमृत काल एवं सेवा सुशासन और गरीब कल्याण पर केंद्रित अभियान की शुरुआत शुक्रवार से हो गई। अभियान को 21 जून तक व्यापक स्तर पर चलाए जाने के लिए भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, राज्यसभा सांसद बृजलाल, सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता अर्चना मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के जनकल्याण को समर्पित 11 वर्ष युग परिवर्तन का काल है। भाजपा सरकार के जनकल्याण को समर्पित कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पार्टी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें 9 जून को राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री गण प्रेस वार्ता करेंगे। 13 से 15 जून को मंडल स्तर पर अभियान चलाया जाएगा । 16 से 18 जून को शक्ति केंद्र स्तर पर चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 21 जून को प्रत्येक मंडल में योग शिविर के आयोजन के साथ विश्व योग दिवस को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि देश की जनता ने तीसरी बार मोदी सरकार को चुना है। यह सरकार लगातार 11 वर्ष से जनता की उम्मीदों और विश्वासों पर खरा उतर रही है। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम के बारे में विस्तार से दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। इसमें महानगर महामंत्री राम अवतार कनौजिया, सुधीर हलवासिया, घनश्याम अग्रवाल, सीता नेगी, जया शुक्ला, सतीश मिश्रा, विजय भुर्जी, राकेश सिंह, सहित महानगर पदाधिकारी, अभियान संयोजक, मंडल अध्यक्ष, मोर्चों के अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक सहित आईटी व सोशल मीडिया टीम के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लोहिया संस्थान में भर्ती होंगे नियमित डॉक्टर, मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● डॉक्टरों के साक्षात्कार की चल रही प्रक्रिया

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में संविदा के भरोसे चल रहे आठ विभागों में नियमित डॉक्टरों की तैनाती होगी। डॉक्टरों के साक्षात्कार की प्रक्रिया चल रही है।

संस्थान में कुल 41 विभाग हैं। जिनमें आठ विभागों में मरीजों का इलाज संविदा डॉक्टरों के भरोसे संचालित हो रहा है। नेत्र, गेस्ट्रो मेडिसिन, त्वचा, मानसिक, इंडोक्राइनोलॉजी, डेंटल, मेडिकल आंकोलॉजी व इंडोक्राइन सर्जरी विभाग में कोई नियमित डॉक्टर नहीं है। इसकी वजह से मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों की सहूलियतों के लिए डॉक्टरों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। करीब 320 पदों पर डॉक्टरों की भर्ती की जाएगी। जिनमें से 15 विभागों में साक्षात्कार पूरे हो चुके हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने बताया कि प्राथमिकता के आधार पर संविदा डॉक्टरों के भरोसे संचालित होने वाले विभागों में भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाएगी। नियमित डॉक्टरों की तैनाती का सीधा फायदा मरीजों को मिलेगा। डॉक्टर पूरी जिम्मेदारी से मरीजों को ओपीडी में देखेंगे। भर्ती करेंगे। शिक्षण कार्य को भी रफ्तार मिलेगी। शोध कार्य भी हो सकेंगे।

**कार्यालय सेनानायक द्वितीय वाहिनी पी0ए0सी0 सीतापुर**

पत्रांक: क–07/2025 दिनांक: जून 6, 2025

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है द्वितीय वाहिनी पीएसी सीतापुर के परिधान केन्द्र को जवानो के वर्दी कपड़ा आदि सुख सुविधा एवं अन्य कल्याणकारी कार्य हेतु मासिक किराये पर दिया जाना है जिसके लिए टेण्डर दिनांक 11.06.2025 को 1200 बजे किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार किसी भी कार्य दिवस में रू0 300.00 फीस जमा कर टेण्डर फार्म प्रधानलिपिक कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा रू0 5000.00 अर्नेस्ट मनी फार्म के साथ संलग्न कर प्रशासनिक कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में डाल कर टेण्डर में भाग ले सकते है। टेण्डर उसी दिन मेरे अथवा मेरे द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा खोले जायेंगे, जिसका टेण्डर प्रतिमाह रिवेट पर अधिक पाया जायेगा उसका टेण्डर स्वीकृत किया जायेगा। अधोहस्ताक्षरी को टेण्डर बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

सेनानायक
द्वितीय वाहिनी पीएसी सीतापुर

# गुडंबा सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

▶▶ कर्मचारियों के सोने के वीडियो हो रहे वायरल

**अमृत विचार :** ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं। स्वास्थ्य विभाग अधिकारी की सुस्ती का खामियाजा ग्रामीण मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। गुडंबा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में एक पुरुष का स्टोर रूम में सोते वक्त का वीडियो वायरल हुआ है। लेबर रूम में एक महिला के सोने का भी वीडियो वायरल हुआ है। हालांकि अमृत विचार वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। गुडंबा सीएचसी में अव्यवस्था हावी है।

बीते बुधवार को सीएचसी में स्टाफ नर्सों व डॉक्टर में नोकझोंक हुई। पीड़ित स्टाफ नर्सों ने सीएमओ डॉ. एनबी सिंह से दफ्तर आकर गुहार लगाई। इसके बावजूद अभी तक कुछ नहीं हुआ। शुक्रवार को लेबर व स्टोर रूम में एक महिला व पुरुष के सोते हुए वीडियो वायरल हुआ। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह का कहना है कि वीडियो काफी पुराना है। इसमें जिस पुरुष को सोते हुए दिखाया गया है वह सीएचसी कर्मचारी का बेटा है। वहीं महिला कर्मचारी है। सीएमओ का कहना है कि स्टाफ नर्स मिलने आई थीं। उनकी समस्या सुनी गई।

बाहरी व्यक्ति के स्टोर रूम में कैसे सो रहा था। इस संबंध में किसी भी कर्मचारी से पूछताछ तक नहीं हुई। आखिर किसकी इजाजत से कर्मचारी का बेटा स्टोर रूम में सो रहा था? यदि वहां कोई घटना हो जाती तो जिम्मेदारी किसकी होती है?

### बाहर से अल्ट्रासाउंड जांच कराने को मजबूर मरीज

सरकार ने गर्भवती महिलाओं को निजी डायग्नोस्टिक सेंटर में मुफ्त अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा मुहैया कराई है। लेकिन गुडंबा सीएचसी में गर्भवती महिलाओं को बाहर की जांच लिखी जा रही है। इस संबंध में सीएचसी प्रभारी डॉ. दीपक सिंह से बात करने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

# सुविधाएं और सम्मान दे सरकार जीएसटी और बढ़ेगी: कंछल

## व्यापारियों की मांगों पर भी ध्यान दे सरकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने जीएसटी कलेक्शन दो लाख करोड़ रुपये पहुंचने पर खुशी व्यक्त की है। यह कर संग्रह बढ़ोतरी व्यापारियों की मेहनत का फल है। सरकार व्यापारियों को सुविधाएं और सम्मान दे जीएसटी संग्रह और बढ़ेगा।

प्रांतीय प्रमुख कंछल ने कहा कि इसके लिए व्यापारियों की सुविधाओं की ओर सरकार को ठोस पहल करनी होगी। सुविधाएं बढ़ी तो आगामी एक दशक के दौरान जीएसटी पांच लाख करोड़ के आंकड़े को छू सकती है। इतना कर अदा करने के बावजूद भी हमारी केंद्र और प्रदेश सरकारें व्यापारियों को सुविधाएं, संरक्षण और सम्मान देने के लिए कोई योजना नहीं बना पा रही हैं, जबकि व्यापारी हितों के लिए भी सरकार को कोई योजना अवश्य बनानी चाहिए।

### प्रमुख मांगें

- ▶▶ जीएसटी में पंजीकृत व्यापारी का 50 लाख का स्वास्थ्य बीमा किया जाये। यदि व्यापारी पूर्ण स्वस्थ होगा तो वो ज्यादा टैक्स देने में समर्थ होगा।
- ▶▶ विभाग द्वारा जीएसटी पंजीकृत व्यापारी को आईडी कार्ड प्रदान किया जाये।
- ▶▶ प्रत्येक जनपद में सर्वाधिक कर देने वाले 10 व्यापारियों को सलाना सम्मानित किया जाए।
- ▶▶ जीएसटी में पंजीकृत व्यापारी को हर ट्रेन में पांच सीटों का आरक्षण दिया जाये।
- ▶▶ जीएसटी कार्यालय में पंजीकृत व्यापारी को विशेष सम्मान दिया जाए।
- ▶▶ जीएसटी विभाग के सर्वे-छापो पर पूर्णतया रोक लगायी जाये।
- ▶▶ विधान परिषद् और राज्यसभा में जीएसटी पंजीकृत व्यापारी के लिए 5 सीटें आरक्षित की जाएं।

### गोमाता को राष्ट्र माता घोषित करें

अमृत विचार, लखनऊ : ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगिराज ने सरकार से गो माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग की है। पिछले वर्ष ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने पूरे देश की यात्रा कर सभी मुख्यालयों पर गो ध्वज स्थापित कर गो माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग की थी।

**आवश्यकता है**

खुन–खुन जी गर्ल्स डिग्री कालेज, चौक, लखनऊ–226003,

**आवश्यकता है**

एम0ए0 (समाजशास्त्र) स्व वित्तपोषित योजना के अन्तर्गत पाठ्यक्रम में रिक्त सहायक आचार्य पद हेतु योग्यता एवं वेतनमान यू0 जी0सी0/ लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ /राज्य सरकार के मानक अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी बायोडाटा एवं शैक्षणिक प्रमाण–पत्रों की छायाप्रति एवं नवीनतम फोटोग्राफ सहित विज्ञापन की तिथि से 21 दिनों के अन्दर पंजीकृत डाक द्वारा महाविद्यालय को प्रेषित करें ।

प्राचार्या

**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना संख्या: ETender-GSU-TRD-L04-25-26
दिनांक: 05-06-2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/गतिशक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

**क्रम सं.-01,** कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में टेकनिवास यार्ड में एक रनिंग लाइन और एक रेक हैंडलिंग प्लेटफार्म (प्लेसमेंट के प्रतीक्षा समय को कम करने के लिये छपरा ग्रामीण के विकल्प/अतिरिक्त के रूप में) के साथ नये गुड्स शेड के प्रावधान के सम्बन्ध में 25 केवी ओएचई विद्युतीकरण कार्य। टेंडर रिफरेंश नं.: ETender-GSU-TRD-L04-25-26, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: ₹ 64,72,175.46, धरोहर राशि रूपया में: ₹ 1,29,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में: शून्य, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय: 27-06-2025 upto 14:45 Hrs., कार्य पूरा करने की अवधि: 06 माह।

- खुली ई–निविदा दिनांक 27-06-2025 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/गति शक्ति
मुजाधि/विद्युत–56 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# जन्मजात बीमारियों को लेकर न घबराएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ पीडियाट्रिक सर्जरी सप्ताह के तहत जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अमृत विचार :** बच्चों की जन्मजात बीमारियों को लेकर बहुत घबराने की जरूरत नहीं है। बल्कि समय रहते इलाज कराएं। कई बीमारियां दवाओं से ठीक हो जाती हैं। कुछ में ऑपरेशन की जरूरत पड़ती है। दवा से ठीक होने उम्मीद में बहुत अधिक समय नहीं गंवाना चाहिए। डॉक्टर की सलाह पर पीडियाट्रिक सर्जन से मिलकर इलाज कराएं। यह सलाह केजीएमयू पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. जेडी रावत ने दी।

शुक्रवार को ओपीडी में पीडियाट्रिक सर्जरी सप्ताह के तहत जन्मजात बीमारियों के प्रति जागरुकता कार्यक्रम हुआ। इसमें डॉक्टर, नर्स, तीमारदार व बच्चों को बीमारियों व बचाव के बारे में बताया गया।

डॉ. जेडी रावत ने कहा कि जन्मजात बीमारियों का 90 प्रतिशत कारण अनुवांशिक होता है। लिहाजा यदि एक बच्चे में दिक्कत हुई तो परिवार के सदस्यों के संजीदा हो जाना चाहिए। बाकी सदस्यों को डॉक्टर की सलाह पर जांच करानी चाहिए। वहीं भविष्य में पीड़ित बच्चे को भी अनुवांशिक जांचें करानी चाहिए। ताकि आने वाली पीढ़ी को गंभीर जन्मजात बीमारी से बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि बहुत से बच्चों का जन्म से शौच का रास्ता नहीं बना होता है। यूरीन का रास्ता भी सही जगह पर नहीं होता है। न्यूरल ट्यूब दोष, कटे होंठ तालू, दिल में सुराख समेत बहुत सी बीमारियां जन्म से शिशु को हो जाती हैं। समय पर इलाज से बीमारी को गंभीर होने से बचाया जा सकता है। बीमारियों से बच्चों को निजात भी दिलाई जा सकती है।

केजीएमयू पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग की ओपीडी सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को होती है। इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध रहती हैं। विभाग का हेल्पलाइन नम्बर 8004949013 पर बीमारियों के इलाज संबंधी जानकारी हासिल कर सकते हैं। यहां बेहद किफायती दरों पर बच्चों की गंभीर बीमारियों का इलाज हो रहा है।

# ठाकुरगंज अस्पताल में मिल रही कैशलेस इलाज की सुविधा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज टीबी संयुक्त अस्पताल में दीनदयाल कैशलेस योजना के तहत मरीजों का इलाज किया जा रहा है।

ठाकुरगंज अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि शिवपुरी पावर हाउस के पास रहने वाले गया बक्श सिंह (76) का दो साल पहले एक्सीडेंट हो गया था। उनकी जांघ (फीमर) की हड्डी टूट गई थी। परिवारीजनों ने उनका कई जगह इलाज करवाया। जिसके बाद हड्डी के बीच में गैप आ गया। करीब 10 सेमी. पैर भी छोटा हो गया। चलने में दिक्कत, दर्द होने पर वह वह दो साल से दवा खाते रहे। दर्द की दवाएं लगातार खाते रहने से उसका असर गुर्दे पर भी पड़ गया। करीब 15 दिन पहले परिवारीजनों ने ठाकुरगंज अस्पताल के आर्थोपेडिक डॉ. राजेश प्रजापति से ओपीडी में इलाज शुरू करवाया। तब डॉ. राजेश ने इलिजारोव तकनीक (हड्डी बढ़ाने का काम) से गैप भरने का ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद मरीज अभी भर्ती है। सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि मरीज का इलाज पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत निःशुल्क किया गया।

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**

मेरे पांच पुत्र क्रमशः प्रदीप कुमार, पिकू उर्फ आलोक, लालजी, रिंकू , शनि उर्फ सुमित हैं। जिनमें शनि उर्फ सुमित का चाल चलन ठीक नहीं है। वह अपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है और हम लोगों से अलग रहता है। उसके गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते मैंने व मेरे सभी पुत्रों ने उससे संबंध विच्छेद कर लिये हैं। मैंने उसे समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेन देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होगा– **मुन्नी देवी पत्नी राम आसरे, निवासी– बरौनाकलां, थाना –ऐरवाकटरा, तहसील –बिधूना, औरैया।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र SURENDRA KUMAR JC 675289M, Rank SUB/SKT के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम KUSHMA DEVI एवं जन्मतिथि 01.07. 1962 दर्ज है। जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम KUSUMA DEVI एवं सही जन्मतिथि 02.11.1961 है जो कि मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में भी अंकित है। KUSHMA DEVI एव KUSUMA DEVI दोनों मेरे ही नाम हैं। **कुसमा देवी पत्नी स्व0 अर्जुन निवासी–ई–1/750, विनय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ**

**सूचना**

मेरी एल आई सी पालिसी नंबर 276750937 में मेरा घरेलू नाम श्रीमती पत्नी राम सजीवन दर्ज है, जबकि आधार आदि अभिलेखों के अनुसार मेरा सही नाम **निशा पत्नी राम सजीवन नि0– ग्राम जगतपुर भिचकौरा पो0 बेहटा कला जिला रायबरेली** है।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र अभिनव वर्मा उर्फ साजन पुत्र शशि कुमार से सभी प्रकार के संबंध समाप्त कर लिया है और उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा उससे कोई वास्ता सरोकार नहीं है। अपने द्वारा किए गए कार्यो का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **शशि कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी गौवनहा थाना खीरों जिवरायबरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **अफरीन बानो पत्नी मो. आसिफ कुरैशी सुल्तानपुर रोड, इस्लामिया कालेज, राही जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में शहनूर बानो लिखा है, जो गलत है। उसके जन्म प्रमाण पत्र में अनम कुरैशी लिखा हुआ है, जो कि सही है। अतः मेरी पुत्री के आधार कार्ड में शहनूर बानो के बजाय अनम कुरैशी किया जाए, जो कि सही है।

**सूचना**

मेरे सभी दस्तावेज में मेरा नाम जकाउल्लाह खान है, जबकि मेरी एलआईसी पॉलिसी नंबर–277234849 में गलती से जफरुल्लाह खान हो गया है,जबकि जफरुल्लाह खान और जकाउल्लाह खान एक ही आदमी हैं। मेरा सही नाम जकाउल्लाह खान ही है, भविष्य में मुझे जकाउल्लाह खान के नाम से जाना–पहचाना जाए। – **जकाउल्लाह खान पुत्र ऐजाज मोहम्मद खां, निवासी सिपहिया कोटवा, फैज़ाबाद, उ.प्र.।**

**सूचना**

मैं **मकबूल अहमद उम्र 54 वर्ष पुत्र हबीब अहमद निवासी–ग्राम हुनहुना परगना बसौढी तहसील रुदौली जिला अयोध्या उ.प्र.** का मूल निवासी हूँ। मेरी पांच संतान क्रमशः मंसूर भट्ट, मासूम महफूज पुत्रगण मकबूल अहमद व साबरीन (तलाक शुदा) आफरीन अविवाहित है। मंसूर भटट की शादी हो चुकी है। अन्य पुत्र–पुत्रियों की शादी और परिवार की जिम्मेदारी मेरे ऊपर है। मैं अक्सर बीमार रहता हूँ, परिवार की आय का कोई साधन नहीं है। इस समय मेरे पुत्र मंसूर भट्ट व बहू सुरैया मेरे कहने–सुनने में नहीं हैं। उनका चाल–चलन भी ठीक नहीं है। आये दिन नाजायज काम करते हैं। दोनों मुझसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं रखते और असामाजिक तत्वों के बहकावे में आकर मुझको बहुत तंग कर रहे हैं। मैं अपने पुत्र मंसूर भट्ट व बहू सुरैया को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इनसे हर प्रकार के सम्बंध समाप्त कर रहा हूँ। इनके द्वारा जो भी लेन–देन, कृत्य अब या भविष्य में किया जाता है तो मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

जन साधरण को सूचित किया जाता है की नीरू बरूआ एवं रत्ना बरूआ एक ही महिला का नाम है। इनका आधार कार्ड रत्ना बरुआ के नाम पर बना है।



**पता – बी/9 गेट न0 08 राज भवन परिसर उ0प्र0 लखनऊ, मो0– 9125744069**

## एक नजर

### समर कार्निवल की शाम क्लासिकल के नाम

**अमृत विचार, लखनऊ :** समर कार्निवल के सांस्कृतिक मंच पर शुक्रवार को संकल्प सेवा संस्थान के नन्हें–मुन्ने बच्चों की ओर से मनमोहक प्रस्तुतियों दी गई। श्रुति स्वरूप श्रीवास्तव द्वारा सत्यम शिवम सुंदरम, मीलू और अन्यता द्वारा पान खाए सैयां हमार, आराध्या द्वारा कन्हैया सो जा जरा, जिया और अक्षिता के द्वारा क्लासिकल डांस किया। पूनम सोनी के नेतृत्व में बच्चों ने सोलो डांस की प्रस्तुति दी। अतिथियों को एक पौधा और सभी कलाकारों को सर्टिफिकेट और मोमेंटम दिया गया। अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह और उपाध्यक्ष एनबी सिंह जेटेक के अधिकारी अभिषेक तथा अमित ने आभार व्यक्त किया।

### मकान मालिक ने चोर को पकड़ा तो धक्का देकर छत से कूदा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीबीडी तिवारीगंज स्थित एक मकान में घुसे चोर को मकान मालिक ने दबोच लिया। तिवारीगंज निवासी प्रशांत तिवारी ने बताया कि कमरे में सोते वक्त खटपट की आवाज होने पर उनकी नींद खुली। कमरे की अलमारी खुली देख प्रशांत घबरा गए। लाइट जाने पर अनजान युवक की कमरे में आहट मिली। जो प्रशांत को देखते ही भागने लगा। चोर को पकड़ने के लिए प्रशांत शोर मचाते हुए पीछे दौड़े। एक बार उन्होंने चोर को पकड़ लिया। किसी तरह खुद को छुड़ाते हुए चोर ने छत से छलांग लगा दी। इस बीच प्रशांत के पड़ोसी कुलदीप सिंह, रामकमल यादव, प्रकाश और अरुण मिश्रा भी आ गए। जिन्होंने चोर को मौके पर ही दबोच लिया। इंस्पेक्टर बीबीडी ने बताया कि आरोपी की पहचान कुलदीप कुमार निवासी भवानीपुर के तौर पर हुई है।

# समर्पण हॉस्पिटल इंस्टीट्यूट के प्राचार्य समेत पांच पर रिपोर्ट

## बी-फार्मा छात्र के खुदकुशी मामले में भाई की तहरीर पर की गई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** देवां रोड स्थित समर्पण हॉस्पिटल इंस्टीट्यूट कालेज ऑफ फार्मेसी में बी-फार्मा के छात्र के खुदकुशी करने के मामले में प्राचार्य समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी प्राचार्य, शिक्षिका, डीन और दो कैशियर पर आत्महत्या के लिए उकसाने और एससीएसटी एक्ट की धारा में कार्रवाई की गई है।

रायरबेली उधाबंध दुधवन निवासी अमित कुमार का छोटा भाई शुभम (22) समर्पण कॉलेज ऑफ फार्मेसी से बी-फार्मा कर रहा था। वह गुरुवार को फेयरवेल पार्टी में शामिल होने पहुंचा था। फीस जमा न होने की बात कहकर अकाउंटेंट ने टोक दिया। बोला था ड्यूज भी क्लीयर नहीं हैं, फेयरवेल पार्टी में कैसे आ गए। फीस की रसीद दिखाओ। सहपाठियों की मौजूदगी में शुभम को गहरा आघात लगा। इसके बाद उसने हॉस्टल के रूम नंबर-109 में फंदा लगा कर खुदकुशी कर ली थी। भाई अमित के मुताबिक शुभम को प्रैक्टिकल में भी बैठने से रोका गया था।

शुभम के पास से एक सुसाइड नोट मिला था। जिसमें उसने अपना दर्द बयां किया था। भाई अमित के मुताबिक कुछ दिन पहले शुभम घर आया था। उस वक्त भी फीस के लिए कॉलेज में प्रताड़ित किए जाने की बात कही थी। अमित ने बताया कि पिता की मौत के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। इसके बाद भी समय पर फीस देने का पूरा प्रयास किया गया था। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि अमित कुमार की तहरीर पर कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. नीरज कुमार वर्मा, शिक्षिका गरिमा सिंह, डीन दीप्ति शुक्ला, अकाउंटेंट मो. फैज और आशीष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। कॉलेज प्रशासन से फीस से संबंधित दस्तावेज मांगे गए हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही इस मामले में आरोपियों से पूछताछ की जाएगी।

### अल्फा विजन नशा मुक्ति केंद्र के डॉक्टर समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडंबा पुलिस ने गुरुवार को विवेक सिंह (41) की मौत के मामले में मिश्रपुर स्थित अल्फा विजन नशा मुक्ति केंद्र के प्रभारी डॉक्टर समेत तीन लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने कार्रवाई विवेक के पिता राजेश्वर सिंह की शिकायत पर की है। शाहजहांपुर निवासी राजेश्वर सिंह ने बताया कि बेटा विवेक (42) शराब का लती था। काफी प्रयास के बाद भी लत छूट नहीं रही थी। करीब 6 माह पहले उन्होंने बेटे को कुर्सी रोड स्थित नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। केंद्र की प्रभारी डॉ. श्रुतकीर्ति राय ने बेटे के ठीक होने का आश्वासन दिया था। राजेश्वर का आरोप है कि समय से फीस का भुगतान करने के बाद भी उन्हें बेटे से मिलने नहीं दिया जाता था। 2 जून को केंद्र के कर्मचारी ने बेटे को हार्ट अटैक पड़ने की सूचना दी थी। वह जब गुडंबा सीएचसी पहुंचे तब तक बेटे की मौत हो चुकी थी। राजेश्वर का आरोप है कि बेटे के चेहरे, पैर और शरीर की अन्य हिस्सों पर चोट के निशान थे। केंद्र के कर्मियों ने उनसे अभद्रता भी की थी। इंस्पेक्टर प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

### अधिवक्ता गुटों में फायरिंग में एक वकील गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** रेजीडेंसी के पास अधिवक्ताओं के दो गुटों के बीच फायरिंग हुई थी। घटना में शामिल एक अधिवक्ता को वजीरगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि मड़ियांव निवासी अधिवक्ता अंबिका सिंह उर्फ डब्बू सिंह पर 24 मई की रात फायरिंग की गई थी। डब्बू के पक्ष से भी कई राउंड गोलियां चलाई गई थी। दोनों ही पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज हुई थी। फायरिंग में गोली लगने से अधिवक्ता साकिब खान भी घायल हुआ था। जिसका इलाज केजीएमयू ट्रामा सेंटर में हो रहा था। इंस्पेक्टर ने बताया कि डॉक्टरों से बात करने पर साकिब की हालत खतरे से बाहर होने की जानकारी हुई। जिसके बाद आरोपित को गिरफ्तार किया गया।

# महिलाकर्मी के लाखों के गहने ले उड़े उचक्के

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ पीड़िता ने महानगर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचारः** महानगर बुध बाजार में खरीदारी कर रही एनजीओ की महिला कर्मचारी को एक युवती ने रोक कर कानपुर जाने के लिए रास्ता पूछा। बातों के बीच ही एक दंपति से भी युवती ने मदद मांगी। इसके बाद सभी लोग गोल मार्केट के पास एक पार्क में पहुंचे। जहां दो लाख से अधिक का सामान देने का झांसा देकर उचक्के महिलाकर्मी के गहने लेकर गायब हो गए। इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

सेक्टर-सी निवासी शिखा सिन्हा बुध बाजार खरीदारी के लिए गई थी। इस दौरान उन्हें एक युवती ने रोक कर कानपुर जाने का रास्ता पूछा। युवती ने अपना परिचय सूरत निवासी पूजा के तौर पर दिया। शिखा ने स्टेशन काफी दूर होने की बात कही। इस पर युवती ने कहा कि दीदी मुझे आप ट्रेन में बैठा दो। मैं बाराबंकी के एक इलेक्ट्रानिक शोरूम में काम करती थी, जहां सामान टूटने के कारण मुझे नौकरी से निकाल दिया गया। मेरे पास कुछ सामान है। यह लेकर आप मुझे रुपये दे दो। शिखा से युवती बात कर रही थी। इसी दौरान वहां एक दंपति पहुंचे। उनसे भी युवती ने मदद मांगी। इस पर दंपति ने शिखा से कहा कि चलिए पार्क में चल कर देख लेते हैं कि इसके पास क्या सामान है। शिखा को बातों में उलझा कर सभी लोग पार्क में चले गए। वहां पहुंचने पर युवती के बैग में रखा सामान देखा गया। जिसकी कीमत करीब एक लाख रुपये बतायी गई। इसपर शिखा ने रुपये देने से मना कर दिया। दंपति ने बातों में उलझाते हुए कहा कि दीदी ये सामान करीब दो लाख को होगा। पीड़िता को बातों में उलझाने के बाद ठगों ने उससे जेवर उतारने को कहा। चेन, अंगूठी और बाली उतरवा कर एक बैग में रखी। फिर शिखा को कहा कि आप सामने वाली दुकान पर चलिए। हम खाने का सामान लेकर आ रहे है। पार्क से निकल कर शिखा दुकान पर काफी देर तक इंतजार करती रही और युवती व दंपति फुर्र हो गए। पीड़िता ने महानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### अधिवक्ता पर स्कार्पियो सवार युवकों ने किया हमला

**अमृत विचार, लखनऊः** चिनहट मटियारी चौराहे के पास गुरुवार रात स्कार्पियो सवार युवकों ने अधिवक्ता पर हमला किया। यह घटना उस समय हुई जब वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए आया अधिवक्ता पेशाब कर रहा था। तभी स्कार्पियो सवार युवकों ने पेशाब करने से मना करते हुए हमला बोल दिया। मारपीट के बीच करीब 20 हजार रुपये और चेन भी लूट ली। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। आलमबाग नन्दनगर निवासी अधिवक्ता अभिषेक गुप्ता गुरुवार को डॉ. विनित गुप्ता के वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए चिनहट आए थे। मटियारी चौराहे के पास एक मैरिज लॉन में समारोह में गए थे।

# ब्लैकमेलिंग से तंग आकर सिपाही ने की थी आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ पिता ने कॉल डिटेल व बैंक खाते का रिकार्ड पुलिस को सौंपा

**अमृत विचारः** मड़ियांव में तैनात महिला सिपाही को अमरोहा का रहने वाला परिचित ब्लैकमेल कर रहा था। शारीरिक शोषण करने के साथ ही आरोपी ने सिपाही को धोखा देकर व ब्लैकमेल कर 12.40 लाख रुपये भी वसूले थे। आर्थिक और शारीरिक शोषण से आजिज होकर सिपाही ने खुदकुशी की थी। यह आरोप लगाते हुए पिता ने गाजीपुर थाने में परिचित सत्वंत के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया कि आरोपी की तलाश में एक टीम लगाई गई है।

अमरोहा निवासी 27 साल की युवती का चयन वर्ष 2019 में पुलिस में सिपाही के पद पर हुआ था। चार साल तक वह गाजीपुर थाने में तैनात थी। उसके बाद करीब दो साल से मड़ियांव थाने में ड्यूटी कर रही थी। वह सर्वोदयनगर में किराए पर रहती थी। 27 मई की सुबह सिपाही का शव फंदे से लटका मिला। सहेली निधि ने सिपाही के पिता को फोन कर सूचना दी थी। पुलिस को कमरे से सुसाइड नोट नहीं मिला था। पिता पोस्टमार्टम कराने के बाद शव लेकर अमरोहा चले गए थे। अंतिम संस्कार के बाद छानबीन करने पर पिता को अमरोहा के रहने वाले सत्वंत के बारे में पता चला। मोबाइल से पता चला कि शादीशुदा सत्वंत की महिला सिपाही की लंबे समय से बात हो रही थी। यही नहीं कॉल डिटेल में घटना के दिन सत्वंत के नंबर से बेटी के मोबाइल पर करीब 60 कॉल का पता चला। पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि आरोपी सत्वंत पत्नी संग उनके घर आता-जाता था।

कुछ वक्त से सत्वंत ने सिपाही बेटी को कॉल करना शुरू किया। इसके बाद आरोपी उनकी बेटी को जाल में फंसाकर शारीरिक शोषण करने लगा। यही नहीं आरोपी ने उसे ब्लैकमेल कर 12.40 लाख रुपये भी वसूल लिए। इसकी पुष्टि बेटी के एकाउंट डिटेल खंगालने पर हुई। लगातार शारीरिक शोषण व ब्लैकमेलिंग से सिपाही मानसिक रूप से परेशान रहने लगी। जिसके चलते उसने मौत को गले लगाया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अजादारों ने हजरत मुस्लिम की शहादत का गम मनाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** पैगम्बर इस्लाम हजरत मोहम्मद (स.अ.) के नवासे हजरत इमाम हसैन के दूत (सफीर) हजरत मुस्लिम बिन अकील की शहादत की याद में शुक्रवार को शिया गम में डूबे रहे। अजादारों ने काले लिबास पहने और मजलिसों में शिरकत करके हजरत मुस्लिम की शहादत पर गम मनाया। इस मौके पर शहर के तमाम इमामबाड़ों और कर्बलाओं में मजलिसें हुईं व ताबूत की जियारत कराई गई। जहां पुरुषों व बच्चों ने शहर के इमामबाड़ों में मजलिस में शिरकत वहीं महिलाओं ने अपने घरों में मातम-मजलिस करके हजरत मुस्लिम की शहादत का गम मनाया।

इस मौके पर मुख्य मजलिस रौजा-ए-हजरत मुस्लिम रईस मंजिल हुसैनाबाद हुई,जिसे मौलाना मोहम्मद अली हैदर ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि कूफे वालों ने इमाम हुसैन को खत भेज कर बुलवाया था। इमाम ने हजरत मुस्लिम को कूफे में अपना सफीर बना कर भेजा था, जहां उन्हें शहीद कर दिया गया। हजरत मुस्लिम की दर्दनाक शहादत का वाकिया सुनकर अजादारों की आंखों से आंसू जारी हो गये। इसी रौजे में महिलाओं की मजलिस को जाकिरा डा. नसीम सुबूही ने खिताब किया। कर्बला मुंशी फजल हुसैन हैदरगंज में मौलाना एजाज अतहर और मौलाना मीसम जैदी ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस बाद ताबूत की जियारत कराई गयी। अंतिम मजलिस को मौलाना जाफर अब्बास ने खिताब किया। मजलिस के बाद ताबूत निकाला गया जो इमामबाड़ा मीरन साहब जाकर समाप्त हुआ।



विश्वविद्यालय के योग विभाग, फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वाधान में योग का अभ्यास करते छात्र–छात्राएं। अमृत विचार

# रोग प्रतिरोध क्षमता विकसित करने को कराया योगाभ्यास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने और जीवन शैली जनित बीमारियों से सुरक्षित रहने के लिए योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के योग विभाग, फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वाधान में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के क्रम में योग सभागार में स्वास्थ्य एवं रोग प्रतिरोध क्षमता विकसित करने के लिए सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। संकाय के कॉर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि स्वास्थ्य व रोग प्रतिरोधक क्षमता व्यक्ति के जीवन की महत्वपूर्ण कड़ी है। स्वास्थ्य के अभाव में किसी भी प्रकार की उन्नति नहीं हो सकती। आसनों के अभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य बढ़ता है और ध्यान के अभ्यास से मानसिक स्वास्थ्य में वृद्धि होती है। योग प्रशिक्षक डॉ. राम किशोर के द्वारा ताड़ासन, नटराजासन, अर्धमत्स्येंद्रासन, त्रिकोणासन तथा अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, शीतली, शीतकारी प्राणायाम का अभ्यास भी कराया गया। ध्यान के उपरान्त सत्र का समापन किया गया।

# साइबर जालसाज ने बुजुर्ग समेत छह के खाते से उड़ाए 4.76 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ परिचित, सीमेंट कंपनी कर्मी, पुलिस और पार्ट टाइम जॉब के नाम पर ठगा

▶▶ विभूतिखंड, हसनगंज, मड़ियांव, गुडंबा और जानकीपुरम थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** साइबर जालसाज ने बुजुर्ग समेत छह के खातों से 4.76 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं जालसाज ने परिचित, सीमेंट कंपनी कर्मी और पुलिस बनकर फंसाया तो कहीं पार्ट टाइम जॉब का नाम पर ठगी की। साइबर ठगी के यह मामले विभूतिखंड, हसनगंज, मड़ियांव, गुडंबा और जानकीपुरम के हैं। पुलिस सभी मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से पड़ताल कर रही है।

विजयंत खंड -3 निवासी 68 वर्षीय दिलीप कुमार श्रीवास्तव का बचत खाता पीएनबी में है। 1 जून को उनके व्हाट्सएप पर फोन आया। जालसाज को मित्र समझकर दिलीप ने बात की। उसने कहा कि परिचित अस्पताल में है, एक लाख की जरूरत है। जालसाज ने फर्जी क्रेडिट मैसेज भेजकर दिलीप से 82 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए।

**रिपोर्ट दर्ज करने का झांसा देकर 12 हजार ठगे :** मड़ियांव के अल्लूनगर डिगुरिया निवासी संदीप शर्मा ने बताया कि 26 मई को फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को साइबर क्राइम सेल में तैनात पुलिसकर्मी बताकर पूछा कि तुम ऑनलाइन गेम खेलते हो। हां बोलने पर कहा कि तुम्हारे खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर रहे हैं। अगर 12 हजार भेज दोगे तो रिपोर्ट की जगह माफीनामा लगाकर मामला खत्म कर देंगे। पीड़ित ने डरकर दिए गए क्यूआर कोड पर रुपये भेज दिए।

**ऑनलाइन सीमेंट मांगाने पर गंवाए 41 हजार :** इसके अलावा गुडंबा के कुर्सी रोड मिश्रपुर निवासी आमिर ने बताया कि साइबर जालसाज ने खाते 88 हजार रुपये पार कर दिए। जानकीपुरम सेक्टर-एफ निवासी राज किशोर वर्मा ने गूगल से एसीसी सीमेंट कंपनी का नंबर हासिल किया।

संपर्क करने पर जालसाज ने सेल्स विभाग का कर्मी बनकर सीमेंट की बुकिंग की और 41,500 रुपये ट्रांसफर करा लिए। डिलीवरी न होने पर पीड़ित ने पड़ताल की तो पता चला कि उसके साथ ठगी हुई है।



### पार्ट टॉइम जॉब के चक्कर में दो ठगे गए

विभव खंड –1 निवासी अभय सेठ के व्हाट्सएप पर पार्ट टाइम जॉब का मैसेज आया। गूगल पर रेटिंग और रिव्यू का काम बताया। लिंक भेजकर मुनाफा दिया फिर पैड टास्क बताकर कई बार में 1.40 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने विभूतिखंड थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। निरालानगर निवासी सौम्या कुमारी सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले इंस्टाग्राम पर पार्ट टाइम जॉब का मैसेज देखा। दिए गए नंबर पर संपर्क किया तो जालसाज ने जानकारी हासिल कर कई बार में 1,12,896 रुपये ऐंठ लिए। पीड़िता ने हसनगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# आचार्य अभिनव गुप्त की मूर्ति का अनावरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** महामाहेश्वर अभिनवगुप्त की जन्म जयंती निर्जला एकादशी के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के अभिनव गुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ ऐस्थेटिक्स व शैव फिलॉसफी संकाय में आचार्य अभिनव गुप्त की प्रतिमा का अनावरण कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। आचार्य अभिनव तंत्र, आगम, दर्शन, कलाशास्त्र आदि के विश्व मान्य आचार्य और गुरु रहे हैं। उनके पूर्वजों को उनकी विद्वता के कारण कश्मीर के राजा ललितादित्य, उत्तर प्रदेश से सम्मान सहित शारदा देश कश्मीर ले गए थे।

लखनऊ विश्वविद्यालय में अभिनव गुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ ऐस्थेटिक्स एण्ड शैव फिलॉसकी संस्थान की स्थापना विश्वप्रसिद्ध विद्वान प्रो. कान्ति चन्द्र पांडेय ने की थी। आचार्य अभिनव गुप्त के विपुल तान्त्रिक साहित्य को खोज निकालने को श्रेय भी इन्हें ही प्राप्त है। अभिनव गुप्त के समावेशी दर्शन के विकसित भारत की दृष्टि से महत्व को देखते हुए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के प्रयासों से सितंबर 2021 में इसे अभिनव गुप्त संकाय के रूप में उच्चीकृत कर दिया था। मूर्ति के अनावरण से पूर्व तन्त्रागम पद्धति से अनुष्ठान पूजन का आयोजन किया गया। तदुपरान्त विधि-विधानसहित मूर्ति का अनावरण किया गया। संकायाध्यक्ष प्रो. भुवनेश्वरी भारद्वाज के अतिरिक्त बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, शिक्षक तथा छात्र कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में कुलपति डॉ. आलोक कुमार राय, डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज व अन्य।

### अधिवक्ता को पीटा, झोंका फायर

**अमृत विचार, लखनऊः** मुंशी पुलिया के पास गुरुवार देर रात दबंगों ने अधिवक्ता की पिटाई करने के बाद फायरिंग कर दी। मारपीट में गम्भीर चोट लगने पर अधिवक्ता ने गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। जानकीपुरम निवासी अधिवक्ता समीर ने बताया कि गुरुवार रात करीब 12.30 बजे वह दोस्त अभिषेक के साथ मुंशी पुलिया की तरफ जा रहे थे। बनारस कैफे के पास पहुंचने पर देवांश मौर्या, दीपक सिंह और उनके साथियों ने अधिवक्ता को घेर कर गाली दी। विरोध पर आरोपियों ने हमला कर दिया। आरोप है कि देवांश ने एक राउंड फायरिंग भी की थी। जिसमें वह बाल-बाल बच गए। समीर के मुताबिक देवांश एक मामले में वांछित भी चल रहा है। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज में मनाया गया पर्यावरण कार्यक्रम

**अमृत विचार, लखनऊ :** नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा पौधारोपण, शपथ ग्रहण और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम एनसीसी अधिकारी मेजर रज़िया परवीन के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 50 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. सविता साही, अध्यक्ष, राजनीति शास्त्र विभाग, डीएवी पीजी कॉलेज रहीं, जिन्होंने सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। प्रो. वंदना उप्रेती व प्रो. सुमन मिश्रा ने काग़ज़ और कपड़े के थैले वितरित किए और प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में बताया। छात्राओं को जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। एनसीसी कैडेट्स ने कॉलेज परिसर में पौधे लगाए और “हरा–भरा भारत” का संदेश दिया। इस अवसर पर कैडेट्स द्वारा पर्यावरण पर आधारित स्लोगन भी प्रस्तुत किए गए।



पौधारोपण करती छात्राएं व शिक्षिकाएं। अमृत विचार

**शोध** यूजर को वोटर बनाना सोशल मीडिया की सबसे बड़ी चुनौती

# युवा सोशल मीडिया पर सक्रिय पर मतदाता नहीं बनते

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** सोशल मीडिया साइट फेसबुक में भारत के 200 करोड़ यूजर एक्टिव है जिसमें युवाओं का प्रतिशत 83 फीसदी है, लेकिन जब मतदान करने की बारी आती है तो यह प्रतिशत 48 पर आकर ठहर जाता है। यानि सोशल मीडिया पर तो लोग ''एक्टिव यूजर'' बने रहते हैं लेकिन वोटर बनने में पिछड़ जाते हैं। आंकड़ों का यह निष्कर्ष भाषा विश्वविद्यालय के शोधार्थी नीरज कुमार सिंह ने अपना शोध कार्य पूरा करने पर प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की प्रमुख डॉ.



रुचिता सुजय चौधरी के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूरा करने वाले नीरज ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान सर्वे करके यह निष्कर्ष निकाला है।

उच्च शिक्षारत विद्यार्थियों की राजनीतिक चेतना पर फेसबुक के प्रभाव का अध्ययन विषयक शोध कार्य में उन्होंने लखनऊ शहर के युवा वोटरों के साथ संवाद कर उनकी राजनीतिक समझ को जांचने, परखने और समझने का कार्य किया। साथ ही प्रदेश के प्रमुख राजनीतिक दलों, भारतीय जनता पार्टी, अखिल भारतीय कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की युवा इकाइयों के फेसबुक पेज पर गहन विश्लेषण किया। शोधार्थी ने पाया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सोशल मीडिया पर काफी सक्रियता के साथ मौजूद है। सोशल मीडिया के नवाचारों की बात करें तो शोधार्थी ने पाया कि फोटो शेयरिंग ऐप इंस्टाग्राम बहुत तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

युवाओं खासतौर पर 17 से 26 वर्ग की आयु के बीच 88 प्रतिशत उत्तरदाताओं की पहली पसंद इंस्टाग्राम है। विश्लेषण में यह बात सामने आई कि फेसबुक मिलेनियरर्स (90 के दशक में जन्में) की पहली पसंद है। हालांकि शोध में इस बात पर बल दिया गया है कि युवाओं की पसंद-नापसंद से लेकर खान-पान तक को निर्धारित करने वाला सोशल मीडिया एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर उन्हें वोटर नहीं बना पा रहा है। शोध सर्वे में शामिल 48 फीसदी युवाओं ने ही हाल के चुनाव में मतदान किया था।

### गार्ड को पीटा पुलिस ने कराया समझौता

**अमृत विचार, गोसाईगंजः** सरसवां अर्जुनगंज स्थित शान्ति एनक्लेव कॉलोनी में गार्ड की नौकरी करने वाले विकलांग बागेश्वर गुप्ता ने कॉलोनी के ही एक व्यक्ति पर लोहे की फंटी से पीटने का आरोप लगाया है।

पीड़ित ने बताया कि शिकायत करने सुशांत गोल्फ सिटी थाने पहुंचा। वह घायल अवस्था में ही घंटों थाने में बैठा रहा लेकिन न ही रिपोर्ट दर्ज की और न ही मेडिकल कराया। यही नहीं कुछ देर बाद आरोपी पहुंचा। पुलिस ने कोर्ट-कचहरी का डर दिखाकर समझौता करा दिया।

# शिक्षक और छात्र के अनुपात को बेहतर बनाने के लिए कवायद शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ सामान्य तबादलों के लिए दिशा-निर्देश जारी

**अमृत विचारः** परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक- छात्र के अनुपात को बेहतर बनाने के लिए कवायद शुरू कर दी है। जिसके तहत ज्यादा शिक्षक से कम शिक्षक वाले जिलों में अध्यापकों का तबादला होगा।परिषदीय विद्यालयों में सामान्य तबादलों के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए।

बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से जारी निर्देश के अनुसार निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई) में तय छात्र-शिक्षक अनुपात पूरा करने के उद्देश्य से अंतर्जनपदीय स्थानांतरण आवश्यकता से अधिक शिक्षक वाले जिलों से शिक्षक की आवश्यकता वाले जिलों में किया जाएगा।

परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि आवश्यकता से अधिक शिक्षक वाले चिह्नित जिलों में से शिक्षक द्वारा स्वेच्छा से आवश्यकता वाले जिलों का ऑनलाइन विकल्प वरीयता क्रम में लिया जाएगा। शिक्षक-शिक्षिका द्वारा पोर्टल पर दिख रहे जिलों में से कम से कम एक जिले का विकल्प देना अनिवार्य होगा। विकल्प न देने वाले ऑनलाइन आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बीएसए से सत्यापित ऑनलाइन आवेदनों को एनआईसी के सॉफ्टवेयर से कार्यरत जिले में वरिष्ठता के आधार पर वरीयता क्रम में दिए गए शिक्षक के ऑनलाइन विकल्पों के आधार पर तबादला किया जाएगा। तबादला ग्रामीण सेवा संवर्ग से ग्रामीण सेवा संवर्ग व नगर सेवा संवर्ग से नगर सेवा संवर्ग में किया जाएगा।

## एक नजर

### एडवा ने बच्ची के साथ हुई दरिंदगी की निंदा की

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एडवा) ने आलमबाग मेट्रो स्टेशन पर बच्ची के साथ रिंदगी की निंदा की है। एडवा की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि मई से अब तक शहर में ये चौथी घटना है। बच्चियों को घरों से या फिर मां-बाप के साथ सोते हुए उठाया जाता दर्शाता है कि अपराधियों के हौसले कितने बुलंद हैं। मधु गर्ग ने कहा कि उप्र की कानून व्यवस्था लगातार सवालों के घेरे में है जिसके कारण उप्र की महिलाएं और बच्चियां बेहद असुरक्षित महसूस कर रहीं हैं। एडवा ने सरकार से मांग की है कि बच्ची के पुनर्वास के लिए उसे सरकारी अनुदान दी जाए।

### बीबीएयू में वेतन न मिलने से कर्मचारियों में रोष

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में कार्यरत आउटसोर्सिंग, नॉन-टीचिंग और सफाई कर्मचारियों को पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिला है, जिससे कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। मार्च 2025 के बाद से अब तक वेतन न मिलने के कारण उन्हें रोजमर्रा की जरूरतों के लिए उधार लेना पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि बच्चों की पढ़ाई, इलाज और घर चलाना मुश्किल हो गया है। वे मानसिक तनाव और आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को दो महीने जबकि सफाई कर्मचारियों को तीन महीने से वेतन नहीं मिला है। कर्मचारियों का आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन वेतन को लेकर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे रहा।

### प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर इनवर्टर, पंखा चोरी

**अमृत विचार, हरदोई :** क्षेत्र के सरदारपुर गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर सामान चोरी हो गया। घटना की सूचना स्कूल के प्रधानाध्यापक मिथिलेश ने 112 डायल पर दी। पुलिस ने जांच की, लेकिन तीन दिन बाद रिपोर्ट दर्ज नहीं की। बताया कि 2 जून की रात चोरों ने स्कूल का ताला तोड़कर इनवर्टर, पंखा चोरी कर लिया। पुलिस की कार्यशैली पर लोगों में रोष है।

# ई-ऑटो चालक ने टेंपो चालक को सड़क पर गिराया, बस ने रौंदा

## सवारी बैठाने को लेकर हुआ था दोनों में विवाद

संवाददाता, बीकेटी

▶▶ इटौंजा के कल्याणपुर की घटना

**अमृत विचार:** इटौंजा के कल्याणपुर में शुक्रवार सुबह सवारियां भरने के विवाद में ई-ऑटो के चालक ने टेंपो चालक को धक्का दे दिया। सड़क पर गिरे टेंपो चालक को रोडवेज बस रौंदते हुए निकल गई। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने रोडवेज बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महोना निवासी भाई जैद ने बताया कि तौसीफ (26) किराए पर टेंपो चलाता था। शुक्रवार को वह टेंपो में सवारी लेकर लखनऊ की ओर जा रहा था। सुबह 10 बजे वह इटौंजा के कल्याणपुर के पास रुक कर सवारी भरने लगा। इस दौरान उसके सामने ई-ऑटो चालक भी सवारी बैठाने के लिए आ गया। दोनों में पहले सवारी भरने को लेकर विवाद हो गया। ई-ऑटो ड्राइवर ने तौसीफ को सड़क पर धक्का दे दिया। सड़क पर गिरे तौसीफ को रोडवेज बस उसे रौंदते हुए निकल गई। इस बीच ई-ऑटो ड्राइवर भाग निकला। इंस्पेक्टर मार्कंडेय यादव ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही हैं। तौसीफ के पिता ने तहरीर में ई-ऑटो चालक का जिक्र नहीं किया है। हालांकि जांच में उसे भी शामिल किया जाएगा।

### बेटे के जन्मदिन के 24 घंटे बाद पसरा मातम

तौसीफ के परिवार में पत्नी शीबा दो बेटे और एक बेटी है। जैद ने बताया कि तौसीफ ने गुरुवार को एक बेटे को जन्मदिन मनाया था। घर में जन्मदिन और बकरीद को लेकर खुशियों का माहौल था। अब पूरे घर में मातम पसर गया।

# बेकाबू कार अज्ञात वाहन से टकराई, युवक की मौत

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार:** बिजनौर थाना क्षेत्र में किसान पथ आउटर रिंग रोड पर शुक्रवार तड़के बेकाबू कार किसी अज्ञात वाहन से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार में सवार एक युवक मौत हो गई, जबकि बहनोई समेत दो गंभीर रूप से घायल हो गए। कंट्रोल रूम पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

इंस्पेक्टर बिजनौर अरविंद राणा ने बताया कि मृतक की पहचान रिजवान (35) निवासी उन्नाव के आसीवन थाना क्षेत्र के खाले टोला फुर्सत के रूप में हुई। घायल शादाब और जहीर भी उसी गांव के रहने वाले हैं। तीनों



हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन के पास खड़ा पुलिसकर्मी। अमृत विचार

वाराणसी में सीमेंटेड गमला बनाने और बेचने का व्यापार करते हैं। बकरीद पर शुक्रवार को वे अल्टो कार से वापस अपने घर उन्नाव जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। इंस्पेक्टर बिजनौर अरविंद राणा ने बताया कि तीनों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

▶▶ बहनोई व दोस्त घायल, ट्रामा सेंटर में भर्ती

▶▶ वाराणसी से उन्नाव बकरीद पर आ रहे थे तीनों घर

सरोजनी नगर में इलाज के लिए भेजा, जहां चिकित्सक ने रिजवान को मृत घोषित कर दिया।

शादाब और जहीर को गंभीर हालत के कारण मेडिकल कालेज ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। परिवार को सूचना दे दी गयी है। छानबीन में पता चला कि हादसे के समय कार रिजवान चला रहा था। मृतक रिजवान के परिवार में उसकी पत्नी रोशना, बेटा जोहान है। घायल शादाब मृतक रिजवान का साला है, जबकि घायल जहीर मृतक रिजवान का दोस्त है। क्षतिग्रस्त कार को क्रेन से किनारे हटाया दिया गया है।

### लुटेरों से भिड़ी रिटायर्ड दरोगा की पत्नी, चेन छोड़कर भागे

**अमृत विचार, आलमबाग:** पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक मुलायम सिंह पत्नी उर्मिला और परिवार संग पंडितखेड़ा निलयम कॉलोनी में रहते है। रोजाना की तरह सुबह उर्मिला शुक्रवार को मार्निंग वॉक पर निकली थी।

इस दौरान एक बाइक पर सवार दो बदमाश वृद्धा के गले से झपट्टा मार चेन पर हाथ मारा। इसपर उर्मिला लुटेरों से भिड़ गयी। आपाधापी के दौरान वृद्धा सड़क पर गिरकर चोटिल हो गयी, लेकिन हिम्मत नहीं हारी।

लुटेरे से भिड़ते हुए उन्होंने शोर मचा दिया। चीख-पुकार सुनकर लोगों को आता देख बदमाश ने चेन फेंकी और धक्का देकर कांशीराम कॉलोनी की तरफ फरार हो गए। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

# फाइनेंसियल कंपनी के चार कर्मियों ने किया 10 लाख का रुपये गबन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ संचालक ने गोमतीनगर विस्तार थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** गोमतीनगर विस्तार थाने में प्रत्यंचा फाइनेंसियल सर्विस संचालक ने चार कर्मचारियों के खिलाफ 10 लाख की धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

आरोप है कि आरोपियों ने फाइनेंस कम्पनी से जुड़े उपभोक्ताओं के नाम पर लोन फाइनेंस कराने के बाद अपने और परिचितों के खाते में जमा किया था। इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वरदान खंड-1 में प्रत्यंचा फाइनेंस का कार्यालय है। संचालक अवनीश जायसवाल निवासी प्रतापगढ़ ने बताया कि कंपनी में महाराजगंज निवासी विकास यादव, सतीश यादव, अयोध्या निवासी संजीत कुमार और राहुल कुमार ने नौकरी ज्वाइन की थी। अवनीश ने बताया कि आरोपी कर्मचारी एक निजी कम्पनी में भी काम कर रहे थे। इस बात की जानकारी उन्हें काफी समय बाद हुई।

पीड़ित ने बताया कि सतीश, संजीत, राहुल और विकास ने उपभोक्ताओं के नाम से दूसरी कम्पनी में अकाउंट खुलवा दिया। इसके बाद अवनीश कम्पनी से दिए गए लोन आरोपी कर्मचारियों ने परिचितों के खातों में ट्रांसफर कर दिए। उपभोक्ताओं की शिकायत आने पर अवनीश ने जांच कराई। जिसके बाद कर्मचारियों की सांठगांठ का पता चला। पीड़ित संचालक का आरोप है कि आरोपियों ने 10,05,377 रुपये का गबन किया है। पीड़ित अवनीश ने मामले की शिकायत गोमतीनगर विस्तार थाने में की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विकास यादव, सतीश, संजीत और राहुल कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कर्मचारी वेलफेयर सोसाइटी के पूर्व सचिव पर रिपोर्ट

## बिना अनुमोदन बेटे को आउट सोर्सिंग पर नौकरी देकर पहुंचाया लाभ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ जांच अधिकारी ने रिकार्ड में हेराफेरी, फाइलें गायब करने का लगाया आरोप

**अमृत विचार:** वन विभाग अधिकारी एवं कर्मचारी वेलफेयर सोसाइटी के पूर्व सचिव व रिटायर्ड स्केलर के खिलाफ गाजीपुर थाने में धोखाधड़ी की एक और रिपोर्ट दर्ज हुई है।

आरोप है कि पद पर रहते हुए बिना अनुमोदन आउटसोर्सिंग पर बेटे को नौकरी कराकर वित्तीय लाभ पहुंचाया और सोसाइटी के अभिलेखों में हेराफेरी की। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सोसाइटी के सचिव गौरव इंदिरानगर अरण्य विकास भवन स्थित उप्र वन निगम कार्यालय में तैनात हैं।

उन्होंने बताया कि 6 मई को सोसायटी के अध्यक्ष/ प्रबंध निदेशक ने प्रयागराज के कोरांव स्थित ग्राम बरनपुर निवासी सेवानिवृत्त स्केलर राजेंद्र कुमार शुक्ला के खिलाफ जांच का आदेश दिया।

वर्ष 2022 से 2026 से संबंधित पत्रावली की जांच की। इसमें पाया गया कि राजेंद्र ने उच्चाधिकारियों को गुमराह कर सोसाइटी के अभिलेखों में जालसाजी और हेरा-फेरी कर गलत तरीके से अपने बेटे को आर्थिक लाभ पहुंचाया है। राजेंद्र ने बात करने से इनकार कर दिया।

सोसाइटी कार्यालय के कंप्यूटर का पासवर्ड और अलमारी के लॉकर की चाबी भी नहीं दी। आरोप है कि राजेंद्र ने बिना किसी अनुमोदन के बेटे को आउटसोर्सिंग पर नौकरी दी। अन्य मामलों से जुड़ी फाइलें भी राजेंद्र ने गायब कर दी। आरोप है कि सेवानिवृत्त के बाद भी पद का दुरुपयोग किया। सचिव ने जांच रिपोर्ट प्रबंध निदेशक को भेजी। जिसके बाद गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### 9 मई को भी आरोपी पर दर्ज हुई थी रिपोर्ट

वन निगम के प्रबंध निदेशक कार्यालय में तैनात अधीक्षक सतीश कुमार सिंह ने 9 मई को पूर्व सचिव व रिटायर्ड स्केलर राजेंद्र कुमार शुक्ला और रिटायर्ड लैंगिग सहायक अधिकारी शिव प्रकाश सिंह के खिलाफ गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी पर फर्जी यूनियन को गठित करने का आरोप था।

# पुलिस और पीएसी बल के साथ हटाया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम ने शुक्रवार को पुलिस व पीएसी के साथ अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। चार जोन में सड़कें व फुटपाथ खाली कराते हुए सामान जब्त किया। पुलिस बल को देख अतिक्रमणकारियों में अफरा-तफरी मच गई। खुद सामान लेकर इधर-उधर भागे।

जोन-1 में टीम ने नॉवेल्टी चौराहा से बेलदारी लेन होते हुए लोक भवन तक सड़कों से अतिक्रमण हटाया। इस दौरान एक लोहे का काउंटर एवं एक स्टील का काउंटर जब्त किया। साथ ही कालीदास 5 से 1090 चौराहा तक अस्थाई अतिक्रमण हटाया गया। इसी तरह जोन 4 में थाना विभूति खंड व गोमती नगर



शहीद पथ ओवरफ्लाई ब्रिज के नीचे अभियान के दौरान नगर निगम व पुलिस टीम। अमृत विचार

की पुलिस टीम व पीएसी के साथ शहीद पथ ओवरफ्लाई ब्रिज के नीचे, सेनेपोलिस/किसान मार्केट के सामने से लेकर रेलवे क्रॉसिंग तक अतिक्रमण हटाया गया।

झुग्गी-झोपड़ियों व दुकानों को हटाते हुए भारी मात्रा में सामान जब्त किया गया तथा पुनः अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई। अभियान के दौरान नगर निगम का प्रवर्तन दल व भारी पुलिस बल तैनात रहा।

जोन-5 में मवैया रेलवे छत्ता

▶▶ नगर निगम की टीम ने चार जोन में चलाया अभियान

▶▶ ठेले, गुमिठियां और लोहे के काउंटर समेत सामान जब्त किया

पुल से चारबाग मेट्रो स्टेशन होते हुए केकेसी तक अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान 10 ठेले, एक गुमटी, चार काउंटर जब्त किए गए। इसी तरह जोन 6 में वार्ड हैदरगंज सेकंड में चोरघाटी से पाल तिराहा तक चलाए गए अभियान में 17 ठेले, 12 गुमटियां, 10 अस्थाई दुकानें हटाई गईं। साथ ही 10 टायर, 1 मुर्गे की जाली, 2 प्लास्टिक टब, एक फ्लेक्स बोर्ड, 2 लोहे के स्टैंड, एक लोहे का तख्त, एक ठेला जब्त किया गया। पुनः अतिक्रमण न हो इसके लिए संबंधित थानाध्यक्ष को पत्र लिखा गया।

# धार्मिक शिक्षा देने पर रोक के आदेश के विरुद्ध मदरसों ने ली हाईकोर्ट की शरण

लखनऊ, विधि संवाददाता

▶▶ याची मदरसों के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई पर अंतरिम रोक

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में धार्मिक शिक्षा देने पर रोक के एक आदेश के विरुद्ध प्रभावित मदरसों ने याचिकाएं दाखिल की हैं। न्यायालय ने याचिकाओं पर सुनवाई के उपरांत याची मदरसों के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही राज्य सरकार से दो सप्ताह में जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई 3 जुलाई को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने मदरसा मोइनुल इस्लाम कस्मिया समेत दो दर्जन से अधिक मदरसों की ओर से



दाखिल अलग-अलग याचिकाओं पर पारित किया है। सभी मदरसे श्रावस्ती जनपद से संबंधित हैं। याचियों की ओर से अधिवक्ताओं नृपेंद्र सिंह, अविरल राज सिंह व मो. यासिर ने दलील दी कि उन सभी को 1 मई 2025 व इसके आसपास की तारीखों पर नोटिसें जारी करते हुए, धार्मिक शिक्षा न देने की बात कही गई थी। दलील दी गई कि उक्त नोटिस पर बिना पर्याप्त समय दिए याची मदरसों को धार्मिक शिक्षा न देने का आदेश पारित कर दिया गया। मामले में राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता उपेंद्र सिंह ने विस्तृत हलफनामा देने के लिए दो सप्ताह का समय दिए जाने का न्यायालय से अनुरोध किया। इस पर न्यायालय ने समय दिए जाने के अनुरोध को स्वीकार कर लिया, साथ ही याची मदरसों के विरुद्ध किसी भी प्रकार के प्रशासनिक कार्रवाई अथवा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर अग्रिम सुनवाई तक के लिए रोक लगा दी ।

# काकोरी थाने के गेट पर मारपीट, आठ घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ किसान और प्रापर्टी डीलर पक्ष की तरफ से वकील की वेशभूषा में आए थे दबंग

▶▶ दोनों पक्षों की तहरीर पर काकोरी थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** काकोरी में जमीनी विवाद में किसान और प्रापर्टी डीलर पक्ष से आए वकील की वेषभूषा में दबंगों में जमकर मारपीट हुई। पुलिस मामले को शांत कराकर कुछ को थाने लेकर आयी। जिसके बाद दबंगों ने काकोरी थाने के गेट पर भी मारपीट की। पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया। मारपीट में किसान, उनके दो बेटे और पांच अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मदारपुर गांव निवासी अबरार की दो बीघा जमीन है। उनके बेटे सलमान ने बताया कि 2016 में उनकी जमीन का एग्रीमेंट प्रापर्टी डीलर नितिन यादव से हुआ था। नितिन यादव ने करीब 10 हजार वर्ग फीट जमीन की रजिस्ट्री करवा ली थी। शुक्रवार को नितिन का भाई सतीश यादव बाउंड्रीवाल करा रहे थे, जिसका अबरार और उनके बेटों ने विरोध किया। सलमान ने आरोप लगाया कि सतीश पक्ष अधिक जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा था। विरोध के दौरान दोनों पक्षों से वकील की वेशभूषा में आए दबंगों में विवाद शुरू हो गया और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई।

दोनों पक्षों में ईंट-पत्थर भी चले। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया और घायल किसान और उनके बेटों को थाने ले आई। वकीलों की वेशभूषा में आए दबंगों ने काकोरी थाने गेट पर भी मारपीट की, जिसे पुलिस ने किसी तरह शांत कराया। इंस्पेक्टर सतीश राठौर ने बताया कि सतीश यादव ने किसान और अन्य लोगों के खिलाफ तहरीर दी है, जबकि किसान अबरार ने सतीश और अन्य के खिलाफ तहरीर दी है। दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले में किसान अबरार, सलमान और सुहैल घायल हुए हैं, जबकि सतीश पक्ष से अजीत कुमार यादव, हर्षित सिंह, अरविंद कुमार, सौरभ सिंह और आदित्य तिवारी घायल हुए हैं।

# पीसीएस परीक्षा में जमा करनी होगी ऑवेदन की हार्ड कॉपी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ आरक्षण के दावों से संबंधित कॉपी भी उपलब्ध करानी होगी

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पीसीएस परीक्षाओं में ऑनलाइन आवेदन के साथ हार्डकॉपी जमा करना अनिवार्य कर दिया है। हार्ड कॉपी जमा न करने पर आवेदन को निरस्त कर दिया जाएगा। पीसीएस 2024 की मुख्य परीक्षा में सफल 259 अभ्यर्थियों के आवेदन इसी आधार पर निरस्त कर दिए गए हैं। इन अभ्यर्थियों को 11 जून को शाम 5 बजे तक पंजीकृत डाक या आयोग





में उपस्थित होकर अपील करने का अवसर दिया है।

पीसीएस 2024 प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण घोषित 138 अभ्यर्थियों ने आवेदन की हार्डकॉपी आयोग में नहीं जमा की है। जिसके कारण इनके आवेदन पत्र को निरस्त कर दिया गया है। क्योंकि उन्होंने आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी निर्धारित 1 अप्रैल 2025 तक आयोग कार्यालय में जमा नहीं की है। हालांकि आयोग ने ऐसे अभ्यर्थियों को 11 जून की शाम 5 बजे तक अपने हार्डकॉपी को जमा करने का अंतिम अवसर दिया है।

### इन कारणों से निरस्त हुए आवेदन

जिन पदों के लिए अभ्यर्थी सफल हुए थे, उसके लिए अनिवार्य शैक्षिक अर्हता उनके पास नहीं थी। इसके अलावा निर्धारित प्रारूप में आवेदन उपलब्ध न करने के कारण निरस्त किया गया है। कुछ अभ्यर्थियों ने अनिवार्य शैक्षिक अर्हता आवेदन तिथि के बाद हासिल की थी इसलिए उनके आवेदन पत्र को निरस्त किया गया है, जबकि 26 ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का प्रमाण पत्र जमा नहीं किया है। आयोग की ओर से 28 फरवरी को घोषित पीसीएस 2018 प्रारंभिक परीक्षा के रिजल्ट में 947 पदों के सापेक्ष कल 15066 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है।

**कार्रवाई** मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत दहियर में राशन कार्ड के प्रकरणों का निस्तारण न होने पर डीएम ने जताई नाराजगी

# सप्लाई इंस्पेक्टर मोहनलालगंज को प्रतिकूल प्रविष्टि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** योजनाओं का त्वरित लाभ दिलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत दहियर में आयोजित कैंप का निरीक्षण करके जिलाधिकारी विशाख जी ने स्थिति परखी। राशन कार्ड से संबंधित प्रकरण लंबित पाए और समुचित निस्तारण न करने पर सप्लाई इंस्पेक्टर मोहनलालगंज को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने पंचायत भवन में आयोजित कैंप में बैंकिंग, बीसी सखी, आंगनबाड़ी, आशा, स्वास्थ्य परीक्षण, पेंशन, जन्म/मृत्यु संबंधित प्रमाण पत्र व सभी प्रकार की योजनाओं के



मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत दहियर में शिविर का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

स्टालों का अवलोकन किया। स्वास्थ्य परीक्षण के स्टाल पर बताया कि 30 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया है। जन्म/मृत्यु संबंधित कोई भी आवेदन लंबित नहीं है। फैमिली आईडी के रजिस्ट्रेशन के बारे में सचिव द्वारा बताया गया कि कुल 3,555 लोगों की फैमिली आईडी बनाई जा चुकी हैं। ग्राम में कुल 610 परिवार है जल्द 100 फीसद कार्य पूर्ण कर लेंगे। चौपाल में एक ग्रामीण ने वरासत सम्बंधित शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने लेखपाल को जांच वरासत करने के निर्देश दिए।

वहीं, एक ग्रामीण की चक रोड से संबंधित शिकायत पर नायब तहसीलदार, कानूनगो और लेखपाल को मौके पर जांच करके फौरन निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा राशन कार्ड से संबंधित प्रकरणों में लापरवाही पाई। समुचित निस्तारण न करके लंबित रखने पर सप्लाई इंस्पेक्टर मोहनलालगंज को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए।

### कस्तूरबा के निर्माणाधीन में कमियां, जांच के निर्देश

जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के निर्माणाधीन एकेडमिक ब्लॉक और हॉस्टल ब्लाक का निरीक्षण किया। दोनों निर्माणाधीन ब्लाक में कार्यों की गुणवत्ता देखी। मुख्य भवन के निर्माण कार्य में कमियां मिली। मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन को टेक्निकल कमेटी गठित करते हुए कार्यों व गुणवत्ता की जांच कराने के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने सिठौली कला स्थित अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। अंत में ग्राम पंचायत सिसेंडी में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के कार्यों जायजा लिया। सचिव को निर्देश दिए कि आबादी को देखते हुए ई-रिक्शा का नियमित संचालन कराएं।

# एसटीएफ ने तस्कर को दबोचा बरामद किए 102 जिंदा कछुए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ बंथरा के लतीफपुर का रहने वाला है आरोपी पिंकू

**अमृत विचार:** एसटीएफ ने शुक्रवार रात बंथरा से एक तस्कर को गिरफ्तार कर 102 जिंदा कछुआ बरामद किए हैं। आरोपी के पास से तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी व अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं। बरामद कछुओं को मुलायम कवच और कठोर कवच के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जो यमुना, चंबल, गंगा, गोमती, घाघरा, गंडक सहित नदियों में बहुतायत में मिलते हैं।

डीएसपी एसटीएफ दीपक सिंह ने बताया कि यह सूचना मिली कि बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रजातियों के



आरोपी पिंकू।

कछुओं की तस्करी हो रही है। ऐसे तस्कर कछुओं को बेचने के लिए पश्चिम बंगाल के व्यापारियों के संपर्क में रहते हैं, जहां से कछुओं को बांग्लादेश, म्यांमार के रास्ते चीन, हांगकांग, मलेशिया आदि देशों में भेजा जाता है।

इस जानकारी के बाद एसटीएफ ने पड़ताल शुरू की। सूचना पर एसटीएफ ने वन विभाग की टीम संग बंथरा लतीफपुर निवासी पिंकू को बनी-हरौनी मार्ग से गिरफ्तार का लिया। पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि वह नदी और तालाब से कछुए जमा कर बंगाल, बिहार, कर्नाटक व बेंगलुरु के व्यापारियों को 300 रुपए प्रति कछुए बेचता है। उक्त खरीदार शक्तिवर्धक दवा बनाने वाली कई कम्पनियों को भी इण्डियन रूफ टर्टल सप्लाई करते हैं।

# बीबीएयू में शोध घोटाले के बाद सामने आया यौन उत्पीड़न का मामला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- माइक्रोबायोलाजी के शोध छात्र ने कहा कार्रवाई न हुई तो कर लूंगा आत्महत्या
- छात्र के आरोप पर प्रोफेसर ने कुलपति से की निष्पक्ष जांच की मांग



**अमृत विचारः** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में शोध घोटाले के आरोप का मामला थमा नहीं था, कि उसी विभाग में एक शोधार्थी ने विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगा दिया। शोधार्थी ने विभागाध्यक्ष पर आपत्तिजनक फिल्म दिखाने और यौन उत्पीड़न की शिकायत की है। ई मेल पर कुलपति को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि एक वर्ष से प्रो. राजेश कुमार उनके साथ गलत व्यवहार कर रहे हैं। डॉ. राजेश का कहना है कि मैं उसका गाइड ही नहीं हूं तो यौन उत्पीड़न कैसे करुंगा।

शोधार्थी ने ई-मेल में कहा है कि वह जब भी शोध कार्य के लिए प्रोफेसर के कमरे में जाते थे। वहां प्रो. राजेश उसे अश्लील वीडियो दिखाते थे, अनुचित तरीके से शरीर को छूते थे, और गलत इरादे से जबरदस्ती करने की कोशिश करते थे। यह भी कहा कि, बात मानने पर उसकी डीआरसी एनएफएससी फेलोशिप के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर देंगे। शोधार्थी ने कुलपति से न्याय की गुहार लगाकर लिखा है कि उचित कार्रवाई नहीं हुई तो आत्महत्या कर लेगा। मामले में विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने चुप्पी साध ली है।

विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार ने इसे अपने खिलाफ साजिश बताया है। कहा कि विश्वविद्यालय के तीन और बाहर का एक शिक्षक षड़यंत्र कर उन्हें बदनाम करना चाहते हैं। कुलपति डॉ. आरके मित्तल को ईमेल से अपना पक्ष रखकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

> आरोप व शिकायत मिली है। इसे लेकर जांच कमेटी का गठन किया जा रहा है। हर एक पहलू की विधिवत जांच की जाएगी। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।
>
> –प्रो . गोपाल सिंह, कार्यवाहक प्रवक्ता, बीबीएयू

कहा कि शैक्षणिक अनियमितताओं को लेकर पीएचडी शोधार्थी को सूचित किया गया। गलतियों की ओर इंगित करते हुए चेतावनी दी गई।

# पुनर्वास विवि में बीटेक की आधी सीटों पर सीधे प्रवेश

## एकेटीयू के पूल काउंसलिंग में पुनर्वास विवि भी विकल्प दिखेगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** डॉ. शकुंतला मिश्र राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में 480 बीटेक की सीटों में आधे पर सीधे प्रवेश मिलेगा। इस वर्ष बीटेक की आधी सीटों पर प्रवेश को लेकर बदलाव किया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि आधी सीटों पर अपने स्तर से प्रवेश के लिए एकेटीयू की पूल काउंसलिंग का सहारा लिया जाएगा। पुनर्वास विश्वविद्यालय में इस बार काउंसलिंग में 100 प्रतिशत प्रवेश सीयूईटी के माध्यम से हो रहे हैं।

बीटेक विषय में प्रवेश के लिए ज्यादातर छात्र (जेईई) की भी परीक्षा देते हैं। ऐसे में विश्वविद्यालय अपने यहां की आधी सीटों पर सीयूईटी से प्रवेश लेने का निर्णय लिया है। एकेटीयू में पूल काउंसलिंग से पुनर्वास विश्वविद्यालय अपनी आधी सीटें भरेगा। पूल काउंसलिंग में एकेटीयू के अन्य संबद्ध कॉलेजों की तरह शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय भी च्वाइस फिलिंग में एक विकल्प के रूप में छात्रों को दिखेगा। छात्र वहां से च्वाइस लॉक कर विश्वविद्यालय में प्रवेश ले सकेंगे। अगर किसी छात्र को वहां दाखिला नहीं मिलता है, तो वह सीधे काउंसलिंग के माध्यम से सेट के सपोर्ट पर भी विश्वविद्यालय में दाखिला ले सकेंगे।

पुनर्वास विश्वविद्यालय के प्रवक्ता यशवंत वीरोदय ने बताया कि कैंपस में 480 सीटों पर बीटेक के दाखिले हो रहे हैं।

इसमें कंप्यूटर साइंस की सबसे ज्यादा 120 सीटें हैं। जबकि इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिक, सिविल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की 60-60 सीटों पर प्रवेश होंगे। इसके अलावा बीटेक की लेटर एंट्री की भी सीटें हैं। जिसमें 48 सीटों पर दाखिले लिए जाएंगे और हर ट्रेड की 10 फ़ीसदी सीटों पर लैटरल एंट्री के एडमिशन होने हैं।



अब्रासिव जेट मशीन के साथ लविवि मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र व शिक्षक।

## लविवि के छात्रों ने विकसित की अब्रासिव जेट मशीन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के अंतिम वर्ष के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों ने बेहद कम लागत वाली अब्रासिव जेट मशीन विकसित की है। मशीन कठोर और भंगुर पदार्थों की सटीक कटाई के लिए विकसित की गई है। डॉ. प्रवीण कुमार राय के मार्गदर्शन में जागृत प्रताप सिंह, अमितेश, शशांक शेखर, लक्ष्य राजपूत एवं मानवेंद्र प्रताप ने मशीन बनाई है। बाजार कीमत 1 लाख से 1.5 लाख रुपये तक कीमत वाली मशीन छात्रों ने महज 13,000 की लागत में तैयार कर दी है, जो तकनीकी दक्षता के उदाहरण के साथ किफायती नवाचार की मिसाल भी है। इस मशीन का निर्माण वायुसंपीडक, मिक्सिंग चेंबर, उच्च दबाव नोजल, प्रेशर गेज, ब्लो वाल्व, वायु वाहक पाइप आदि तकनीकी युक्तियों को संयोजित कर किया गया है। इसका उद्देश्य छात्रों को नॉन-कॉन्वेंशनल मशीनिंग तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी देना है। मशीन के सफल परीक्षण के उपरांत कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि छात्रों और शिक्षकों को इस प्रकार के कम लागत वाले तकनीकी प्रयोगों को प्रोत्साहित करना चाहिए, जिससे नवाचार को बल मिले। संकायाध्यक्ष प्रो. एके सिंह ने जानकारी दी कि यह प्रोटोटाइप विभागीय प्रयोगशालाओं में प्रदर्शन तथा हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग के लिए उपयोग किया जाएगा। इस अवसर पर विभागीय समन्वयक डॉ. कमलेश तिवारी सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

# प्राथमिक शिक्षक संघ की कार्यसमिति को मिली मान्यता

**अमृत विचार, लखनऊः** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ( एआईपीटीएफ )ने उत्तर प्रदेश में सुशील कुमार पांडे के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की कार्यसमिति को मान्यता प्रदान की है।

अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय महासचिव राजकुमार पटेल ने पत्र जारी कर स्पष्ट किया कि अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पंजीकृत संविधान नियमावली के अनुसार संस्था उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश सभी मापदंडों को पूरा करता जिसके क्रम में सुशील कुमार पांडे अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व वाली कार्यकारिणी समिति को मान्यता पूर्व की तरह प्रदान की जाती है।

## विद्यार्थियों को मिले टैबलेट



टैबलेट के साथ विद्यार्थी साथ में रालोद महासचिव अनिल दुबे।

**अमृत विचार, निगोहां :** निगोहां स्थित बाबू सुंदर सिंह ग्रुप आफ इंस्टिट्यूशंस में विद्यार्थियों को टैबलेट वितरण किए गए। मुख्य अतिथि रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दूबे ने कहा की छात्रों को डिजिटल उपकरणों से सशक्त बनाना समय की मांग है। प्रदेश सरकार का सदैव प्रयास रहा है कि तकनीकी शिक्षा को अधिक प्रभावशाली और सुलभ बनाया जाए। बाबू सुंदर सिंह ग्रुप आफ इंस्टिट्यूशंस लखनऊ के अध्यक्ष आनंद शेखर सिंह ने कहा, कि हर छात्र को शिक्षा के आधुनिक साधनों से जोड़ा जाए ताकि वह वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हो सकें।

## 16 दिवसीय योग कार्यशाला शुरू



कार्यशाला में योग का अभ्यास करते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा गोद लिए गए कठिंगरा गांव के प्राथमिक विद्यालय में 16 दिवसीय योग कार्यशाला शुक्रवार से शुरू हो गई। 21 जून तक चलने वाली इस कार्यशाला के प्रथम दिवस बच्चों के स्वास्थ्य एवं उनकी रुचि के अनुरूप खेल-खेल में योग का प्रशिक्षण दिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व ग्रामीणों को भी योगासन का अभ्यास कराया गया। कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने बताया कि असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रूचि खरे के समन्वयन में कार्यशाला को आयोजित की जा रही है।

## स्पेलिंग प्रतियोगिता में दो छात्रों को सफलता



शिक्षिका के साथ सफलता अर्जित करने वाले छात्र।

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल अलीगंज प्रथम कैम्पस के कक्षा-5 के दो मेधावी छात्रों कार्तिकेय कात्यायन एवं उत्कृष्ट मिश्रा ने अन्तर-विद्यालयी विज इंटरनेशनल स्पेल बी प्रतियोगिता के राज्य स्तरीय ग्रैण्ड फिनाले में तृतीय व आठवीं रैंक अर्जित कर अपनी मेधा का परचम लहराया है। सीएमएस के कम्युनिकेशन्स हेड ऋषि खन्ना ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश भर के चुने हुए छात्रों ने प्रतिभाग किया।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## निर्माण खण्ड-2, लोक निर्माण विभाग, रायबरेली

No. 1025/ 2Lekha/2025 Dated : 31-05-2025

**ई-निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग, रायबरेली द्वारा प्रतिशत दर पर ई-टेण्डरिंग के माध्यम से समान प्रकृति के कार्य के अनुभव वाले ट्रान्सपोटरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि0 का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि0 का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | रायबरेली | आई0ओ0सी0एल0 मथुरा रिफाईनरी से निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, रायबरेली केन्द्रीय भण्डार तक बल्क बिटुमिन की ढुलाई का कार्य। | 22.40 | 2.24 | 944.00 | 09 माह | निर्माण खण्ड-2, लो0.नि.वि, रायबरेली | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |

बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुये तथा जी0एस0टी0 करों को छोड़ते हुये लगाई गयी है।

बिड डाक्यूमेंट की धनराशि (निविदा शुल्क) कॉलम-6 के अनुसार केवल नेट-बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन यू0पी0 ई0-टेण्डर पोर्टल खाता में देय होगा। निविदा शुल्क की धनराशि की वापसी नहीं की जायेगी।

बिड डाक्यूमेंट से सम्बन्धित धरोहर धनराशि कॉलम-5 के अनुसार केवल नेट-बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन यू0पी0 ई0-टेण्डर पोर्टल खाता में देय होगा।

निविदा आनलाइन दिनांक 10.06.2025 की पूर्वान्ह् 9:00 बजे से दिनांक 20.06.2025 की अपरान्ह् 12:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 20.06.2025 की अपरान्ह् 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 20.06.2025 को अपरान्ह् 12:30 बजे खोली जायेगीं। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

UP – 234583 **दिनांक:** 06/06/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

(प्रमोद कुमार सिंह राणा)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0,
रायबरेली



## कार्यालय नगर पालिका परिषद जलालपुर अम्बेडकर नगर

**पत्रांक:** 148/न0पा0परि0ज0/2025–26 **दिनांक:**– 06.06.2025

**ई–निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर के द्वारा स्वायत्त निकाय / पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में A/B/C/D/E श्रेणी (जैसा लागू हो) में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदा दाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत 05 कार्य, की ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा देखने/डाउनलोड /खरीदने की तिथि | 13.06.2025 12:00 PM | 05.07.2025 01:00 PM |
| 2. | बिड समाप्ति की तिथि | 05.07.2025 12:00 PM | 05.07.2025 01:00 PM |
| 3. | बिड खोलने की तिथि एवं समय | | 05.07.2025 02:00 PM |

**नियम एवं शर्ते –**

1. सशर्त निविदायें मान्य नहीं होगी और स्वत: ही निरस्त समझी जायेगी।
2. बिना कारण बताये किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जलालपुर को होगा।
3. निर्माण कार्यो की निविदा में वर्णित सामग्री आदि पर आयकर, जी.एस.टी.कर व अन्य करों की कटौती ठेकेदार के बिल से नियमानुसार की जायेगी।
4. निविदादाता को चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, श्रम विभाग का पंजीयन, आयकर व जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति साथ में संलग्न करनी अनिवार्य होगी। जो वर्तमान समय तक वैध होनी चाहिये।
5. उक्त निविदा से संबंधित शेष नियम शर्त बेवसाईट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद जलालपुर**
**अम्बेडकर नगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद जलालपुर**
**अम्बेडकर नगर**



## उत्तर प्रदेश सरकार कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी, जिला पंचायत परिसर सुलतानपुर।

संख्याः–2025–26/39/शास्त्रोक्त औषधि/यू0/502 दिनांकः 04.06..2025

**निविदा–सूचना**

एतद द्वारा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी जनपद सुलतानपुर एंव अमेठी के अधीनस्थ संचालित यूनानी चिकित्सालयों के लिए शास्त्रोक्त औषधि क्रय हेतु वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–5भाग–1 के परिशिष्ट–19 में निविदा से सम्बन्धित सामान्य सिद्वान्त में निहित निर्देश के अनुसार सूचित किया जाता है कि राजकीय यूनानी चिकित्सालयों के लिए निर्मित औषधि आपूर्ति हेतु टेण्डर दिनांक 10.07.2025 समय 02.00 बजे अपराह्न तक क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी कार्यालय सुलतानपुर कक्ष में टेंण्डर वाक्स में डाला जायेगा। दिनांक 10.07.2025 कों समय 03.00बजे अपराह्न में क्रय समिति के समक्ष टेण्डर खोला जायेगा। निविदा फार्म व शर्ते दिनांक 01.07.2025 से दिनांक 05.07.2025 तक कार्यालय कार्य दिवस में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी कार्यालय सुलतानपुर से प्राप्त किया जा सकता है। यह निविदा वित्तीय वर्ष 2025–26 (दिनांक 31.03.2026 तक) के लिए मान्य होगा।

UP – 234711 **दिनांक:** 05/06/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in
**पर उपलब्ध है।**

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी
सुलतानपुर



## कार्यालय अधिषासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड नं0–2 (सिविल), लो0नि0वि0, लखनऊ

पत्रांकः 1345/ई–टेन्डर/2025–26 दिनांक : 29.05.2025

**ई–प्रोक्योरमेण्ट नोटिस (विज्ञप्ति)**

1. अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड–2, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेष की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के श्रेणी–ए, बी, सी एवं डी में भवन कार्य हेतु पंजीकृत निविदा दाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्य जिनकी निर्माण लागत सम्मुख अंकित है, प्रतिषत दर पर निविदा आमंत्रित करते है।

| क्रम सं0 | जनपद | कार्य का नाम | निविदा लागत (लाख में) | बिड सिक्योरिटी रू0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि (दिनो में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लखनऊ | विधायक निवास–4 रायल होटल स्थित आवास सं0–37–38 में किचेन की टाइल्स, कैबिनेट बनाने का कार्य, एक बाथरूम के नवीनीकरण व पर्दा राड एवं अन्य सिविल सम्बन्धित कार्य। | 2.25 | 22500.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 2 | लखनऊ | राजभवन कालोनी स्थित आवास सं0–24 टाइप–5 में गैराज की फ्लोर को ऊंचा करने का कार्य एवं बाथरूम के क्षतिग्रस्त दो दरवाजों को बदलने एवं गैराज के क्षतिग्रस्त प्लास्टर को तोड़कर पुनः प्लास्टर कर रंगाई पुताई का कार्य। | 1.02 | 10200.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 3 | लखनऊ | राजभवन कालोनी स्थित आवास सं0–8 टाइप–5 में किचेन कैबिनेट एवं किचेन वार्डरोब बनाने का कार्य, खुली अलमारी में पल्ले लगाने का कार्य एवं स्टोर में एक अलमारी बनाने का कार्य, एक खिड़की की मरम्मत एवं गैराज के फर्ष को ऊंचा करने, क्षतिग्रस्त शेड को बदलने का कार्य एवं अन्य आवष्यक मरम्मती कार्य। | 3.99 | 39900.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 4 | लखनऊ | विधायक निवास–2 के प्रांगण में गेट सं0–01 से लेकर गैराज सं0–07 तक व आवास सं0–117बी से लेकर 114बी तक क्षतिग्रस्त हो चुकी लाइन के स्थान पर नई सीवर लाइन डालने का कार्य। | 6.30 | 63000.00 | 860.00 | 30 दिन |
| 5 | लखनऊ | नवनिर्मित विधायक निवास दारूलषफा स्थित आवास सं0–1001 में दीमक की वजह से क्षतिग्रस्त वार्डरोब, किचेन कैबिनेट व कपबोर्ड को बदलने का कार्य एवं अन्य सिविल सम्बन्धित कार्य। | 2.30 | 23000.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 6 | लखनऊ | अपर डालीबाग कालोनी स्थित आवास सं0–12/1 टाइप–5 में क्षतिग्रस्त एक बाथरूम व किचेन की मरम्मत, क्षतिग्रस्त खिड़की बदलने, अस्थायी क्षतिग्रस्त शेड का कार्य एवं अन्य आवष्यक मरम्मती कार्य। | 2.49 | 24900.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 7 | लखनऊ | कालिदास मार्ग स्थित आवास सं0–5ए में आफिस रूम की क्षतिग्रस्त विण्डो को हटाकर यू0पी0वी0सी0 की विण्डो लगाना, क्षतिग्रस्त व पुरानी पानी की टंकी बदलना, क्षतिग्रस्त किचेन की कैबिनेट, कपबोर्ड एंव जंगयुक्त बास्केट बदलना व अन्य आवष्यक विविध मरम्मती कार्य। | 4.21 | 42100.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 8 | लखनऊ | कालिदास मार्ग स्थित आवास सं0–14 में एक अस्थाई बाथरूम का निर्माण करना व अन्य आवष्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 4.15 | 41500.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 9 | लखनऊ | विधायक निवास–1 स्थित गेट नं0–1, 2 का सुन्दरीकरण हेतु फाल्स सीलिंग का कार्य। | 2.07 | 20700.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 10 | लखनऊ | विधायक निवास–4, रायल होटल स्थित आवास सं0–55–56 में एक बाथरूम के टाइल्स को बदलने का कार्य एवं किचेन कैबिनेट, कपबोर्ड बनाने, आवास के तीन खराब दरवाजों खिड़कियों व पल्लों का कार्य, वनपीस सीट व सिविल सम्बन्धी मरम्मती कार्य। | 3.25 | 32500.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 11 | लखनऊ | विक्रमादित्य मार्ग स्थित नया मंत्री आवास सं0–03 में सिविल अनुरक्षण एवं रंगाई पुताई का कार्य। | 2.50 | 25000.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 12 | लखनऊ | नवनिर्मित विधायक निवास दारूलषफा स्थित स्टैरकेस पर खुली खिड़कियों पर यू0पी0वी0सी0 से ढकने का कार्य एवं अन्य आवष्यक कार्य। | 5.13 | 51300.00 | 860.00 | 30 दिन |
| 13 | लखनऊ | विधायक निवास–2 (नया) की छत एवं दोनों सिस्टर विंग्स की छत पर पुरानी व जर्जर जी0आई0 लाइन को हटाकर नई सी0पी0वी0सी0 लाइन डालने एवं बिल्डिंग की छत पर पूर्व निर्मित आर0सी0सी0 टैंक संख्या–1 के क्षतिग्रस्त आर0सी0सी0 कवर को तोड़कर पुनः बनाने का कार्य। | 9.60 | 96000.00 | 860.00 | 60 दिन |
| 14 | लखनऊ | दारूलषफा कम्पाउण्ड स्थित बंगला न0–10 डा0 भीमराव अम्बेडकर महासभा कार्यालय में बाबा साहेब के जन्म दिवस समारोह हेतु परिसर में टेंट, फर्नीचर, कार्पेट बिछाने व अन्य सजावटी कार्य एवं रंगाई पुताई तथा तथा अन्य सिविल अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य। | 1.50 | 15000.00 | 680.00 | 15 दिन |
| 15 | लखनऊ | विधायक निवास–2 (नया) के आवास सं0–113बी के दो बाथरूमों के पूर्ण नवीनीकरण करने, क्षतिग्रस्त फिटिंग्स व फिक्चर्स बदलने, आवास में दीमक रोधी उपचार कराने, एक कमरें की क्षतिग्रस्त अलमारी को बदलने, किचेन में वाल एवं फ्लोर टाइल्स लगाने, किचेन टाप बदलने व अन्य आवष्यक विभिन्न सिविल सम्बन्धी कार्य। | 4.19 | 41900.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 16 | लखनऊ | विधायक निवास–2 (नया) स्थित आवास सं0–125–126बी में किचेन कैबिनेट व कपबोर्ड बनाने, आवास सं0–125बी के दोनों कमरों की अलमारी के पल्लों को बदलने, किचेन की अलमारी में पल्ले लगाने व अन्य आवष्यक सिविल सम्बन्धी कार्य। | 3.36 | 33600.00 | 770.00 | 30 दिन |
| | | (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण हेतु कार्य।) | | | | |
| 17 | लखनऊ | विक्रमादित्य मार्ग स्थित नया मंत्री आवास सं0–1 में बेडरूम की क्षतिग्रस्त फ्लोर टाइल्स की जगह पुनः टाइल्स लगाना, पीछे बने शेड में ब्रिक वर्क का पार्टीशन करना, आवास में बन हट के चारों तरफ पेबल स्टोन लगाना, आन्तरिक भाग की रंगाई पुताई करना व अन्य आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 2.43 | 24300.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 18 | लखनऊ | विक्रमादित्य मार्ग स्थित नया उपमंत्री आवास सं0–08 में मुख्य गेट एवं गैलरी के ऊपर धूप एवं बारिश के बचाव हेतु टीन शेड डालने का कार्य। | 1.07 | 10700.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 19 | लखनऊ | गौतमपल्ली कालोनी स्थित आवास सं0–12 में किचेन में क्षतिग्रस्त किचेन कैबिनेट व किचेन कप बोर्ड को पुनः बनाना एवं स्टोर रूम की क्षतिग्रस्त टाइल्स बदलने का कार्य। | 1.22 | 12200.00 | 680.00 | 30 दिन |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 11.06.2025 से 16.06.2025 तक उपलब्ध है जो दिनांक 16.06.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक निविदादाता द्वारा सबमिट/अपलोड किये जा सकते है। इसकी निविदा दिनांक 16.06.2025 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी दिनांक 11.06.2025 से वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**UP-234647 दिनांक 05.06.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**अधिषासी अभियन्ता**
**अनुरक्षण खण्ड–2 (सिविल),**
**लो0नि0वि0, लखनऊ**
**ई–मेल : maintenancedivision2pwd@gmail.com**

अमृत विचार
www.amritvichar.com

गुणैरुत्तमतां यान्ति नोच्चैरासनसंस्थितैः ।
प्रसादशिखरस्थोऽपि किं काको गरुडायते ॥

गुणों से ही मनुष्य बड़ा बनता है, न कि किसी ऊंचे स्थान पर बैठ जाने से । राजमहल के शिखर पर बैठ जाने पर भी कौआ गरुड़ नहीं बनता ।

## संपादकीय

# मध्य वर्ग को सीधी राहत

वैश्विक स्तर पर जारी चुनौतियों के बीच अर्थव्यवस्था को जरूरी समर्थन जारी रखने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को रेपो दर को आधा प्रतिशत घटाने का बड़ा फैसला लिया है। निश्चित रूप से इस फैसले से आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। केंद्रीय बैंक ने लगातार तीसरी बार रेपो दर में कटौती की है। इस दर कटौती का उद्देश्य न केवल आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देना है बल्कि आम जनता, विशेष रूप से मध्यम वर्ग को सीधी राहत पहुंचाना भी है। इस कटौती के साथ रेपो दर तीन साल के निचले स्तर 5.5 प्रतिशत पर आ गई है। इसके साथ आरबीआई ने बैंकों के लिए अप्रत्याशित रूप से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी एक प्रतिशत की कटौती की घोषणा की। रेपो दर में कटौती के साहसिक कदम से मकान खरीदने वालों को राहत मिलेगी और रियल एस्टेट क्षेत्र में मांग भी बढ़ेगी। इस बार की कटौती ने बैंकों के लिए पूंजी जुटाना सस्ता बना दिया है, जिससे अब होम लोन, कार लोन, पर्सनल लोन जैसे उत्पादों की दरें घटेंगी। जहां एक ओर आम जनता को सीधी राहत मिल रही है, वहीं बैंकों के लिए यह कदम दोहरी परिस्थिति लेकर आया है। स्पष्ट है कि रिजर्व बैंक अर्थव्यवस्था को स्थिर गति देने और मांग को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से काम कर रहा है। कंपनियों के लिए भी यह फैसला वित्त पोषण को आसान बनाएगा, नई परियोजना शुरू करने में मदद करेगा और नकदी की स्थिति बेहतर करेगा। जानकारों के मुताबिक आरबीआई ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब मुद्रास्फीति अप्रैल में घटकर लगभग छह साल के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत और आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में चार साल के न्यूनतम स्तर 6.5 प्रतिशत पर आ गई है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि आगे रेपो दर में और कटौती की गुंजाइश काफी कम है।

भविष्य की मौद्रिक नीति कार्रवाई आने वाले आंकड़ों पर निर्भर करेगी। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) भविष्य की नीति तैयार करने के लिए आय के आंकड़ों और उभरते परिदृश्य का सावधानीपूर्वक आकलन करेगी। कुल मिलाकर यह दर कटौती आम लोगों की जेब पर भी सकारात्मक असर डालेगी। क्योंकि छोटे शहरों और कस्बों में भी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जहां अधिकतर ग्राहक बैंक ऋण पर निर्भर रहते हैं। निस्संदेह यह महत्वपूर्ण कटौती केवल एक मौद्रिक नीति निर्णय नहीं है बल्कि आम आदमी की जिंदगी को आसान बनाने, आर्थिक असमानता को घटाने और बाजार को फिर से सक्रिय करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।

# भारत के लिए संकट नहीं बनेगा ब्रह्मपुत्र का पानी



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

चीन के साथ सुविधा यह है कि वह अपनी नदियों के जल को अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानकर चलता है। पानी को एक उपभोक्ता वस्तु मानकर वह उसका अपने हितों के लिये अधिकतम दोहन में लगा है। बौद्ध धर्मावलम्बी चीन परंपरा और आधुनिकता के बीच मध्यमार्गी सामंजस्य बनाकर चल रहा है।

ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को लेकर चीन का भारत से ही नहीं बांग्लादेश से भी विवाद है। इस नदी पर कई बांध बनाकर चीन ने ऐसे जल प्रबंध कर लिए हैं कि वह जब चाहे तब भारत और बांग्लादेश में पानी के प्रवाह को रोक दे और जब चाहे तब ज्यादा पानी छोड़कर ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे बसे इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न कर दे। चीन ने ऐसी हरकत करते हुए साल 2016 में भारत में जलापूर्ति करने वाली ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी जियाबुकू का पानी रोक भी दिया था। लेकिन इसका असर पूर्वोत्तर की कृषि पर देखने में नहीं आया था। ब्रह्मपुत्र एशिया की सबसे लंबी नदी है। इस नदी की लम्बाई 3000 किमी है। इसी की सहायक नदी जियाबुकू है। जिस पर चीन हाइड्रो प्रोजेक्ट बना रहा है।

ऑपरेशन सिंदूर और सिंधु जल संधि के निलंबन से आहत पाकिस्तान भारत को सबक सिखाने के दिन में स्वप्न देख रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के सलाहकार राणा अहसान अफजल ने एक नई धमकी देते हुए कहा है कि यदि चीन ब्रह्मपुत्र का पानी रोक दे तो भारत का क्या हाल होगा? चूंकि पाकिस्तान न तो ब्रह्मपुत्र के भूगोल से परिचित है और न ही पानी के प्रवाह के तकनीकी के ज्ञान से? इसलिए इस भूगोल और तकनीक का ज्ञान असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कराकर पाक के नैरेटिव की हवा निकाल दी। बिस्वा ने अपनी एक्स पोस्ट पर ठोस तथ्यों के साथ लिखा कि ब्रह्मपुत्र एक ऐसी नदी है, जिसका प्रवाह भारत में घटता-बढ़ता नहीं है। अतएव नदी को अपना प्रवाह बनाए रखने के लिए चीन के पानी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है। ब्रह्मपुत्र के कुल जल प्रवाह में चीन केवल 30 से 35 प्रतिशत तक का योगदान देता है। यह भी ज्यादातर हिमनदों के पिघलने और बारिश से मिलता है। शेष 65 से 70 प्रतिशत जल भारत में बहने वाली ब्रह्मपुत्र की सहायक नदियों से मिलता है। इसलिए यह नदी भारत में प्रवेश के बाद सशक्त हो जाती है। अतएव यह वर्षा जल से पोषित भारतीय नदी प्रणाली का हिस्सा है न कि किसी एक जल स्रोत पर निर्भर है। पाकिस्तान को यह सच्चाई जाननी चाहिए। फिर भी चीन ब्रह्मपुत्र के जल को कम करता भी है तो वह भारत के लिए मददगार ही साबित होगा। क्योंकि इस नदी की बाढ़ से प्रतिवर्ष लाखों लोगों को विस्थापन का दंश झेलना पड़ता है।

ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को लेकर चीन का भारत से ही नहीं बांग्लादेश से भी विवाद है। इस नदी पर कई बांध बनाकर चीन ने ऐसे जल प्रबंध कर लिए हैं कि वह जब चाहे तब भारत और बांग्लादेश में पानी के प्रवाह को रोक दे और जब चाहे तब ज्यादा पानी छोड़कर ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे बसे इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न कर दे। चीन ने ऐसी हरकत करते हुए साल 2016 में भारत में जलापूर्ति करने वाली ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी जियाबुकू का पानी रोक भी दिया था। लेकिन इसका असर पूर्वोत्तर की कृषि पर देखने में नहीं आया था। ब्रह्मपुत्र एशिया की सबसे लंबी नदी है। इस नदी की लम्बाई 3000 किमी है। इसी की सहायक नदी जियाबुकू है। जिस पर चीन हाइड्रो प्रोजेक्ट बना रहा है। दुनिया की सबसे लंबी नदियों में 29वां स्थान रखने वाली ब्रह्मपुत्र 1625 किमी तिब्बत क्षेत्र में बहती है। इसके बाद 918 किमी भारत और 363 किमी की लम्बाई में बांग्लादेश में बहती है। समुद्री तट से 3300 मीटर की ऊंचाई पर तिब्बती क्षेत्र में बहने वाली इस नदी पर चीन ने 12वीं पंचवर्षीय योजना के तहत तीन पनबिजली परियोजनाएं निर्माण के प्रस्ताव पहले ही मंजूर कर चुका है और अब नए बांध निर्माण को मंजूरी दे दी है। चीन इन बांधों का निर्माण अपनी आबादी के लिये व्यापार, सिंचाई, बिजली और पेयजल समस्याओं के निदान के उद्देश्य से कर रहा है, लेकिन उसका इन बांधों और जल सुरंगों के निर्माण की पृष्ठभूमि में छिपा एजेंडा, खासतौर से भारत के खिलाफ जल हथियार के रूप में रणनीतिक इस्तेमाल के रूप में भी देखी जाती हैं। लेकिन यदि चीन ब्रह्मपुत्र के पानी को औजार बनाता है तो भारत से कहीं ज्यादा चीन की ही बिजली, सिंचाई और पेयजल योजनाएं प्रभावित होंगी।

दरअसल चीन में बढ़ती आबादी के चलते इस समय 886 नगर और 110 बड़े नगर पानी के गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। उद्योगों और कृषि संबंधी जरूरतों के लिए भी चीन को बड़ी मात्रा में पानी की जरूरत है। चीन ब्रह्मपुत्र के पानी का अनूठा इस्तेमाल करते हुए अपने शिनजियांग, जांझु और मंगोलिया इलाकों में फैले व विस्तृत हो रहे रेगिस्तान को भी नियंत्रित करना चाहता है। चीन की यह नियति रही है कि वह अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए पड़ोसी देशों की कभी परवाह नहीं करता। चीन ब्रह्मपुत्र के पानी का मनचाहे उद्देश्यों के लिए उपयोग करता है तो तय है, अरुणाचल में जो 17 पनबिजली परियोजनाएं प्रस्तावित व निर्माणाधीन हैं, इनके अटकने के अनुमान लगा लिए जाते हैं। ये परियोजनाएं पूरी हो जाती हैं और ब्रह्मपुत्र से इन्हें पानी मिलता रहता है तो इनसे 37827 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। इस बिजली से पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में बिजली की आपूर्ति तो होगी ही, पश्चिम बंगाल और ओड़ीसा को भी अरुणाचल बिजली बेचने लग जाएगा। चीन अरुणाचल पर जो टेढ़ी निगाह बनाए रखता है, उसका एक बड़ा कारण अरुणाचल में ब्रह्मपुत्र की जलधारा ऐसे पहाड़ व पठारों से गुजरती है, जहां भारत को मध्यम व लघु बांध बनाना आसान है। ये सभी बांध भविष्य में अस्तित्व में आ जाते हैं और पानी का प्रवाह बना रहता है तो पूर्वोत्तर के सातों राज्यों की बिजली, सिंचाई और पेयजल जैसे बुनियादी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। पिछले 11 साल में इन बांधों के निर्माण में तेजी आई है।

चीन के साथ सुविधा यह है कि वह अपनी नदियों के जल को अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानकर चलता है। पानी को एक उपभोक्ता वस्तु मानकर वह उसका अपने हितों के लिए अधिकतम दोहन में लगा है। बौद्ध धर्मावलम्बी चीन परंपरा और आधुनिकता के बीच मध्यमार्गी सामंजस्य बनाकर चल रहा है। जो नीतियां एक बार मंजूर हो जाती हैं, उनके अमल में चीन कड़ा रुख और भौतिकवादी दृष्टिकोण अपनाता है। इसलिए वहां परियोजना के निर्माण में धर्म और पर्यावरण संबंधी समस्याएं रोड़ा नहीं बनती। नतीजतन एक बार कोई परियोजना कागज पर आकार ले लेती है तो वह आरंभ होने के बाद निर्धारित समयावधि में लगभग पूरी हो जाती है। चीन और भारत के बीच ब्रह्मपुत्र के जल-बंटवारे को लेकर विवाद और टकराव बढ़ रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पानी के उपयोग को लेकर कई संधियां हुई हैं। इस लिहाज से चीन को सोची-समझी रणनीति के तहत पानी रोकने या उसकी धारा बदलने का अधिकार है ही नहीं। इस संधि में जल प्रवाह के आंकड़े साझा करने की शर्त भी शामिल है। लेकिन चीन संयुक्त राष्ट्र की इस संधि की शर्तों को मानने के लिये इसलिए बाध्यकारी नहीं है, क्योंकि इस संधि पर अब तक चीन और भारत ने हस्ताक्षर ही नहीं किए हैं।

दरअसल ब्रह्मपुत्र का पानी अधिक मात्रा में छोड़ने या रोकने से भारत पर बहुत बड़ा असर पड़ने वाला नहीं है, क्योंकि नदी का जलभराव क्षेत्र का 22 से 30 फीसदी हिस्सा चीन में है, वहीं 21 फीसदी जल चीन से आता है। तिब्बती जल स्रोतों, बारिश और हिमनदों के पिघलने से यह पानी नदी में आता है। भूटान एक छोटा देश जरूर है, लेकिन ब्रह्मपुत्र नदी में उसका भी योगदान चीन के बराबर करीब 21 फीसदी है। जबकि भूटान में नदी का बहाव क्षेत्र केवल 7 फीसदी हिस्से में है। वहीं भारत में यह 34 फीसदी के करीब है। परिणामतः ब्रह्मपुत्र में सबसे ज्यादा पानी भारत से ही जाता है। यह करीब 39 प्रतिशत है। भारत में प्रवेश करने से पहले ब्रह्मपुत्र में केवल 14 फीसदी पानी ही शेष बचता है। बाकी जो पानी बढ़ता है, वह भारतीय जल स्रोतों से ही बढ़ता है। चूंकि चीन का पानी पहले से ही बहुत कम है, इसलिए चीन जल प्रवाह रोकता भी है तो उसका भारत पर ज्यादा असर पड़ने वाला नहीं है। मानसून के समय चीन सीमा पर पानी भारत की तुलना में सात गुना तक कम रहता है। अतएव हिमंत बिस्वा ने कड़ा जबाव देकर पाकिस्तान की बोलती बंद कर दी है।

## प्रसंगवश

# खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की चुनौती

**विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस**



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

खाद्य सुरक्षा को एक मानवाधिकार माना गया है, जिसके तहत सभी को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन का उपभोग करने का अधिकार है। इसी के साथ खाद्य जनित बीमारियों के बोझ को कम करके खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना भी अनिवार्य माना गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दूषित खानपान के कारण 200 से अधिक बीमारियां होती हैं और दुनियाभर में प्रतिवर्ष 10 में से 1 व्यक्ति दूषित भोजन के कारण बीमार पड़ता है। प्रतिवर्ष वायरस, बैक्टीरिया, परजीवी अथवा रासायनिक पदार्थों से दूषित भोजन खाने से करोड़ों लोग बीमार पड़ते हैं और लाखों लोग विभिन्न खाद्य जनित बीमारियों के शिकार होकर मर जाते हैं। अस्वास्थ्यकर भोजन के सेवन के कारण गरीबी से ग्रस्त तबके में बीमारियां होने का खतरा ज्यादा होता है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा खाद्य सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और खाद्य जनित बीमारियों को रोकने के लिए कार्रवाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की स्थापना की गई। डब्ल्यूएचओ के अनुसार यह दिन सभी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में आने वाली चुनौतियों पर विचार करने का अवसर प्रदान करता है, जिसमें सुरक्षित भोजन तक पहुंच की कमी, गरीबी और संघर्ष शामिल हैं। इस दिवस की स्थापना का उद्देश्य मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए खाद्य सुरक्षा की आवश्यकता को उजागर करना था। यह वैश्विक दिवस यह सुनिश्चित करने के प्रयासों को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है कि मनुष्यों द्वारा खाया जाने वाला भोजन सुरक्षित है। लोगों के लिए यह जानना भी बहुत महत्वपूर्ण है कि कौन से खाद्य पदार्थ सुरक्षित हैं और हमारे स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं क्योंकि हमारा भोजन ही सुरक्षित नहीं होगा तो हमारा स्वास्थ्य कैसे अच्छा रहेगा?

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर 2018 को 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित करने और सुरक्षित भोजन के बहुत सारे लाभों पर प्रकाश डालने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। उसके बाद संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की दो एजेंसियों खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से प्रतिवर्ष 7 जून को खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाने लगा। 7 जून 2019 पहला खाद्य सुरक्षा दिवस 'खाद्य सुरक्षा, सभी का व्यवसाय' विषय के साथ मनाया गया था। 3 अगस्त 2020 को विश्व स्वास्थ्य सभा ने खाद्य सुरक्षा मुद्दों और दुनिया में आवश्यक कार्रवाइयों के बारे में एक प्रस्ताव पारित किया और हर साल 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित कर दिया गया। प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ मनाए जाने वाले इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य वैश्विक, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय स्तर पर खाद्य जनित बीमारियों को रोकना तथा खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना है। 2021 में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 'स्वस्थ कल के लिए आज सुरक्षित भोजन' विषय के साथ, 2022 में 'सुरक्षित भोजन, बेहतर स्वास्थ्य', 2023 में 'खाद्य मानक जीवन बचाते हैं' और 2024 में 'खाद्य सुरक्षाः अप्रत्याशित के लिए तैयार रहें' विषय के साथ मनाया गया था।

विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2025 का विषय है 'खाद्य सुरक्षाः क्रियाशील विज्ञान'। यह विषय सुरक्षित भोजन सुनिश्चित करने में वैज्ञानिक ज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे वैज्ञानिक साक्ष्य खाद्य सुरक्षा में प्रगति को आगे बढ़ाते हैं, विशेषज्ञ सलाह से लेकर निगरानी और वैश्विक सहयोग तक। यह विषय वैज्ञानिक ज्ञान को व्यवहार में लाने के महत्व को भी रेखांकित करते हुए इस बात पर जोर देता है कि भोजन तभी सुरक्षित हो सकता है, जब मार्गदर्शन और सलाह को अमल में लाया जाए। असुरक्षित भोजन कई निम्न और मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के विकास को भी बाधित करता है, जिससे श्रमिकों की विकलांगता, बीमारी और असामयिक मृत्यु के कारण उत्पादकता में करीब 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर की हानि होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक खाद्य सुरक्षा को जलवायु संकट भी प्रभावित करता है और बढ़ता तापमान सुरक्षित खाद्य उत्पादन के लिए बड़ा खतरा बन रहा है।

# फिर से भड़कता दिख रहा रूस-यूक्रेन युद्ध



राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार

दोनों पक्षों के पास न तो निर्णायक जीत है और न ही शांति का कोई साफ रास्ता। इस लंबी और थकाऊ लड़ाई के बाद भी यह तय नहीं हो पाया है कि कौन जीत रहा है।

फरवरी 2022 में शुरू हुआ रूस-यूक्रेन युद्ध चौथे साल में चल रहा है। लाखों लोगों की जान जा चुकी है, शहर उजड़ चुके हैं और अब दुनिया की नजरें इस सवाल पर टिकी हैं- आखिर कौन जीत रहा है यह युद्ध? क्या यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस के ताकतवर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को मात दे रहे हैं या फिर रूस धीरे-धीरे अपनी रणनीति में सफल हो रहा है?

विश्लेषकों का मानना है कि तुर्की में रूस और यूक्रेन के बीच हुई बातचीत के बाद स्थिति और उलझ गई है। पुतिन ने साफ कर दिया है कि उन्हें सिर्फ एक ही बात स्वीकार है-यूक्रेन का सरेंडर। दूसरी ओर, यूक्रेन कुछ शर्तों पर रियायत देने को तैयार है, लेकिन रूस अपने कठोर रुख से टस से मस नहीं हो रहा। दूसरी ओर यूक्रेन, टेक्नोलॉजी के मोर्चे पर, रूस को कड़ी टक्कर दे रहा है। हाल ही में यूक्रेनी ड्रोन हमलों ने रूस के बमवर्षक विमानों को भारी नुकसान पहुंचाया है। रूस ने सोचा भी नहीं होगा कि यूक्रेन रूस के 4000 किलोमीटर अंदर घुसकर उसके एयरबेस उड़ा सकता है, लेकिन उसने ऐसा किया। अब 5 एयरबेस पर हमले का नुकसान तो बड़ा है और रूसी राष्ट्रपति पुतिन का गुस्सा भी स्वाभविक है। ऐसे में रूस-यूक्रेन युद्ध एक बार फिर से भड़कता दिख रहा है और शांति की उम्मीदें लगभग मंद हो गई हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि इस युद्ध में अब तक करीब 14 लाख लोग हताहत हो चुके हैं। यूक्रेन के 75 हजार से ज्यादा सैनिक या तो मारे जा चुके हैं या गंभीर रूप से घायल हुए हैं। रूस की कुर्स्क पर भारी कार्रवाई के बाद यूक्रेनी सेना को पीछे हटना पड़ा। इसके बाद रूस ने पलटवार करते हुए सूमी प्रांत पर हमला शुरू कर दिया है। सूमी की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यदि रूस इस पर कब्जा कर लेता है, तो वह सीधे कीव की ओर जमीनी हमला कर सकता है। इससे यूक्रेन की राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था कमजोर हो जाएगी। फिलहाल, यूक्रेनी सेना रूस के कब्जे वाले इलाकों में जवाबी कार्रवाई कर रही है। उन्हें अमेरिका और यूरोपीय देशों से तकनीकी और खुफिया जानकारी मिल रही है, जिससे उन्हें हमलों की रणनीति बनाने में मदद मिलती है। इसके अलावा, यूक्रेन में अब अपने ही ड्रोन बनाने की फैक्ट्री और विशेषज्ञ तैयार हो चुके हैं।

हालांकि यूक्रेन को आधुनिक तकनीक और समर्थन मिल रहा है, लेकिन उसकी चुनौतियां भी कम नहीं हैं। जैसे ड्रोन हमले रूसी सेना को धीमा कर सकते हैं, लेकिन उन्हें पूरी तरह रोक नहीं सकते,-रूस लगातार मिसाइल और बमबारी करता जा रहा है, यूरोप और अमेरिका से हथियारों की सप्लाई बनाए रखना ओर नए हथियारों के लिए सैनिकों को ट्रेनिंग देना भी यूक्रेन के लिए बड़ी चुनौती है।

रूस की रणनीति अब यह है कि यूक्रेनी सेना की सप्लाई लाइन को काटा जाए, उन्हें घेरा जाए और धीरे-धीरे एक-एक इलाके पर कब्जा किया जाए। इसके लिए रूसी सेना छोटे-छोटे समूहों में काम कर रही है ताकि वे ड्रोन हमलों से बच सकें। यूक्रेन की गैर पारंपरिक रणनीतियां-जैसे लंबी दूरी तक ड्रोन से हमला-रूस के लिए परेशानी बन चुकी हैं, लेकिन रूस अब भी उनके खिलाफ कोई ठोस समाधान नहीं निकाल पाया है। इससे संकेत नहीं मिलते कि रूस हमला धीमा करने वाला है।

इस समय रूस ने 5 यूक्रेनी प्रांतों के 19प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर लिया है। इनमें से 12 प्रतिशत इलाके पर वह पहले ही 2014 में कब्जा कर चुका था। पुतिन की चाहत है कि यूक्रेन की 25 प्रतिशत जमीन रूस के अधीन आ जाए, जिसमें एक बफर ज़ोन भी शामिल हो। आपको बता दें कि रूस क्रीमिया पर 2014 में कब्जा कर चुका है लेकिन उसकी मांग सिर्फ क्रीमिया तक सीमित नहीं है, अब वह उन इलाकों को भी यूक्रेन से चाहता है, जिन पर उसकी सेना ने अभी तक कब्जा नहीं किया है, लेकिन रूस अपना दावा करता है। इसके अलावा, वह चाहता है कि युद्ध खत्म होने के बाद यूक्रेन की सेना, उसके हथियार और उसकी सीमाएं नियंत्रित कर दी जाएं-कुछ-कुछ वैसा ही जैसा प्रथम विश्व युद्ध के बाद जर्मनी के साथ किया गया था।

इस समय दोनों पक्षों के पास न तो निर्णायक जीत है और न ही शांति का कोई साफ रास्ता। इस लंबी और थकाऊ लड़ाई के बाद भी यह तय नहीं हो पाया है कि कौन जीत रहा है। रूस की धीमी लेकिन स्थायी बढ़त को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, वहीं यूक्रेन भी टेक्नोलॉजी और नाटो समर्थन के दम पर लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। अगर किसी तरह से शांति समझौता हो भी जाता है, तब भी यह जरूरी नहीं कि संघर्ष थम जाएगा। जानकारों का मानना है कि यूक्रेन के भीतर गुरिल्ला युद्ध चलता रहेगा और नाटो देश रूस के लिए लंबे समय तक परेशानी बने रहेंगे। फिलहाल दुनिया को इंतजार है कि यह युद्ध कब और कैसे खत्म होगा?

## सोशल फोरम

# परिवेश



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बहुत से लोग अमरीका और पश्चिमी देशों की ओर देखते हैं, और बहुत से लोग अभी भी रूस की ओर देखते हैं- सोचते हैं कि भारत का समाज ऐसा ही होना चाहिए। निश्चित ही आज का जीवन ग्लोबल या वैश्विक बन चुका है तथा जो सामान्य परिस्थितियां वैश्विक हैं, उनमें अनेक समानताएं अपने यहां भी होंगी। यह परिवेश का ही प्रभाव है। निश्चित ही जितने अंशों में परिवेश की समानता होगी, उतने अंशों में जीवन की शैली में भी समानता हो सकेगी। जिस तरह के उत्पादन के साधन या टैक्नोलोजी होंगे, उसी तरह की भाषा भी होगी, संस्कृति भी होगी और मानव-व्यवहार भी वैसा ही होगा।

इसी के साथ यह भी है कि संसार में जो शक्तियां प्रबल होंगी, वे निर्बल के जीवन को प्रभावित भी करेंगी। चाहेंगी कि विकासशील देशों की व्यवस्था, विकसित देशों और प्रबल शक्तियों के हितों की पूरक हों। आनुवंशिकता के बाद मनुष्य जीवन का सबसे अधिक प्रभावशाली निर्णायक-तत्व परिवेश होता है। परिवेश से ही मनुष्य जीवन की शक्ति प्राप्त करता है। वह परिवेश प्राकृतिक भी होता है, समुद्र, नदी , पहाड़, ऋतु देह और मन दोनों को प्रभावित करते हैं

एक रिसर्चर ने बिहार में रहते हुए बुद्ध की विचार-भूमि पर अनुसंधान-कार्य किया था और बताया था कि क्यों निर्वाण ही इस विचार-सरणि का अन्तिम गन्तव्य बना? उसने बुद्ध काल की उन परिस्थितियों का विश्लेषण किया है, जिनमें अत्यन्त कष्ट-पूर्ण जीवन है। ये परिस्थितियां ही हैं, जिनके कारण पश्चिम में भौतिकवादी-दर्शन का जन्म हुआ और वह प्रभावी बन सका तथा भारत में अध्यात्मवाद का जन्म हुआ और वह प्रभावी बना। जो सामान्य परिस्थितियां हैं, उनके कारण दोनों भूमियों में समान विचारों का जन्म और प्रभाव हुआ। लेकिन परिवेश पूरी तरह समान कभी भी नहीं हो सकेगा। रूस तथा उक्रेन में एक जैसे विचार को लेकर राजसत्ता बनी किन्तु परिवेश की भिन्नता ने दोनों को आमने सामने कर दिया। गोरे शासकों की शह पाकर जिन्ना ने धर्म की समानता का नारा लगाया था, पूर्वी पाकिस्तान भी पाकिस्तान ही बना था, किन्तु परिवेश की भिन्नता ने दोनों को अलग कर दिया।

**-फेसबुक वॉल से**

# किनकी देखरेख में हुई आजाद भारत की पहली जनगणना



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

भारत में 16 साल बाद फिर से जनसंख्या की गणना कराई जाएगी। राष्ट्रीय जनगणना की अधिसूचना 16 जून 2025 को जारी होगी। जनगणना 1 मार्च 2027 को पूरी होगी।

देश की पहली जनगणना की शुरुआत 20 फरवरी 1951 से हुई। उस दिन भारत के राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद से सारी जानकारी भारत के जनगणना उपायुक्त रामेश्वर दयाल ने राष्ट्रपति भवन में जाकर हासिल की। डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अपनी उम्र 66 वर्ष, पेशा "राष्ट्रपति" बताया और बताया था कि कि उन्हें हिंदी के अलावा अंग्रेजी और बांग्ला भाषाएं आती है। उनके बाद उनकी पत्नी श्रीमती राजवंशी देवी से जानकारी ली गई थी।

भारत में 16 साल बाद फिर से जनसंख्या की गणना कराई जाएगी। राष्ट्रीय जनगणना की अधिसूचना 16 जून 2025 को जारी होगी। जनगणना 1 मार्च 2027 को पूरी होगी। भारत जैसे विशाल देश में जनगणना कराना सच में बहुत बड़ी चुनौती रही है। देश के आजाद होने के बाद आईसीएसके मद्रास कैडर के तेज-तर्रार अफसर आरए गोपालस्वामी के नेतृत्व में पहली बार 1951 में जनगणना करवाई गई थी, जो 1872 से हर दस साल में होने वाली नौवीं जनगणना थी। यह जनगणना 1948 के जनगणना अधिनियम के तहत हुई, जिसने भारत में जनगणना की प्रक्रिया को औपचारिक और कानूनी रूप दिया।

गोपालस्वामी ने डब्ल्यू.डब्ल्यू.एम. येट्स की जगह ली, जिन्हें 1951 की जनगणना के लिए नियुक्त किया गया था, लेकिन 1948 में उनकी मृत्यु हो गई थी। सरकार ने गोपालस्वामी को 1949 में स्वतंत्र भारत का पहला जनगणना आयुक्त कर दिया था। वे भारतीय सिविल सेवा के 1927 बैच के अफसर थे। कुछ सालों तक मौजूदा तमिलनाडु में अहम पदों पर रहने के बाद वे 1940 में नई दिल्ली आ गए थे। यहां वे कृषि विभाग में भी रहे।

गोपालस्वामी के मार्गदर्शन में 1951 की जनगणना में उम्र, लिंग, वैवाहिक स्थिति, धर्म, शिक्षा और पेशे जैसे सामाजिक और आर्थिक आंकड़े जुटाए गए। जनगणना के अनुसार भारत की आबादी 36.10 करोड़ थी, जिसमें पुरुष-महिला अनुपात 1000:946 था। साक्षरता दर 18 प्रतिशत थी और औसत आयु 32 साल थी। इसके अलावा, विभाजन के कारण हुए विस्थापन का भी डेटा दर्ज किया गया, जिसमें 72.26 लाख मुस्लिम पाकिस्तान गए और 72.49 लाख हिंदू और सिख भारत आए। इस डेटा ने आजाद भारत की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को समझने की नींव रखी। बेशक, 1951 की जनगणना, जिसे "स्वतंत्रता जनगणना" भी कहा जाता है, आजादी के बाद भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव थी। गोपालस्वामी ने गणना को लोकतांत्रिक तरीके से कराने में अहम भूमिका निभाई, ताकि यह पूरे देश में व्यवस्थित ढंग से हो सके। यह ब्रिटिश शासन की जनगणनाओं से बिल्कुल अलग थी, जो मुख्य रूप से प्रशासन और राजस्व के लिए होती थीं। 1951 की जनगणना ने भारत में डेटा आधारित शासन की नींव रखी।

दरअसल 1951 की जनगणना में कई चुनौतियां थीं, जैसे कम साक्षरता दर (केवल 1 प्रतिशत) और देश की विशालता और विविधता के कारण लॉजिस्टिक समस्याएं। गोपालस्वामी ने इन बाधाओं के बावजूद व्यवस्थित तरीके से जनगणना सुनिश्चित की। जम्मू-कश्मीर में अस्थिरता के कारण वहां 1951 में जनगणना नहीं हो सकी, और वहां की आबादी का अनुमान 1941 की जनगणनाओं के आधार पर लगाया गया। उनकी नेतृत्व क्षमता ने डेटा की विश्वसनीयता बनाए रखी।

1951 की जनगणना का डेटा भारत के पहले पंचवर्षीय योजना (1951-1956) के लिए आधार बना। इसने आर्थिक विकास, शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए नीतियां बनाने में मदद की। कम साक्षरता और आयु जैसे मुद्दों को उजागर कर यह लक्षित हस्तक्षेपों का आधार बना। गोपालस्वामी ने जनगणना को साक्ष्य-आधारित शासन का महत्वपूर्ण साधन बनाया, जो आज भी भारत की नीति निर्माण को प्रभावित करता है।

आरए गोपालस्वामी ने 1948 के जनगणना अधिनियम को लागू करने, व्यापक डेटा संग्रह और विभाजन की चुनौतियों से निपटने में उनकी कोशिशों ने भविष्य की जनगणनाओं की नींव रखी। 1951 की जनगणना भारत के सांख्यिकीय इतिहास में एक मील का पत्थर है, जिसने आजादी के शुरुआती दौर में देश की जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक स्थिति की महत्वपूर्ण जानकारी दी। गोपालस्वामी 1949-1953 तक देश के जनगणना आयुक्त रहने के बाद वापस मद्रास चले गए थे। इस बीच, यहां पर भारत के पहले जनगणना आयुक्त डब्ल्यूसी प्लौडेन की चर्चा करना भी जरूरी है। उन्होंने 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत भारत की पहली जनगणना आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे पहले, 1872 में लॉर्ड मेयो के शासनकाल में पहली बार जनगणना का प्रयास किया गया था, लेकिन वह आंशिक और असंपूर्ण थी। 1881 की जनगणना को भारत में पहली व्यवस्थित और व्यापक जनगणना माना जाता है, और इसकी देखरेख डब्ल्यूसी प्लौडेन ने की।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### न्यायाधिकारी ने कोर्ट चौपाल में निपटाए पांच मुकदमे

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** मेलारायगंज पंचायत भवन में न्यायाधीश ने कोर्ट चौपाल लगाकर पांच मुकदमों का निस्तारण किया। सचल न्यायालय के न्यायाधिकारी कमल कांत तिवारी ने इन मामलों को आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निपटाया। ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश कमल कांत तिवारी ने बताया कि सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में हर 15 दिन पर एक कोर्ट चौपाल लगेगी। महीने में दो बार कोर्ट चौपाल के माध्यम से छोटे-छोटे मामलों का निस्तारण किया जाएगा। इससे गरीब लोगों को राहत मिलेगी और मामलों का जल्द निपटारा होगा।कोर्ट में बदोसरांय थाने के दो मामले और टिकैत नगर थाने के दो मामलों का निपटारा हुआ। साथ ही थाना सफदरगंज क्षेत्र के एक वारंटी का वारंट रिकॉल किया गया।

### दिव्या अग्रहरि हत्याकांड में सिपाही पर आरोप तय

**विधि संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** अमेठी जिले के थाना अमेठी के ग्राम महमूदपुर निवासी दिव्या अग्रहरि की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई हत्या के मामले में आरोपी सिपाही रवि कुमार पर सेशन कोर्ट में आरोप तय किए गए। शुक्रवार को आरोपी सिपाही को जेल से पेशी पर जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ल की अदालत में लाया गया, जिस पर आरोप तय कर अभियोजन साक्ष्य के लिए 20 जून की तारीख तय कर दिया गया है। मामला गत वर्ष 28 दिसंबर 2024 को सामने आया था, जब दिव्या अग्रहरि अपने घर में मृत पाई गई थीं। अभियोजन पक्ष के डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र के मुताबिक दिव्या के पति आलोक अग्रहरि ने तहरीर देकर संदेह जताया था कि सिपाही रवि कुमार ने ही उनकी पत्नी की हत्या की है। पुलिस ने तफ्तीश के बाद औरेया जिले के कनौती निवासी व वर्तमान में कमरौली जनपद अमेठी में डायल 112 में तैनात आरोपी सिपाही रवि कुमार को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सीजेएम कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की।

### इसौली विधायक के केस में सुनवाई टली, बहस 27 को

**संवाददाता, सुलतानपुर :** इसौली विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक मोहम्मद ताहिर खान के खिलाफ 25 साल पुराने वन भूमि अतिक्रमण मामले में शुक्रवार को बहस नही हो सकी। कोर्ट ने बहस के लिए अब 27 जून की तारीख नियत की है।

# रामलला के साथ राजाराम की सेवा कर रहे 20 अर्चक

अयोध्या कार्यालय

**आस्था**

- राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार और परकोटे के छह मंदिरों में विधि विधान से पूजन-अर्चन शुरू

**अमृत विचार:** राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार और परकोटे के छह मंदिरों में देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद शुक्रवार से सभी मंदिरों में अर्चकों के द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन प्रारंभ हो गया है। सुबह 4 बजे रामलला के साथ राम दरबार की प्रतिमाओं का भी मंगला आरती हुई। उसके बाद स्नान अभिषेक और श्रृंगार के बाद स्थान पर एक साथ सुबह 6 बजे आरती भी उतारी गई।

इसके बाद परकोटा में स्थापित अन्य देवी देवताओं का पूजन किया गया। इसी तरह दोपहर में भोग आरती भी की गई। जिसके लिए 20 अर्चकों की तैनाती है। जिसमें चार पहले के पुजारियों के साथ श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा दो शिफ्ट में 16 पुजारियों को नियुक्त किया गया था। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अभी सभी मंदिरों में पूजन-अर्चन करने के लिए कोई नया रोटेशन लागू नहीं किया गया है, लेकिन सभी मंदिरों में पूजन-अर्चन की परंपरा को प्रारंभ कर दिया गया। एक पुजारी ने बताया कि शुक्रवार आज सुबह रामलाल के साथ राम दरबार की भी पूजन विधि को सम्पन्न किया गया है। इसके लिए पहली शिफ्ट में पांच पुजारी भूतल और पांच पुजारी प्रथम तल पर मौजूद रहे। जहां पूजन की विधि-विधान पूर्वक परंपरा को निभाए जाने के बाद परकोटा के अन्य मंदिरों में भी पहुंच कर पूजन अर्चन को संपन्न किया। वहीं दूसरे शिफ्ट में भी पहले की तरह 5-5 पुजारियों की टीम दोनों गर्भगृह पर सायंकालीन परंपराओं को पूरा किया।

### 50 करोड़ के 45 किलो सोने से दमक रहा है राममंदिर : नृपेंद्र मिश्र

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने शुक्रवार को बताया भव्य राम मंदिर और परकोटे में स्थापित छह मंदिरों को स्वर्ण जड़ित किया गया है। जिसमें लगभग 45 किलो सोने का उपयोग किया गया है। कहा कि यह सोना सत्य प्रतिशत शुद्ध है। जिसका मूल्य टैक्स को छोड़कर लगभग 50 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि अभी शेष अवतार मंदिर के शिखर पर सोने का काम चल रहा है। मंदिर के भूतल में जिसमें राम लला विराजमान हैं, उसमें सभी दरवाजों में स्वर्ण का प्रयोग किया गया है। सिंहासन में भी सोने का कार्य किया गया है। बाकी सभी मंदिरों में स्वर्ण का कार्य पूर्ण हो चुका है।



मंदिर का स्वर्ण जड़ित शिखर।

- निर्माण समिति के अध्यक्ष ने कहा- परकोटे के छह मंदिर किए गए हैं स्वर्ण जड़ित
- शत-प्रतिशत शुद्ध सोने का हुआ प्रयोग

### वन गमन मार्ग पर स्थापित किया जाएगा श्रीराम स्तंभ : चंपत राय

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रीराम वन गमन मार्ग पर श्री राम स्तम्भ स्थापित करने की कवायद एक बार फिर से शुरू हो गई है। अशोक सिंहल फाउंडेशन के सदस्य व राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली में कार्यकर्ता राम अवतार शर्मा ने अयोध्या से रामेश्वरम तक भगवान राम किस मार्ग तक गए इस पर बहुत ही शोध किया है। उन्होंने 10 बार यात्राएं भी की हैं। अलग-अलग वाहनों से इस कार्य को संपन्न किया है। जिसको लेकर उन्होंने कुछ नक्शे भी प्रकाशित और किताबें प्रकाशित की। कुछ ग्रंथ भी लिखें, जो प्रमुख स्थान थे वहां पर पत्थर के राम जी के चरण पादुकाएं भी स्थापित की गई। उन्होंने बताया कि अब ऐसे स्थान पर एक स्तंभ लगाया जाए, जिसके लिए अशोक सिंहल फाउंडेशन ने विचार किया है। अयोध्या में राम जन्मभूमि मणि पर्वत दशरथ महल का विवरण आता है, इसके अलावा भगवान श्री राम वन में जहां-जहां पर भी गए उन सभी स्थानों पर प्रयास है कि यह स्तंभ को लगाया जाए। कुछ स्थान सरकार के हैं तो कई स्थान प्राइवेट लोगों के भी हैं। जिसके लिए अनुमति ली जाएगी और इसमें में जितना भी खर्च होगा उसे अशोक सिंहल फाउंडेशन के द्वारा किया जाएगा।

### राम दरबार समेत परकोटा के मंदिरों में दर्शन अभी नहीं

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर में प्रथम तल पर राम दरबार, शेषावतार और परकोटा के छह मंदिरों में देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने आने वाले श्रद्धालुओं से दर्शन प्राप्त करने के लिए धैर्य रखने की अपील की है। महासचिव चंपत राय ने शुक्रवार को कहा कि कुछ शेष कार्य सुरक्षा मानकों के तहत बचे हुए हैं। जिन्हें पूरा करने के बाद ही दर्शन की अनुमति दी जाएगी। कहा कि गंगा दशहरा पर आठ मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। 3 जून और 4 जून को लगभग 12-12 घंटे लगातार पूजन हुआ। इसके लिए यज्ञशाला में नौ कुंड बनाकर पूजन को किया गया। प्रत्येक कुंड पर दो संतों के साथ गृहस्थ कार्यकर्ताओं को यजमान के रूप में बैठाया गया। सभी अयोध्या के थे। उन्होंने बताया कि राम मंदिर के प्रथम तल पर प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद समाज भी दर्शन करने की इच्छा रख सकता है। श्रद्धालुओं से निवेदन करते हुए कहा कि अभी चल रहे कार्यों के कारण धैर्य रखना होगा।

# अयोध्या : भूमि विवाद में मां-बेटे की पीटकर हत्या, बेटा-बहू भर्ती

## गांव के ही नौ लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज, आठ गिरफ्तार

मिल्कीपुर अयोध्या



मां कुंता देवी व बेटे प्रेमनाथ की फाइल फोटो

**अमृत विचार :** खंडासा थाना क्षेत्र के महुआ पूरे फौजदार गांव में गुरुवार देर रात जमीन के विवाद में हमलावरों ने मां-बेटे को लाठी-डंडों व लोहे की सरिया से पीट-पीटकर मार डाला। एक बेटा व बहू गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने गांव के ही नौ लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ऐहितयातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

गांव निवासी प्रेमनाथ (22) पुत्र माता प्रसाद का पड़ोसी सोनू पुत्र रामनाथ से काफी समय से भूमि को लेकर विवाद चल रहा था। पड़ोस के अंडूतारा गांव में गुरुवार रात करीब 8 बजे आयोजित एक तेरहवीं कार्यक्रम में प्रेम का भाई दीनानाथ गया था। यहां पर शराब के नशे में गांव निवासी हृदयराम व राजेश ने उसे गाली देना शुरू कर दिया। वह किसी तरह झगड़ा बचाकर घर चला आया। इसके बाद रात करीब 10 बजे पड़ोसी सोनू, हृदयराम, राजेश समेत करीब आठ-दस लोग घर पर आए व दीनानाथ व उसके भाई प्रेमनाथ को लाठी डंडों व लोहे की सरिया से पीटना शुरू कर दिया। यह देख उसकी मां कुंता देवी (55) व भाभी अनीता (28) बचाव के लिए दौड़े तो हमलावरों ने उन्हें भी बेरहमी से पीट-पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को पहले सीएचसी खंडासा, फिर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने कुंता देवी को मृत घोषित कर दिया, प्रेमनाथ की गंभीर हालत में दर्शननगर मेडिकल कॉलेज, फिर लखनऊ रेफर किया गया। लखनऊ में इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। घायल दीनानाथ और अनीता का जिला चिकित्सालय में उपचार जारी है।

एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी, क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्रीयश त्रिपाठी, थाना प्रभारी संदीप सिंह रात में ही दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे व जांच पड़ताल की। एसपी ग्रामीण ने बताया कि मृतका की बड़ी बहू अनीता पत्नी शोभनाथ की तहरीर पर सोनू, राजेश, सालिकराम, बरसाती, हृदय राम, राजित राम, अशोक, अजय कुमार व सीताराम के विरुद्ध हत्या समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। सात नामजद समेत आठ को गिरफ्तार कर लिया गया है। मां कुंता देवी के शव का अयोध्या में जबकि प्रेमनाथ के शव का लखनऊ में पोस्टमार्टम कराया गया है। गांव में ऐहितयातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# उद्यमियों की समस्या समाधान को जल्द लांच होगा पोर्टल : नंदी

अयोध्या कार्यालय

- उद्यमी समाधान दिवस में बोले-उद्योग मंत्री, उद्यमियों ने उठाई लीज होल्ड की भूमि को फ्रीहोल्ड किए जाने की मांग

**अमृत विचार:** उद्योग मंत्री नंद कुमार नंदी की मौजूदगी में शुक्रवार को उद्यमी समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उद्यमियों ने कई मुद्दे भी उठाए। मंत्री ने आश्वासन दिया कि मांगों और समस्याओं का समाधान होगा। साथ ही उन्होंने कहा उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए जल्द ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया जाएगा। आयोजन हाईवे स्थित एक होटल में किया गया। बेहतर काम करने वाले उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र और आवंटन पत्र प्रदान किया।

कार्यक्रम में मौजूद प्रमुख उद्यमियों पूर्व आईआईए के अध्यक्ष सुरेद्र प्रताप सिंह, श्री निवास अग्रवाल, एसबी सिंह, विशाल जायसवाल, संजय अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल सहित अन्य ने कई मुद्दे उठाए। उद्योगपतियों ने लीज होल्ड से संबंधित भूमि को रिलीज कर फ्री होल्ड किए जाने, औद्योगिक क्षेत्रों में नालियों व ड्रेनेज सिस्टम की स्थिति सुधारने की मांग, कर्मचारी राज्य बीमा को लेकर कहा कि ईएसआई का प्रीमियम बहुत ज्यादा है। अयोध्या में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं न तो मरीजों के लिए बेड है और न ही टेस्ट की सुविधा है। वर्तमान में एक समान नीतियों को प्रत्येक उद्योग की प्रकृति से किए जाने की मांग उठाई। कहा कि ट्रांसफर और रजिस्ट्री की फीस इतनी अधिक है कि उद्यमी अपने प्लॉट किसी अन्य को हस्तांतरित करने से हिचकते हैं। कम करने की मांग की।

### निवेश करने वालों को दिया आवंटन पत्र

औद्योगिक विकास मंत्री ने निवेश के बाद उत्पादन करने वाले अमेठी के मेसर्स इंडोरामा इंडिया प्रा.लि. जगदीशपुर, महबूब अहमद मेसर्स साल्वा एग्रो हैचरीज जगदीशपुर, अब्दुल जाऊद मेट्रो अलमारी, जगदीशपुर, मेसर्स अलवी पैकेंजिंग अमेठी, मनीश छत्रपाल प्रतिनिधि एसएलएमजी वेवरेजेज त्रिशुंडी, मेसर्स ज्ञान डेयरी त्रशुंडी. सचिन श्रीवास्तव प्रतिनिधि यश पेपर्स लिं. अयोध्या, सुमित जायसवाल मेसर्स हाईफ्लो इंडस्ट्रीज अयोध्या, संजय अग्रवाल मेसर्स बीएल प्लोर मिल, मेसर्स जेआर एग्रो इंडस्ट्रीज अयोध्याराघवेंद्र शुक्ला अयोध्या इडस्ट्रियल जेवलपर्स अयोध्या को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। साथ ही शकुंतला देवी प्रतिनिधि श्री ऋषि रघुवंशी जगदीशपुर, हिंद अलमारी प्रतिनिधि हाजी अंसार जगदीशपुर, मेसर्स अब्दुल इंडस्ट्रीज प्रतिनिधि हसनैन खान जगदीशपुर को आवंटन पत्र प्रदान किए जाना बताया गया है।

### उत्तर प्रदेश पूरे देश के लिए एक रोल मॉडल

**अयोध्या।** औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश पूरे देश के लिए एक रोल मॉडल के रूप में अपने आप को स्थापित करने में सफल हुआ। विपक्ष अपना सब कुछ खो चुका है। विपक्ष हताशा व आईसीयू में है। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर सबमिट में 50 हजार करोड़ के एमओयू प्राप्त हुए जो बढ़कर अब 50 लाख करोड़ से अधिक हो गए। हमने इन्वेस्टर का भरोसा और विश्वास जीता है। एमओयू को धरती पर उतारने में सफल हुए हैं। डिफेंस कॉरिडोर के तहत आज लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल भी बनाया जा रहा है। राजाराम की प्राण प्रतिष्ठा पर कहा कि नंद गोपाल नंदी ने कहा भारत की आत्मा में राम है।

# दिव्यांग किशोरी के हत्यारे को आजीवन कैद

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** दिव्यांग किशोरी की हत्या के मामले में कोर्ट ने हत्यारे अमरेंद्र कुमार रावत उर्फ अरविंद कुमार को आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 23000 रुपये जुर्माना भी हुआ है। फैसला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट रजत वर्मा की अदालत से शुक्रवार को हुआ।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रमेश तिवारी ने बताया कि घटना 25 जून 2020 की है। रुदौली थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दिव्यांग अपने घर पर अकेली थी। माता-पिता और घर के अन्य लोग उसके मामा के घर शादी में शामिल होने गए थे। रात 8:30 बजे जब पीड़िता के परिजन घर पहुंचे तो किशोरी की लाश छप्पर की बडेर से लटकी मिली। उसका पैर जमीन में छू रहा था। जब किशोरी के परिजन शादी समारोह से वापस लौटे तो आरोपी अमरेंद्र कुमार रावत घटनास्थल के पास ही पेड़ के नीचे खड़ा था। घटना के एक सप्ताह पहले अमरेंद्र ने दिव्यांग किशोरी के घर जाकर उसके साथ छेड़खानी भी की थी। इसी के आधार पर मृतका के पिता साहबदीन ने अमरेंद्र के खिलाफ हत्या और साक्ष्य नष्ट करने की धारा में रिपोर्ट लिखाई थी। शव का पोस्टमार्टम दो डॉक्टरों के पैनल ने किया। जिसमें मृत्यु का कारण गला घोटने से दम घुटने के कारण सामने आया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने अमरेंद्र को हत्या और साक्ष्य छिपाने का दोषी पाते हुए जेल भेज दिया। सजा पर शुक्रवार को सुनवाई के बाद कोर्ट ने सजा सुनाकर भुगतने के लिए जेल भेज दिया।

### शादी से पहले प्रेमी के साथ भागी युवती

**भदैया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** देहात कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब शादी होने के कुछ दिन पहले युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। शादी की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं और निमंत्रण पत्र भी बांटे जा चुके थे। परिजनों के मुताबिक युवती अचानक लापता हो गई थी। बाद में पता चला कि वह अपने प्रेमी के साथ चली गई है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि परिजनों की तहरीर मिल चुकी है। मामले की जांच जारी है और जल्द ही युवती को बरामद कर लिया जाएगा।

### फिरौती के लिए बालिका का अपहरण करने में दो भाइयों सहित तीन दोषियों को उम्रकैद

**हरदोई, अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश यशपाल ने फिरौती के लिए बालिका का अपहरण करने के मामले में दोषी दो सगे भाइयों समेत तीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50-50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता कृपाल सिंह राठौड़ व वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोकी सिंह गौर ने बताया कि थाना कोतवाली शहर के लक्ष्मीपुरवा निवासी राघवेंद्र सिंह व मुकेश सिंह दोनों सगे भाई और उनके रिश्तेदार मनोज उर्फ डिंपल निवासी ग्राम सिकंदरपुर थाना छिबरामऊ जिला कन्नौज ने एक पांच वर्षीय मासूम बालिका अंशिका अग्रवाल का फिरौती के लिए अपहरण कर लिया। इस मामले की रिपोर्ट बालिका के पिता मोहित अग्रवाल ने दर्ज कराई। कहा कि उसकी बेटी अंशिका क्रीसेंट अकैडमी में केजी में पढ़ती थी। 9 नवंबर 2012 को सुबह 8 बजे स्कूल बस से गई थी, लेकिन जब वह वापस नहीं आई। स्कूल फोन किया तो पता चला कि बेटी का अपहरण कर लिया गया है। 10 लाख रुपए की फिरौती की मांग की गई। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों की दलील को सुनकर तीनों आरोपियों पर जुर्म साबित पाया।

# बाराबंकी : पुलिस मुठभेड़ में शातिर बदमाश गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा थाना क्षेत्र में गुरुवार रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वेयरहाउस चोरी का वांछित आरोपी सैज हुसैन उर्फ फैय्याज हुसैन गोली लगने से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। स्वाट टीम और थाना देवा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान यह मुठभेड़ माती पुल से सैहारा रोड के पास हुई। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति मौके पर मौजूद है। जब टीम ने चेकिंग के दौरान उसे रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा और पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लग गई। गिरफ्तार आरोपी सैज हुसैन निवासी गुल्लागीर कॉलोनी, कोतवाली नगर बहराइच हाल पता ग्वारी चौराहा, गोमतीनगर लखनऊ पहले भी वेयरहाउस चोरी के मामले में वांछित था।

# हाईवे पर लूटने वाले लिफाफा गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार

अयोध्या कार्यालय

- अयोध्या में बैंककर्मी से की थी लूटपाट, भागकर नेपाल गए

**अमृत विचार :** थाना पूराकलंदर पुलिस व सर्विलांस, स्वॉट व एसओजी टीम ने दिल्ली, एनसीआर व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आतंक का पर्याय बने लिफाफा गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान प्रदीप कुमार (45) निवासी त्रिलोकपुरी थाना मयूर बिहार फेस-1 दिल्ली व सोनू (36) निवासी त्रिलोकपुरी झुग्गी इंद्रा कैंप थाना मयूरबिहार फेस-1 के रूप में हुई। इन आरोपियों ने 23 मई को एक बैंककर्मी को कार में बैठाकर उससे लूटपाट की थी।

पुलिस लाइंस स्थित सभागार में एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि 23 मई की शाम पांच बजे अयोध्या निवासी बैंककर्मी बैंक रामअचल वर्मा प्रतापगढ़ कारागार में डिप्टी जेलर के पद पर तैनात पत्नी से मिलने जाने के लिए नाका बाईपास पर सवारी का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान एक कार में सवार चार लोग आए व प्रयागराज जाने की बात कह कार में बैठा लिया। कार जब अवध विवि के पास पहुंची तब आगे सीट पर बैठे एक व्यक्ति ने पिस्टल निकालकर रामअचल से 8500 रुपये, सोने की अंगूठी व दो एटीएम कार्ड व उसका पिन ले लिया। इसके बाद उसे मसौधा के पास स्थित रोडवेज वर्कशॉप के पास उतार कर प्रयागराज की ओर चले गए। रात में ही आरोपियों ने उनके खाते से दो बार में 20 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। सीसीटीवी व सर्विलांस की मदद से शुक्रवार दोपहर आरोपी प्रदीप व सोनू को अरूवावां गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। बताया कि मामले में पहले ही दो अन्य आरोपी रोहित कुमार निवासी त्रिलोकपुरी थाना मयूर बिहार फेस-1 नई दिल्ली व इंद्रजीत निवासी त्रिलोकपुरी थाना मयूर बिहार फेस-1 दिल्ली को चार जून को गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस के अनुसार दिल्ली निवासी प्रदीप कुमार दिल्ली, एनसीआर समेत पश्चिमी यूपी में आतंक का पर्याय बना हुआ था। दिल्ली के विभिन्न थानों में लूट, डकैती समेत अन्य गंभीर धाराओं में 26 केस दर्ज है। वहीं सोनू के खिलाफ भी 10 से ज्यादा आपराधिक केस दर्ज हैं।

## सार-संक्षेप

### ऑटो-बाइक की टक्कर में दो की मौत, नौ घायल

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** शुक्रवार शाम टॉयर फटने से बेकाबू सीएनजी ऑटो ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। आटो सवार नौ लोगों को सीएचसी भेजा गया, इनमें चार को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसा देवा-कुर्सी मार्ग पर भिठौली के पास शुक्रवार की शाम हुआ। गांव के पास सवारियों को लेकर जा रहे सीएनजी आटो व एक बाइक में आमने सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार संदीप कुमार (45) निवासी चेलाहिया थाना बड्डूपुर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि देवा थाना क्षेत्र के गंगवारा निवासी सहजराम (48) ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। उधर आटो पर सवार नौ लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी देवा भेजा गया। जहां से डाक्टरों ने टीपहार थाना देवा निवासी मिथुन (20), फतेहपुर निवासी दिनेश (42), कोडरीमऊ थाना मानपुर सीतापुर निवासी अल्ताफ (25), कस्बा देवा निवासी सौम्या (25) पत्नी इरफान को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं गोपालपुर थाना देवा निवासी अरबाज अली (28), जगदीशपुर थाना देवा निवासी नरेंद्र सिंह की पत्नी सुमन सिंह (35), पुत्री पूनम सिंह (10), पुत्री आकांक्षा सिंह (6), और भटेहटा थाना जहांगीराबाद निवासी दयाशंकर (55) का सीएचसी देवा में इलाज किया जा रहा है।

### संविदाकर्मी युवती से बैड टच, आरोपी पर केस

**बाराबंकी : अमृत विचार :** जिले के एक सरकारी विभाग में संविदा पर कार्यरत युवती ने अपने सहकर्मी पर लगातार अश्लीलता व बैड टच का आरोप लगाया है। पीड़िता ने ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। युवती ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि कार्यालय में कार्यरत एक वर्कर लंबे समय से उसके साथ अभद्र व्यवहार कर रहा है। आरोपी द्वारा आए दिन वेशभूषा पर आपत्तिजनक टिप्पणियाँ करना, अश्लील मजाक करना और बैड टच जैसी हरकतें करना आम हो गया था। विरोध करने पर आरोपी हल्के में बात को टाल देता और फिर वही हरकतें दोहराता। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी उसे घूरता है, जिससे वह खुद को कार्यस्थल पर असुरक्षित महसूस करती है। कई बार चेतावनी देने के बावजूद उसका व्यवहार नहीं बदला। अंततः मानसिक रूप से परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस के अनुसार युवती की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

### बारातियों की बस पर हमला तोड़फोड़, कई घायल

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा-कुर्सी मार्ग पर गुरुवार देर रात बारात लेकर जा रही बस पर जेसीबी सवार दबंगों ने अचानक हमला कर दिया। ओवरटेक को लेकर हुए विवाद के बाद बस पर पथराव और तोड़फोड़ की गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभाली, जबकि शुक्रवार को बस मालिक की तहरीर पर जेसीबी चालक समेत कई अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। बदोसरांय थाना क्षेत्र के ग्राम शेखनपुर निवासी समीर की बारात गुरुवार रात करीब 10 बजे लखनऊ के रसूलपुर जा रही थी। देवा कस्बे में कुर्सी मोड़ के पास ओवरटेक को लेकर बारातियों से भरी बस और एक जेसीबी के चालक के बीच विवाद हो गया। कुछ दूरी पर ही जेसीबी चालक ने बस को जबरन रोक लिया और अपने साथियों के साथ मिलकर बस पर ईंट-पत्थरों और डंडों से हमला कर दिया। घटना बड़का होटल के सामने की है, जहां हमलावरों की बाइक और एक कार भी मौके पर पहुंची। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया। जेसीबी और कार को थाने लाया गया, साथ ही क्षतिग्रस्त बस को भी पुलिस ने कब्जे में लिया। घायल बारातियों को प्राथमिक इलाज के लिए भेजा गया। देवा थाना प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बस मालिक की तहरीर पर शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### डीएम ने की समूह की महिलाओं की सराहना

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत प्यारेपुर सरैंया में संचालित अन्नप्राशन प्रेरणा महिला लघु उद्योग का निरीक्षण किया। यह प्लांट स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित किया जा रहा है, जहां पोषण युक्त पुष्टाहार का उत्पादन किया जाता है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्लांट में लगी मशीनों और उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने तैयार हो रहे पुष्टाहार की गुणवत्ता की सराहना करते हुए उत्पादन में आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु मुख्य विकास अधिकारी और उपायुक्त (स्वत: रोजगार) को आवश्यक निर्देश दिए। प्लांट की अध्यक्ष ममता ने बताया कि जून 2025 के लिए तैयार हो रहा पुष्टाहार क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों के लिए आटा बेसन हलवा, 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए आटा बेसन बर्फी, दलिया, मूंगदाल खिचड़ी तथा गर्भवती व धात्री महिलाओं हेतु विशेष प्रीमिक्स तैयार किया जा रहा है।

**राममंदिर** | अद्भुत है अयोध्या में आराध्य के प्रति समर्पण की परंपरा, दोनों के दर्शन में केवल एक तल का अंतर

# राममंदिर में रामलला के साथ अब राजा राम के दर्शन

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या।

**अमृत विचार :** अयोध्या में अपने आराध्य के प्रति समर्पण की परंपरा भी अद्भुत है। जो नहीं जानते उनके लिए यह विस्मयकारी हो सकता है, लेकिन अयोध्या के बारे में गहरी जानकारी रखने वालों को यह चौंकाता नहीं है। राम एक हैं, केवल उनके स्वरूप अलग-अलग हैं। यहां ज्यादातर मानवीय संबंधों के रूप में भगवान श्री राम और माता सीता की पूजा की जाती है। अब राम मंदिर में श्रद्धालु राम लला के साथ राजा राम (राम दरबार) के दर्शन भी कर सकेंगे। श्रीराम मंदिर के प्रथम तल पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इसका मार्ग प्रशस्त हो गया। दोनों के दर्शन में केवल एक तल का अंतर है। राम मंदिर में राम लला के साथ राजा राम के विग्रह की स्थापना से अयोध्या के वैभव में वृद्धि होगी।



श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित राम दरबार। अमृत विचार

श्रीराम मंदिर में राम लला के साथ राजा राम (राम दरबार) की प्राण प्रतिष्ठा का आध्यात्मिक महत्व जो भी हो, लेकिन लौकिक महत्व ज्यादा है। ऐसा प्राण प्रतिष्ठा के समय राम लला के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु भी कहते हैं। यह राम लला का जन्मस्थान है इसलिए बाल रूप राम लला का विग्रह आकर्षण का केंद्र होगा ही लेकिन श्री राम अयोध्या के राजा भी हैं। इसलिए दोनों को जरूरी बताते हैं।

गुजरात से दर्शन के लिए आए रमेश भाई पटेल ने कहा कि अमूमन श्रीराम से जुड़े कैलेंडरों में राम दरबार(धनुषधारी राम), कागभुशुंडि के साथ बाल रुप भगवान राम, माता कौशल्या के साथ बाल रूप राम लला के साथ कुछ अन्य तस्वीरें लोगों के जेहन में बसी हुई हैं। इनमें भी ज्यादा संख्या राजा राम (राम दरबार) की है। यह तस्वीर लगभग हर घर में दिखाई पड़ती है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम मंदिर में विराजित बाल रूप राम लला के चित्र और मूर्तियों को लगाने का क्रेज बढ़ा है, लेकिन बहुतायत अब भी धनुषधारी राजा राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमानजी वाले राम दरबार की ही है। ऐसे में श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने पर मन में राम लला के साथ राजा राम के दर्शन के प्रति लालसा रहती है। उड़ीसा से आई उमा देवी ने कहा कि राम मंदिर में राम दरबार की स्थापना से राम लला के साथ धनुषधारी राम के दर्शन होंगे। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की तस्वीर जन-जन में व्याप्त हैं। अपने 14 साल के वनवास के दौरान उनका यह स्वरूप जगत व्याप्त हुआ था। कहा कि राजा राम की प्राण प्रतिष्ठा से अयोध्या का वैभव और भी बढ़ेगा। इसी तरह कई अन्य श्रद्धालु भी चर्चा करते हैं।

### मंदिरों में अलग-अलग रूपों में पूजे जाते राम

पुस्तकों अयोध्या महात्म, अहो अयोध्या के मुताबिक श्रीराम मंदिर में अब तक केवल बालरूप राम लला की आराधना होती थी। प्रसिद्ध कनक भवन में राम की पूजा राजा राम के रूप में की जाती है। विअहुति भवन में दूल्हा सरकार के रूप में, लक्ष्मण किला में भी दूल्हा के रूप में श्री राम पूजे जाते हैं। सियाराम शरण किला में पूजन की पद्धति भिन्न है। यहां माता सीता को बहन और श्री राम को जीजा के रूप में पूजा जाता है। रंगमहल में सखा भाव से पूजा की जाती है तो तीन कलश तिवारी मंदिर में श्री राम की पूजा शिष्य भाव से किए जाने की परंपरा है। क्योंकि यह वशिष्ठ पीठ मानी जाती है। सदगुरु सदन में ईष्ट से ऊपर गुरू को मान्यता प्रदान की जाती है। प्रतीक स्वरूप श्री राम के विग्रह के ऊपर गुरू का चित्र लगाया जाता है। अयोध्या अद्भुत है। यहां जो जिस भाव से राम के प्रति अपने को समर्पित करता है वह उसी रूप में उसे स्वीकार कर लेते हैं।

# डिप्टी सीएम के काफिले में चल रही कार से टकराई बाइक, दो घायल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के काफिले के पीछे चल रही सीएमओ की कार से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है।

उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक शुक्रवार को बरेली दौरे पर आए थे। जिला अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद वह बदायूं रोड स्थित विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा के आवास जा रहे थे। सीएमओ डॉ विश्राम सिंह की कार काफिले में सबसे पीछे चल रही थी। काफिला जैसे ही करगैना चौकी के सामने पहुंचा, वैसे ही बाइक सवार सुभाषनगर थाना क्षेत्र के गांव इटौआ सुखदेवपुर निवासी सुशील उर्फ वेदपाल और यशपाल ने रोड पार करना चाहा। इसी दौरान बाइक सीएमओ की कार से टकरा गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इंस्पेक्टर सुभाषनगर धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि जिस वक्त काफिला गुजर रहा था। उस वक्त यातायात रोक दिया गया था, लेकिन वेदपाल काफिले के बीच से निकलने का प्रयास करने लगा और वह सीएमओ की कार की चपेट में आ गया।

# उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार का हिस्सा बने 34 डिप्टी एसपी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गौरव सर्वांग सर्वोत्तम, आकांक्षा गौतम इनडोर और गाजियाबाद अवनीश कुमार सिंह बने आउट डोर टॉपर
- डीजी ट्रेनिंग तिलोत्तमा वर्मा ने ली परेड की सलामी और एडीजी राजीव सभरवाल ने किया परेड का निरीक्षण

**अमृत विचार:** एक साल 15 दिन कड़े प्रशिक्षण के बाद शुक्रवार को 34 डिप्टी एसपी पासिंग आउट परेड के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस का हिस्सा बन गए। डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी के मैदान में परेड की सलामी डीजी ट्रेनिंग तिलोत्तमा वर्मा ने ली और अकादमी के एडीजी राजीव सभरवाल ने शपथ दिलाई। 34 डिप्टी एसपी में नौ महिलाएं और 25 पुरुष शामिल हैं।अब नए डिप्टी एसपी शनिवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलेंगे।

यूपी पीसीएस परीक्षा-2023 में चयनित 36 डिप्टी एसपी का बैच लगभग एक साल पहले ट्रेनिंग के लिए डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी में भेजा गया था। इसमें दो अभ्यर्थी बीच में ही ट्रेनिंग छोड़कर चले गए थे। 34 प्रशिक्षु डिप्टी एसपी की 12 माह 15 दिन तक इंडोर और आउटडोर की ट्रेनिंग हुई। फाइनल परीक्षा में सभी अभ्यर्थी उत्तीर्ण हो गए। शुक्रवार की सुबह 8.40 बजे से शुरू हुई पासिंग आउट परेड में सभी शामिल हुए। कदम ताल करते हुए मैदान तक पहुंचे। मुख्य अतिथि डीजी ट्रेनिंग तिलोत्तमा वर्मा के पहुंचने पर परेड शुरू हुई। सबसे पहले डीजी और एडीजी राजीव सभरवाल को परेड कमांडर अवनीश कुमार सिंह ने परेड का निरीक्षण कराया। बाद में देश का तिरंगा और पुलिस ध्वज मैदान में लाया गया। तिरंगे के साथ डिप्टी एसपी कदम ताल कर रहे थे। बाद में सभी ने मैदान के दो चक्कर लगाकर परेड पूरी की। परेड की सलामी डीजी ने ली। तिरंगे व पुलिस ध्वज के सामने सभी को पद की शपथ दिलाई गई। सर्वांग सर्वोत्तम बनें जिला सुल्तानपुर के तहसील जयसिंहपुर क्षेत्र के गांव रामनाथपुर निवासी गौरव उपाध्याय, इंडोर टॉपर बनीं महाराजगंज की आकांक्षा गौतम और आउटडोर टॉपर बने गाजियाबाद के अवनीश कुमार सिंह को डीजी ने ट्राफी व शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान मौजूद नवागत डिप्टी एसपी के परिवारों का उत्साह देखते ही बन रहा था। सभी का सीना फक्र से चौड़ा था।



पासिंग आउट परेड के बाद डिप्टी एसपी के साथ मुख्य अतिथि डीजी ट्रेनिंग तिलोत्तम वर्मा व अन्य पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

## एक नजर

### पति ने पत्नी की गला रेतकर की हत्या

**शाहजहांपुर।** पत्नी से किसी बात पर हुए विवाद के बाद गुनारा गांव में मकान की दूसरी मंजिल पर पति ने पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। घटना के बाद पति फरार हो गया। सूचना पर सीओ अजय कुमार राय मौके पर पहुंचे और जानकारी की। जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव गुनारा निवासी अजय कुमार सक्सेना की शादी एक साल पहले 30 वर्षीया प्रीति निवासी शाहाबाद जिला हरदोई के साथ हुई थी। शुक्रवार की शाम प्रीति का शव मकान के दूसरी मंजिल पर चारपाई पर खून से लथपथ मिला। उसका गला रेता गया था। वहीं घटना के बाद से पति फरार हो गया। महिला की हत्या की जानकारी होने पर गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर सीओ जलालाबाद अजय कुमार राय रात 8 बजे मौके पर पहुंचे और उन्होंने मृतका के ससुर से जानकारी की। नरेश सक्सेना ने बताया कि उसका बेटा अजय कुमार घर पर नहीं है और कुछ घंटे पहले से गायब है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि हत्यारोपी पति अजय सब्जी बेचने का काम करता था और उसकी एक साल पहले शादी हुई थी।

# दूसरी शादी में अंतरिम भरण-पोषण तय करने में पहली शादी का तथ्य अप्रासंगिक

## महिला की अंतरिम भरण-पोषण याचिका को फैमिली कोर्ट ने कर दिया था खारिज

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भरण- पोषण से संबंधित एक मामले पर विचार करते हुए कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 24 के तहत भरण- पोषण के लिए दाखिल आवेदन पर विचार करने के लिए इस तथ्य पर विचार करना आवश्यक नहीं है कि क्या पति या पत्नी का पहला विवाह विद्यमान होने के कारण दूसरा विवाह शून्य होगा बल्कि यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि भरण-पोषण की मांग करने वाला पक्ष कितना जरूरतमंद है।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति अरिंदम सिंह और न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना की खंडपीठ ने सविता देवी उर्फ पिंकी गौतम उर्फ शिवांगी सिसोदिया की याचिका को स्वीकार करते हुए की। कोर्ट ने मामले पर विचार करते हुए पाया कि विपक्षी/पति ने पत्नी के रोजगार के बारे में केवल दावा किया था, लेकिन रिकार्ड पर इस संबंध में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका। अतः कोर्ट ने अधिनियम की धारा 24 के तहत अपीलकर्ता/पत्नी को भरण-पोषण के रूप में 15000 रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया। मामले के अनुसार पति ने इस आधार पर विवाह को शून्य घोषित करने के लिए एक याचिका दाखिल की कि पत्नी ने अपनी पहली शादी के बारे में तथ्यों को छिपाया है। तत्पश्चात पत्नी ने अधिनियम की धारा 24 के तहत भरण-पोषण के लिए आवेदन दाखिल कर दिया, लेकिन पिछली शादी के बारे में तथ्यों को छिपाने के कारण पत्नी पर संदेह रखते हुए परिवार न्यायालय ने उसका आवेदन खारिज कर दिया। इसके बाद पत्नी ने हाईकोर्ट के समक्ष वर्तमान याचिका दाखिल की और तर्क दिया कि दोनों पक्ष एक-दूसरे को बहुत लंबे समय से जानते थे और पति का यह दावा कि उसे पत्नी के बारे में पहले से नहीं पता था, अविश्वसनीय है। अपीलकर्ता/पत्नी ने कोर्ट को यह भी बताया कि पति पुलिस में काम करता है। अतः उसे पत्नी को उचित भरण-पोषण देना चाहिए। अंत में कोर्ट ने यह निष्कर्ष निकाला कि भरण-पोषण की याचिका पर निर्णय लेने के लिए यह देखना आवश्यक नहीं है कि दूसरी शादी के समय पत्नी की पहली शादी अस्तित्व में थी या नहीं बल्कि यह देखना आवश्यक है कि पत्नी को भरण-पोषण की कितनी आवश्यकता है। अधिनियम की धारा 24 के अनुसार पत्नी या पति के पास अपने जीवनयापन के लिए पर्याप्त स्वतंत्र आय नहीं है तो आवेदन करने पर दूसरे पक्ष यानी पति को उसे भरण-पोषण उपलब्ध कराना होता है। कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि यह संभव है कि अपीलकर्ता ने विपक्षी से कुछ छिपाया हो या उसे गुमराह करने का प्रयास किया हो, लेकिन परिवार न्यायालय के समक्ष उपलब्ध साक्ष्यों से यह सिद्ध नहीं होता है क अपीलकर्ता के पास भरण- पोषण का कोई अन्य साधन उपलब्ध था।

# अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किया निकाह

**बरेली।** किशोरी के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करके युवक ने अश्लील वीडियो तथा फोटो बना लिए। इसके बाद आरोपी ने ब्लैकमेल करके जबरन निकाह कर लिया। अब आरोपी पांच लाख रुपये मांग रहा है। रुपये न देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी है। एसएसपी के निर्देश पर बारादरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बारादरी थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने बताया कि उनकी बेटी 14 वर्ष की है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के गांव कंजादासपुर का जासम पुत्र हासम आए दिन बेटी के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करता था। आरोपी ने उनकी बेटी का चुपके से अश्लील वीडियो व फोटो बना लिए। शिकायत करने पर आरोपी ने धमकी दी कि बेटी का निकाह उसके साथ कर दो नहीं तो वीडियो वायरल कर दूंगा।

# संभल के सपा सांसद जिया उर रहमान को हाई कोर्ट से मिली राहत

## दो हफ्ते में जमा करने होंगे 6 लाख रुपये

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल के सपा सांसद जियाउर रहमान बर्क के घर पर बकाया 1.91 करोड़ के बिजली बिल पर रोक लगाते हुए कहा कि सांसद को दो सप्ताह के अंदर 6 लाख रुपये अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड, संभल के यहां जमा कराएं, साथ ही बिजली विभाग को आदेश दिया कि पैसा जमा करने के बाद सांसद का बिजली कनेक्शन जोड़ दिया जाए। इसके साथ ही कोर्ट ने पावर कॉर्पोरेशन के अधिवक्ता को भी 3 सप्ताह के अंदर सभी जरूरी जानकारी हासिल करने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई 2 जुलाई, 2025 को सुनिश्चित कर दी।



यह आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति संदीप जैन की खंडपीठ ने सपा सांसद द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मालूम हो कि सांसद बर्क के घर का बिजली कनेक्शन 19 दिसंबर, 2024 को काट दिया गया था। दरअसल 19 दिसंबर को सुबह 7.30 बजे बिजली विभाग के एसडीओ दीपा सराय में सपा सांसद बर्क के घर गए थे। सांसद बर्क के घर पर 2-2 किलोवॉट के दो कनेक्शन थे। एक सांसद जियाउर्रहमान के नाम से और दूसरा उनके दादा के नाम से था। सांसद के घर पर गत 6 महीनों से जीरो यूनिट खपत आ रही थी, इसलिए बिजली अधिकारियों द्वारा सांसद के घर पर बिजली उपकरणों की जांच के बाद स्मार्ट मीटर लगाया गया।

उसी क्रम में 19 दिसंबर की सुबह इनके परिसर की चेकिंग की गई। जांच में बर्क के घर पर 16 किलोवाट बिजली की खपत मिली। एमआरआई (लैब में मीटर की जांच) रिपोर्ट में दोनों पुराने मीटरों में छेड़छाड़ करके बिजली चोरी की बात सामने आई। इसके बाद सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई और उनका बिजली कनेक्शन काट दिया गया।

हालांकि सांसद के अधिवक्ता ने कोर्ट के समक्ष तर्क दिया कि याची से 4 हजार 138 दिन पुराना असेसमेंट किया गया है। उन्होंने कहा कि विभाग को 12 साल पुराना असेसमेंट करने का अधिकार नहीं है। उनको केवल 365 दिन तक का असेसमेंट करने का अधिकार है। एक्जीक्यूटिव इंजीनियर द्वारा पारित आक्षेपित आदेश मनमाना और गैरकानूनी है।

# ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर, दो की मौत

संवाददाता, शाहजहांपुर

- चार घायल, लखनऊ से अपने घर संभल जा रहे थे सभी

**अमृत विचार:** सीतापुर रोड पर अटसलिया गांव के सामने पंचर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे ट्राली पर सवार छह लोग घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को मेडिकल कालेज भेज दिया। डॉक्टर ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि चार घायलों को बरेली रेफर कर दिया। मृतक और घायल संभल के रहने वाले थे, जो बकरीद पर लखनऊ से अपने घर संभल जा रहे थे।

संभल जिले के थाना नखासा के गांव कबीररइसा निवासी शकील, जाकिर, शोएब, अशरफ, नौशाद और राशिद लखनऊ क्षेत्र में एक ईट भट्टे पर काम करने के लिए गए थे। शनिवार को ईद होने के कारण शुक्रवार को सभी लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली से लखनऊ से संभल लौट रहे थे। रोजा थाना क्षेत्र में अटसलिया गांव के सामने शुक्रवार की सुबह पांच बजे ट्राली एक पहिया पंचर हो गया। ट्रॉली पर लोगों ने चारपाई डाल रखी थी। ट्रैक्टर-ट्राली को सड़क के किनारे खड़ा करके पंचर ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। सभी लोग ट्राली पर पड़ी चारपाई पर लेटे हुए थे। ट्रक ने पीछे से ट्राली को टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर-ट्राली पलट गई। ट्रॉली पर सवार सभी लोग दबकर घायल हो गए।

रोजा थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों की मदद से ट्राली में दबे लोगों को बाहर निकाला गया। पुलिस ने सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज भेज दिया, जहां डॉक्टर ने 30 वर्षीय शकील और 50 वर्षीय जाकिर को मृत घोषित कर दिया।

# एल्विश यादव की जमानत याचिका खारिज

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- हाईकोर्ट ने कहा- आरोपी की लोकप्रियता सुरक्षा देने का आधार नहीं

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूट्यूबर एल्विश यादव को सांपों के जहर का कथित दुरुपयोग करने के (स्नेक वेनम) मामले में राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि कानून की दृष्टि में सभी व्यक्ति समान हैं। आरोपी की लोकप्रियता या संरक्षण के विस्तार का आधार नहीं हो सकती और इस देश के कानून के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति अपनी लोकप्रियता या व्यक्तित्व के बावजूद कानून की दृष्टि में समान है।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव की एकलपीठ ने गौतम बुद्ध नगर के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-प्रथम द्वारा पारित आरोप-पत्र और संज्ञान/समन आदेश के साथ-साथ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, आईपीसी और एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एफआईआर की पूरी कार्यवाही को रद्द करने की मांग में दाखिल एल्विश यादव उर्फ सिद्धार्थ की जमानत याचिका पर सुनवाई की। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि जिस व्यक्ति ने याची के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, वह वन्यजीव अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज करने के लिए सक्षम नहीं है। याची के अधिवक्ता ने यह भी तर्क दिया कि याची को एक अच्छा स्टारडम प्राप्त है। इसी क्रम में याची से जून, 2023 के महीने में सांपों के उपयोग से संबंधित एक गीत की शूटिंग के लिए संपर्क किया गया, जो याची के कथित एक वीडियो में देखा जा सकता है। हालांकि कोर्ट ने याची के अधिवक्ता के तर्कों को स्वीकार न करते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी।

# 6 साल की बच्ची को कुत्तों ने नोचकर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** दूध लेने मां के साथ गई 6 साल की बच्ची को लौटते समय कुत्तों के झुंड ने घेरकर बुरी तरह नोच डाला। घायल बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मामला थाना अफजलगढ़ के मोहल्ला फैजी कालोनी का है, जहां बच्ची यासमीन अपनी मां के साथ दूध लेने गई थी। लौटते समय मां, बेटी से करीब 100 मीटर आगे निकल गई और इस बीच बच्ची पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्ची को 50 से अधिक जगहों पर काटा, उसका पेट तक फाड़ दिया। कुत्ते बच्ची के सिर व पेट का काफी मांस खा गए। कुत्ते बच्ची को घसीट रहे थे तो मां गुलशन ने चिल्लाकर लोगों से मदद मांगी। जब तक बच्ची को कुत्तों से छुड़ाया गया, उसकी मौत हो चुकी थी। बच्ची की मां ने बताया कि घर में दूध नहीं था, इसलिए दूध लेने गई थी। लौटते समय बेटी पीछे रह गई थी, तभी बच्ची को कुत्तों ने घेर लिया और बुरी तरह नोचा। बच्ची की चीख सुन शोर मचाया तो पीछे काम कर रहे मजदूरों ने कुत्तों को भगाया। मां गुलशन शादियों में बर्तन धोने का काम करती है और पिता मजदूरी करते हैं। बता दें कि चार माह पहले भी अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर आबाद में एक बच्चे की कुत्तों के हमले में मौत हो गई थी। नगरपालिका ईओ का कहना है कि घटना पालिका क्षेत्र से बाहर की है, कुत्तों को पकड़वाने की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की है।

# सहारनपुर में सेना के हेलीकॉप्टर अपाचे की हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ, अमृत विचार :** सहारनपुर के चिलकाना इलाके में सेना के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। तकनीकी खराबी के कारण पायलट ने खेत में सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। इसके दोनों पायलट पूरी तरह से सुरक्षित हैं। घटना की सूचना मिलते ही सेना और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

स्थानीय पुलिस-प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को सहारनपुर के जोधेबांस गांव में सेना के एक अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी के चलते आपात लैंडिंग कराई गई। हेलीकॉप्टर सरसावा एयरफोर्स स्टेशन से नियमित अभ्यास पर था। पायलटों ने सूझबूझ दिखाते हुए खेतों में सुरक्षित लैंडिंग कराई। घटना में कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। सेना की तकनीकी टीम ने मौके पर हेलीकॉप्टर की जांच की और सुधार के बाद उसे एयरबेस वापस भेज दिया गया।

## वर्ग पहेली- 454

**बाएं से दाएं**

4.1. नीली कुईं, कोका, इंदीवर 2. पृथ्वी, भूमंडल।
5.1. घुल–मिल जाना 2. पूर्ण होना 3. मिलना।
7.1. व्यक्ति 4.1. किसी विश्वविद्यालय का प्रधान अधिकारी, (वाइस चांसलर) 2. पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंतर्गत किसी कुल या परिवार का स्वामी, मुखिया 3. प्राचीन काल में गुरुकुल का प्रधान अधिकारी जो छात्रों की शिक्षा और भोजन आदि की व्यवस्था करता था।

**ऊपर से नीचे**

1. शौच कराना, किसी अन्य को मल त्याग कराना।
2.1. तुलना के योग्य 2. जिससे तुलना की जा सकती हो।
3.1. देखने में सुंदर और भला लगने वाला 2. सुंदर, ख़ूबसूरत 3. मनोरम 4. प्रियदर्शन।
6. जानवरों को होने वाला एक रोग।




## वर्ग पहेली -453 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 कि | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| र | ■ | 2 छि | 3 गु | नी | ■ |
| कि | ■ | ■ | ज | ■ | ■ |
| री | ■ | 4 अ | रा | ड़ | ■ |
| ■ | 5 जं | भि | त | ■ | 6 म |
| 7 यू | ■ | ग | ■ | ■ | ह |
| रो | ■ | 8 म | ज़ | कू | री |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 जून, शनिवार 2025 संवत–2082, शक संवत 1947 मास– ज्येष्ठ, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि– द्वादशी पूर्णरात्रि तक।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**– पश्चिम। **ऋतु**– ग्रीष्म। चन्द्रबल–मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर। ताराबल– भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र– चित्रा 09 .40 तत्पश्चात स्वाती।


मेष
आज नए व्यवसाय को लेकर योजना बना सकते हैं। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। आपकी दिनचर्या काफी व्यस्त रहने वाली है। अधिकारियों से संबंध मजबूत होंगे। विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा में आ रही बाधा दूर होगी।


वृष
आज सेहत को लेकर आप काफी जागरूक रहेंगे। कार्यक्षेत्र में सब आपके पक्ष में ही होता दिख रहा है। बेवजह सोशल मीडिया पर लोगों से संपर्क न रखें। अनावश्यक बातों में समय व्यर्थ हो सकता है। उधार दिया हुआ धन प्राप्त हो सकता है।


मिथुन
आज परिवार को लेकर चिंता दूर होगी। साझेदारी वाले प्रोजेक्ट्स में लाभ प्राप्त होगा। जीवनसाथी से कोई उपहार प्राप्त हो सकता है। विद्यार्थी नए स्टार्टअप और करियर को लेकर गंभीर रहेंगे। भावनाओं में आकर कोई व्यावसायिक निर्णय न लें।


कर्क
आज दिन की शुरुआत में कुछ तनाव हो सकता है। व्यावसायिक अनुबंध प्रभावित हो सकते हैं। संपत्ति विवाद के मामले उलझ सकते हैं। डायबिटीज के रोगियों को अपनी सेहत और खानपान को लेकर सावधान रहना चाहिए। आपको छोटी–छोटी बातों पर क्रोध आ सकता है।


सिंह
आज दिन सकारात्मक रहने वाला है। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करेंगे। संतान के करियर को लेकर समस्या दूर होगी। जीवनसाथी से सलाह लेकर काम करें। भाई–बहनों से संबंध अत्यंत मधुर रहेंगे।


कन्या
आज दूसरों पर अपने विचारों को लादने से बचें। घर का वातावरण काफी अच्छा रहेगा। लेखन कार्यों से जुड़े लोगों के मन में रचनात्मक विचार जन्म ले सकते हैं। परिवार के साथ घूमने की योजना बनायेंगे। पैरों में अकड़न की समस्या हो सकती है। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें।


तुला
आज नए कारोबारी अनुबंध होंगे जो आपके लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होंगे। कार्यक्षेत्र में बड़े अधिकारियों का सहयोग आपको मिलेगा। आज काफी रोमान्टिक समय बितायेंगे। आपके कार्य व्यवहार की प्रशंसा होगी। आय के नये स्रोत बन सकते हैं।


वृश्चिक
आज आपके बने बनाए काम बिगड़ सकते हैं। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार नम्र रखें। कारोबार में अस्थिरता हो सकती है। शान्तिपूर्वक मामलों को सुलझाने का प्रयास करें। ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान अधिक धन खर्च हो सकता है।


धनु
आज मित्रों से आपके सम्बन्ध मधुर रहेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर तनाव दूर होगा। प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त कर लेंगे। उच्च अधिकारियों से आपको शाबाशी मिल सकती है। परिवार में मांगलिक आयोजन की योजना बन सकती है। सभी कार्यों में प्रगति होगी।


मकर
आज नौकरीपेशा लोगों को विदेशी संस्थान से जॉब के ऑफर मिल सकते हैं। लम्बित कार्यों को पूरा करने में अतिरिक्त धन खर्च हो सकता है। भोग–विलास में आप अत्यन्त रुचि ले सकते हैं। आप लोगों की समस्याओं को दूर करने को लेकर भी काफी सक्रिय रहेंगे।


कुंभ
आज परिवार में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कमीशन से जुड़े कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा। सामाजिक और धार्मिक कार्यों में धन खर्च करेंगे। कार्यक्षेत्र में शानदार परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों की आय बढ़ सकती है। आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा।


मीन
आज नया कार्य शुरू करने में जल्दबाजी न करें। बीमारियों पर धन खर्च होगा। कार्यक्षेत्र में किसी सहकर्मी के कारण मूड खराब हो सकता है। कारोबारी गतिविधियों में परिश्रम के उपरान्त भी सफलता इच्छानुसार नहीं मिलेगी। आपको पर्याप्त मात्रा में आराम करना चाहिए।

## सुडोकू -1

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 2 | 3 | | |
| 9 | | 7 | | | 1 | | | 8 |
| | 8 | | | | | 9 | 4 | |
| 5 | | 1 | | 7 | | | 3 | |
| | 4 | | 3 | | 6 | | 8 | |
| | 2 | | | 4 | | 7 | | 6 |
| | 9 | 6 | | | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | | 2 | | 5 |
| | | 2 | 8 | | | | | 3 |

## सुडोकू - 177 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 | 6 | 1 |
| 7 | 3 | 5 | 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 | 4 | 3 |
| 2 | 6 | 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 7 | 9 |
| 4 | 7 | 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 5 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 6 | 9 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 5 |
| 6 | 1 | 2 | 4 | 5 | 9 | 7 | 3 | 8 |

## एक नजर

### फोनपे ने जीएसपे आईपी का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन भुगतान मंच फोनपे ने नए फीचर फोन में एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) पर आधारित भुगतान सेवा लाने के लिए जीएसपे के आईपी का अधिग्रहण किया है। जीएसपे बातचीत के मंच 'गपशप' की प्रौद्योगिकी इकाई है। फोनपे ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वह अगली कुछ तिमाहियों में भारत में नए फीचर फोन के लिए अपना यूपीआई भुगतान ऐप लाने की योजना बना रही है।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 1.24 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 30 मई को समाप्त सप्ताह में 1.23 अरब डॉलर घटकर 691.49 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को विदेशी मुद्रा भंडार के नवीनतम आंकड़े जारी किए। पिछले सप्ताह कुल भंडार 6.99 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 692.72 अरब डॉलर हो गया था। विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

# रेपो दर में कटौती से गति पकड़ेगी आर्थिक वृद्धि

## विशेषज्ञों ने कहा- 0.5 प्रतिशत की कटौती उम्मीद से भी ज्यादा, कर्ज वृद्धि को मिलेगा बढ़ावा

**मुंबई, एजेंसी**



- दिग्गज बैंकरों ने कहा- भारतीय रिजर्व बैंक का यह अप्रत्याशित कदम स्वागत योग्य

भारतीय बैंकिंग जगत ने शुक्रवार को रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में चरणबद्ध कटौती की रिजर्व बैंक की घोषणा का शुक्रवार को स्वागत करते हुए कहा कि इन मौद्रिक उपायों से ऋण वृद्धि में तेजी आएगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद रेपो दर को 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत पर लाने और सीआरआर में एक प्रतिशत कटौती करने की घोषणा की।

सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा कि आरबीआई का यह नीतिगत कदम 'सक्रिय, अभिनव, लीक से हटकर और अप्रत्याशित' था। भारतीय बैंक संघ के भी प्रमुख शेट्टी ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण वृद्धि में संभावित मंदी से जुड़ी सभी चिंताओं पर 'व्यापक रूप से विचार' किया है। शेट्टी ने कहा, यह नीति निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों, विशेषकर बैंकिंग और वित्त के लिए सकारात्मक है। विशेष रूप से उधार लेने की कम लागत किसी भी अनिश्चितता के लिए एक संतुलनकारी कारक के रूप में कार्य करेगी।

पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंध निदेशक अशोक चंद्र ने कहा कि आरबीआई के नीतिगत कदम मूल्य और वित्तीय स्थिरता बनाए रखते हुए वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए एक दूरदर्शी दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा, मुद्रास्फीति में कमी आने और व्यापक आर्थिक संकेतकों में मजबूती दिखाने के साथ, यह नीतिगत कदम ऋण उठाव को समर्थन देगा, निवेशक भावना को बढ़ावा देगा।

इंडियन ओवरसीज बैंक के एमडी एवं सीईओ अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा, रेपो दर को 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.50 प्रतिशत करने और सीआरआर को चार चरणों में एक प्रतिशत कम करने का निर्णय एक मजबूत तथा समय पर नीतिगत बदलाव को दर्शाता है जो मूल्य स्थिरता के साथ वृद्धि को संतुलित करने के अनुरूप है।

### खुदरा महंगाई का अनुमान 4% से घटाकर 3.7% किया

**नई दिल्ली।** आरबीआई ने ब्याज दरों में कटौती के साथ महंगाई का अनुमान भी घटाया है। मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 में खुदरा महंगाई 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। पुराना अनुमान चार प्रतिशत का था। हाल के वर्षों में पहली बार होगा जब सालाना महंगाई 4% से कम होगी। आरबीआई के अनुसार वैश्विक स्तर पर कमोडिटी के दाम कम होने के कारण महंगाई नीची रहने की उम्मीद है। साथ ही मौसम की अनिश्चितता पर उसकी नजर रहेगी। टैरिफ को लेकर अनिश्चितता तथा ग्लोबल कमोडिटी कीमतों पर उसके असर को भी केंद्रीय बैंक करीब से देखेगा। मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद आरबीआई गवर्नर ने कहा कि रबी सीजन में गेहूं के रिकॉर्ड उत्पादन और दालों के उत्पादन में वृद्धि से प्रमुख खाद्य पदार्थों की सप्लाई पर्याप्त बनी रहने की उम्मीद है।

### सेंसेक्स 747 अंक उछला निफ्टी 25,000 के पार

**मुंबई।** आरबीआई की घोषणा के बाद शेयर बाजार उछल गए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक 746.95 अंक यानी 0.92 प्रतिशत उछलकर 82,188.99 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी फिर 25,000 के स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में यह 252.15 अंक यानी 1.02 प्रतिशत चढ़कर 25,003.05 अंक पर बंद हुआ।

### पीएनबी ने ब्याज दर घटाई

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती के कुछ घंटे बाद पंजाब नेशनल बैंक ने ऋण दर में 0.50 प्रतिशत की कमी की घोषणा की। इससे बैंक के मौजूदा और नए उधारकर्ताओं को राहत मिलेगी।

# यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री मई में तीन प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- मांग में नरमी आने का असर छोटी कारों की मांग सबसे ज्यादा हुई प्रभावित

भारत-पाकिस्तान संघर्ष के कारण कई राज्यों में ग्राहकों के खरीदारी में देरी करने तथा छोटी कारों की मांग में नरमी आने से मई में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार तीन प्रतिशत की गिरावट आई। वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने यह जानकारी दी।

वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, पिछले महीने यात्री वाहनों का पंजीकरण 3,02,214 इकाई रहा, जबकि मई 2024 में यह 3,11,908 इकाई रहा था। इसमें कहा गया, छोटी कारों की मांग सबसे अधिक प्रभावित हुई है। सीमित वित्तपोषण और कमजोर उपभोक्ता भावना इसकी मुख्य वजह रही।

जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात में युद्ध संबंधी चिंताएं एवं सीमा पर तनाव बढ़ने से ग्राहकों ने खरीदारी में देरी की। हालांकि, बुकिंग काफी अच्छी रही, लेकिन स्थगित निर्णयों के कारण खुदरा बिक्री में कमी आई। वाहन डीलरों के संगठन के अनुसार, मई में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 16,52,637 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 15,40,077 इकाई थी। वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री मई में चार प्रतिशत घटकर 75,615 इकाई रह गई।

# व्यापार वार्ता के लिए पहुंचा अमेरिकी दल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- 10 जून तक रहेगा भारत में, वार्ता को निष्कर्ष तक पहुंचाने का उद्देश्य

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौता सीमा शुल्क को कम कर, व्यापार बाधाओं को घटाकर और आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण में सुधार कर वस्तुओं के लिए अधिक बाजार पहुंच प्रदान करेगा।

एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि दोनों देशों की टीमों के बीच चल रही बातचीत का उद्देश्य बीटीए (द्विपक्षीय व्यापार समझौते) के प्रारंभिक चरण को शीघ्र और पारस्परिक रूप से लाभकारी निष्कर्ष तक पहुंचाना है। बीटीए के लिए चल रही वार्ता के तहत अमेरिका के अतिरिक्त व्यापार प्रतिनिधि नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल चार से 10 जून तक भारत की यात्रा पर है।

अधिकारी ने कहा, दोनों देश अधिक बाजार पहुंच को सुविधाजनक बनाने, शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने और आपूर्ति श्रृंखला मजबूती और एकीकरण को बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से केंद्रित चर्चाओं में लगे हुए हैं। दोनों पक्ष प्रस्तावित बीटीए के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा में लगे हुए हैं।

दोनों देशों ने 13 फरवरी, 2025 को 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना से अधिक बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करने पर सहमति व्यक्त की थी। इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए भारत और अमेरिका ने 2025 की शरद ऋतु तक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पहली किस्त पर बातचीत करने की योजना की घोषणा की।

# एनटीपीसी समूह की स्थापित क्षमता 80,265 मेगावाट पहुंची

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी की अनुषंगी की अनुषंगी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी ने 1,255 मेगावाट की खावड़ा सौर परियोजना से 110.25 मेगावाट की वाणिज्यिक आपूर्ति शुरू कर दी है। इसके साथ एनटीपीसी समूह की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता 80,265 मेगावाट हो गई है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी की पूर्ण अनुषंगी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड की 1,255 मेगावाट की खावड़ा-I सौर पीवी परियोजना के पहले चरण के तहत 110.25 मेगावाट की क्षमता छह जून को रात 12 बजे बजे वाणिज्यिक रूप से परिचालन में आ गयी। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी एनटीपीसी लि. की एक अनुषंगी कंपनी है। इसके साथ ही एनटीपीसी समूह की कुल स्थापित और वाणिज्यिक क्षमता 80,265 मेगावाट हो गई है।

# कश्मीर में रेल सेवा से जम्मू के व्यापारी बेचैन

**कटरा, एजेंसी**




- यात्रियों के सीधे कश्मीर चले जाने से अपना व्यापार प्रभावित होने का डर
- सरकार से जम्मू के व्यापार की रक्षा के लिए किया नीति बनाने का आग्रह

कश्मीर घाटी में रेल संपर्क शुरू होने से जहां एक ओर लोग खुशी मना रहे हैं, वहीं पड़ोसी जम्मू के व्यापारी थोड़े चिंतित हैं। उन्हें डर सताने लगा है कि यात्री सीधे कश्मीर चले जाएंगे, जिससे उनका व्यापार प्रभावित होगा। इसी कारण कटरा जिले के व्यापारी संगठनों ने सरकार से इस आर्थिक प्रभाव पर विचार करने और इससे निपटने का आग्रह किया है।

जम्मू ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नीरज आनंद ने रेल सेवा की शुरुआत पर कहा, हम इस ऐतिहासिक कदम के लिए प्रधानमंत्री को बधाई देते हैं। यह कश्मीर को हर मौसम में संपर्क प्रदान करेगा। लेकिन इसका जम्मू के व्यापार पर अनिवार्य रूप से असर पड़ेगा। सरकार को इस पहलू पर गौर करना चाहिए।

व्यवसायी सुदर्शन सिंह ने जम्मू के व्यापार और आजीविका की रक्षा के लिए एक नीति बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, यह सिर्फ वाणिज्य के बारे में नहीं है। यह पर्यटन, यात्रा और जम्मू में लोगों के रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित करेगा। हम सरकार से आग्रह करते हैं कि वह स्थानीय हितों की रक्षा के लिए सक्रिय कदम उठाएं।

जम्मू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने इसके लिए सरकार की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, मैं यह सपना पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूं, क्योंकि एक ट्रेन अब कश्मीर तक पहुंचने में सक्षम है। घाटी में पर्यटकों की संख्या को काफी बढ़ावा मिलने, कृषि, बागवानी, और हस्तकला उत्पादों को राष्ट्रीय बाजारों में बढ़ावा देने और सामान, कच्चे माल और यात्रियों का तेज और अधिक आवागमन सुनिश्चित होने की उम्मीद है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### मणिपुर में आठ उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम और बिष्णुपुर जिलों से सुरक्षा बलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के आठ उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के घारी माखा लेईकोई क्षेत्र से बृहस्पतिवार को प्रतिबंधित यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया गया, जबकि प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के चार सदस्यों को जिले के ताओथोंग खुनौ और बिष्णुपुर से गिरफ्तार किया गया। बृहस्पतिवार को पीआरईपीएके (प्रो) के एक सक्रिय सदस्य को भी गिरफ्तार किया गया था।

### कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामले पांच हजार के पार

**नई दिल्ली।** देशभर में कोराना संक्रमण के 464 सक्रिय मामले बढ़ने के साथ सक्रिय मामलों की संख्या शुक्रवार सुबह बढ़कर 5364 तक पहुंच गयी। पिछले 24 घंटों में संक्रमण से चार और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 55 पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अभी तक 4724 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1266 मामले सामने आए हैं। सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं।

### पंजाब में सतर्कता विभाग के एसएसपी निलंबित

**लुधियाना।** पंजाब सरकार ने शुक्रवार को सतर्कता विभाग लुधियाना के एसएसपी जगतप्रीत सिंह को कर्तव्य के प्रति लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया है। पंजाब सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक शेखर ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी किया। सतर्कता विभाग ने लुधियाना पश्चिम सीट के उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार और पूर्व कैबिनेट मंत्री भारत भूषण आशु को पूछताछ के लिए समन भेजा था। एसएसपी के निलंबन को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

### बीजापुर में नक्सलियों ने ट्रक को आग लगाई

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने गुरुवार देर शाम बीजापुर और गीदम के बीच नेशनल हाइवे में एक ट्रक को आग के हवाले कर इलाके में दहशत फैलाने की कोशिश की। नक्सलियों ने बीजापुर की ओर से जगदलपुर की ओर जा रहे एक ट्रक को भैरमगढ़ के पास रोककर आग के हवाले कर दिया। नक्सलियों के ट्रक में आगजनी से दोनों तरह वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

# भारतीय भाषाओं के लिए अलग अनुभाग

## गृहमंत्री अमित शाह ने की शुरुआत, कहा- राजभाषा विभाग अब संपूर्ण विभाग

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सभी भाषाओं को मिलेगा अब सशक्त और संगठित मंच

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश की भाषाओं के विकास तथा उन्हें और समृद्ध बनाने और प्रशासन को विदेशी भाषा से मुक्ति दिलाने के लिए राजभाषा विभाग के तहत अलग से भारतीय भाषा अनुभाग बनाया गया है। शाह ने इस अनुभाग का शुभारंभ करते हुए कहा कि भारतीय भाषा अनुभाग की स्थापना से राजभाषा विभाग एक सम्पूर्ण विभाग बन गया है।

गृहमंत्री शाह ने इस मौके पर कहा कि प्रशासन को विदेशी भाषाओं के प्रभाव से मुक्त कराने की दिशा में यह नवगठित अनुभाग मील का पत्थर साबित होगा। इस अनुभाग के गठन से भारत की भाषाई विविधता को समाहित करते हुए सभी भाषाओं को एक सशक्त और संगठित मंच मिलेगा।

भारतीय भाषाओं भारतीय संस्कृति और भारत की आत्मा बताते हुए गृहमंत्री ने कहा कि स्थानीय भाषाओं को ताकत देकर ही देश विश्व में गौरवमयी स्थान पर पहुंचा सकता है। उनका कहना था कि सभी भाषाओं की भावना, समृद्धि और संवेदना को कम किए बिना टेक्नोलॉजी का उपयोग हो। गृहमंत्री ने कहा, हमारी सोचने, विश्लेषण करने और निर्णय लेने की प्रक्रिया जब हमारी मातृभाषा में होती है तभी हमारी क्षमता का भरपूर दोहन संभव है।

उनका कहना था कि देश की सभी स्थानीय भाषाओं को ताकत देकर ही हम भारत को उसके चिरातन गौरवमयी स्थान पर पहुंचा सकते हैं। शाह ने सोशल मीडिए एक्स पर भी कहा आज राजभाषा विभाग के 'भारतीय भाषा अनुभाग' का शुभारंभ किया। यह अनुभाग भारत की भाषाई विविधता को समाहित करते हुए सभी भाषाओं को एक सशक्त और संगठित मंच प्रदान करेगा, जिससे न सिर्फ भारतीय भाषाएं, बल्कि भारतीय संस्कृति और भी मजबूत होगी। मेरा मानना है कि इस विभाग के शुभारंभ के बाद राजभाषा विभाग अब एक सम्पूर्ण विभाग बन गया है।

### शिक्षा का माध्यम बनेंगी भारतीय, स्थानीय भाषाएं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि आने वाले वर्षों में शिक्षण संस्थानों में शिक्षा का माध्यम मुख्य रूप से भारतीय और स्थानीय भाषाएं होंगी। ने भारतीय भाषाओं में शिक्षा को बढ़ावा देने के विषय पर संसद की परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह टिप्पणी की। प्रधान ने कहा, आने वाले वर्षों में शिक्षा का माध्यम मुख्य रूप से भारतीय और स्थानीय भाषाएं होंगी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जैसे उच्च शिक्षा संस्थान स्थानीय भाषाओं में पाठ्यक्रम शुरू कर रहे हैं, जिसमें इंजीनियरिंग जैसे तकनीकी पाठ्यक्रम भी शामिल हैं।

### तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत नौ जुलाई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की न्यायिक हिरासत नौ जुलाई तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने यह आदेश तब पारित किया जब राणा को न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया। राणा के वकील ने उसकी सेहत को लेकर चिंता जताई थी जिस पर अदालत ने तिहाड़ प्रशासन से नौ जून तक रिपोर्ट मांगी है। राणा, 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ता और अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी है। उसे अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा चार अप्रैल को उसकी भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका खारिज किए जाने के बाद भारत लाया गया था।

# वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन के लिए शुरू किया उम्मीद पोर्टल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- रिजीजू ने कहा- वक्फ संपत्तियों का निष्पक्ष उपयोग तय करेगा पोर्टल

सरकार ने शुक्रवार को 'उम्मीद' पोर्टल की शुरुआत की, जिसमें सभी वक्फ संपत्तियों की 'जियो-टैगिंग' के बाद एक डिजिटल सूची तैयार की जाएगी। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रीजीजू ने इसे ऐतिहासिक कदम बताया, जो समुदाय के स्वामित्व वाली वक्फ संपत्तियों का गरीब मुसलमानों के लिए प्रभावी और निष्पक्ष उपयोग को सुनिश्चित करेगा।

उम्मीद पोर्टल एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995 का संक्षिप्त रूप है। रीजीजू ने इस पोर्टल की शुरुआत करने के बाद कहा, उम्मीद पोर्टल भारत में वक्फ संपत्ति प्रबंधन और प्रशासन के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगा। इससे न केवल पारदर्शिता आएगी बल्कि आम मुसलमानों, खासकर महिलाओं और बच्चों को भी मदद मिलेगी।

इस पोर्टल की औपचारिक शुरूआत केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के राज्यमंत्री जॉर्ज कुरियन की मौजूदगी में की गई। इसे ऐतिहासिक कदम बताते हुए रीजीजू ने इस बात पर जोर दिया कि 'उम्मीद' केंद्रीय पोर्टल महज तकनीकी उन्नयन से कहीं अधिक है।

**नई शुरुआत**



जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के संगलदान में वंदे भारत एक्सप्रेस में सवार सुरक्षाकर्मी। पीएम मोदी ने शुक्रवार को कटरा और श्रीनगर के बीच वंदे भारत सेवा को हरी झंडी दिखाई, जो कश्मीर घाटी और जम्मू क्षेत्र के बीच पहली रेल सेवा है। एजेंसी

### जमानत पर जेल से रिहा हुई इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली

**कोलकाता।** सांप्रदायिक टिप्पणियों वाला वीडियो साझा करने से जुड़े मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय से अंतरिम जमानत मिलने के बाद 'सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर' शर्मिष्ठा पनोली को शुक्रवार को जेल से रिहा कर दिया गया। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पनोली की अंतरिम जमानत याचिका बृहस्पतिवार को मंजूर कर ली थी। अदालत ने कहा था कि पनोली (22) के खिलाफ शिकायत में किसी संज्ञेय अपराध की बात सामने नहीं आई है। कोलकाता पुलिस ने विधि छात्रा पनोली को पिछले हफ्ते हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया था। उसके खिलाफ कोलकाता के गार्डन रीच पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद यह कदम उठाया गया था।

# मीठी नदी घोटाले में डिनो मोरिया और बीएमसी अफसरों के ठिकानों पर छापे

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मीठी नदी से गाद निकाले जाने से जुड़े घोटाले' से संबंधित धन शोधन मामले की जांच के तहत शुक्रवार को महाराष्ट्र में अभिनेता डिनो मोरिया, बीएमसी के कुछ अधिकारियों और ठेकेदारों समेत अन्य के परिसरों पर तलाशी ली।

ये छापे महाराष्ट्र के मुंबई और केरल के कोच्चि में 15 से अधिक स्थानों पर मारे गए। इनमें मुंबई के बांद्रा पश्चिम में मोरिया के परिसर, उनके भाई सेंटिनो के ठिकाने शामिल हैं। इनमें बीएमसी के अधिकारियों, ठेकेदारों और कुछ अन्य के परिसर शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि बीएमसी को गाद निकालने का उपकरण प्रदान करने वाली एक कंपनी- मेटप्रोप टेक्निकल सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड कोच्चि की है, इसलिए वहां भी तलाशी ली गई। आरोप है कि इस घोटाले के कारण बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) को 65 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

# मुर्शिदाबाद हिंसा: पिता-पुत्र की हत्या के मामले में 13 के खिलाफ आरोप पत्र

**कोलकाता, एजेंसी**

- दोनों को घर का दरवाजा तोड़कर निकाला था उपद्रवियों ने बाहर

पश्चिम बंगाल पुलिस ने मुर्शिदाबाद के जाफराबाद में अप्रैल में हुई हिंसा के दौरान पिता-पुत्र की हत्या के मामले में 13 लोगों के खिलाफ शुक्रवार को आरोप-पत्र दाखिल किया। जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टि की।

वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को लेकर जिले में हुए विरोध प्रदर्शनों के सिलसिले में धुलियान-सुती-शमशेरगंज में हुई सांप्रदायिक हिंसा के दौरान 11 अप्रैल को हरगोबिंदो दास (74) और उनके बेटे चंदन दास (40) की हत्या कर दी गई थी। हिंसा में तीन लोगों की मौत हुई थी और कई घायल हुए थे, सैकड़ों लोगों को अपने घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा था। सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को भी बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया गया था।

अधिकारी ने कहा, हमने अपराध के 55 दिन के अंदर जिला अदालत के समक्ष आरोप-पत्र दाखिल कर दिया है और इसमें 13 लोगों के नाम हैं। बेटबोना गांव में दास परिवार के घर को निशाना बनाया गया था। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, हमलावरों ने मुख्य दरवाजा तोड़कर चंदन दास और हरगोबिंदो दास को बाहर निकाला और उनकी पीठ पर कुल्हाड़ी से वार किया। बताया जाता है कि एक व्यक्ति उनकी मौत होने तक वहीं रहा। हालांकि आरोप पत्र में नामजद लोगों और उनपर लगाई गई धाराओं का विवरण तुरंत स्पष्ट नहीं हुआ है।

### कक्षा निर्माण मामले में एसीबी के समक्ष पेश हुए सत्येंद्र जैन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार के मामले में पूछताछ के लिए शुक्रवार को भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) के समक्ष पेश हुए। जैन को दिल्ली सरकार की एसीबी ने पूछताछ के लिए बुलाया था।

एसीबी कार्यालय जाने से पहले जैन ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने दिल्ली की शिक्षा में सुधार की दिशा में काम किया, मौजूदा भाजपा नीत सरकार केवल राजनीति कर रही है। जैन ने कहा कि भाजपा प्रमुख मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। जैन ने कहा, पहले मुझे बताएं कि घोटाला शब्द कहां से आया। भाजपा काम नहीं करना चाहती और निजी स्कूलों को फीस बढ़ाने में मदद कर रही है।

उन्होंने कहा, पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने स्कूलों में बेहतरीन काम किया। उन्हें तलब किया गया। ये सब ध्यान भटकाने के हथकंडे हैं।

# हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के बैंक खातों की कुर्की का आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- 2.1 करोड़ की वसूली के लिए सेबी ने दिया आदेश, शेयर, म्यूचुअल फंड भी कुर्क होंगे

बाजार नियामक सेबी ने गीतांजलि जेम्स के शेयरों में भेदिया कारोबार नियमों के उल्लंघन मामले में 2.1 करोड़ रुपये का बकाया वसूलने के लिए फरार हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के बैंक खातों, शेयरों एवं म्यूचुअल फंड को कुर्क करने का आदेश दिया है।

सेबी ने यह कदम 15 मई को चोकसी को भेजे गए एक नोटिस के बाद उठाया गया है, जिसमें 15 दिन के भीतर भुगतान न करने पर संपत्ति के साथ बैंक खाते भी जब्त करने की चेतावनी दी गई थी। चोकसी ने गीतांजलि जेम्स लिमिटेड के शेयरों में भेदिया कारोबार नियमों के उल्लंघन मामले में जनवरी 2022 में सेबी द्वारा लगाए गए जुर्माने का भुगतान नहीं किया था जिसके बाद यह नोटिस जारी किया गया था। चोकसी गीतांजलि जेम्स का चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक होने के साथ प्रवर्तक समूह का हिस्सा भी था। वह एक अन्य भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी का मामा है। दोनों पर सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से 14,000 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप है। वर्ष 2018 की शुरुआत में पीएनबी घोटाला सामने आने के बाद चोकसी और मोदी दोनों ही भारत से भाग गए थे।

## खेल डायरी

### विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा पेरिस डायमंड लीग में लेंगे भाग



**नई दिल्ली :** मौजूदा भाला फेंक विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा 20 जून को स्टेड सेबेस्टियन-चार्लीटी में होने वाली पेरिस डायमंड लीग 2025 में भाग लेंगे। नीरज आठ साल बाद पेरिस डायमंड लीग में वापसी करेंगे। वर्ष 2017 में वह इस स्पर्धा में 84 .67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। जर्मनी के जोहान्स वेटर ने 88 .74 मीटर का थ्रो कर इस स्पर्धा को जीता था। नीरज के 2024 संस्करण में भाग लेने की उम्मीद थी, लेकिन पेरिस ओलंपिक की तैयारी के मद्देनजर वह इस स्पर्धा में भाग नहीं ले सके। मई में दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा ने 90 .23 मीटर दूर भाला फेंक कर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोडा था। नीरज का सबसे हालिया प्रदर्शन 23 मई को पोलैंड के चोरजो में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में हुआ था।

### न्यूजीलैंड ने रॉब वाल्टर को मुख्य कोच नियुक्त किया

**वेलिंगटन :** न्यूजीलैंड ने गैरी स्टीड के स्थान पर रॉब वाल्टर को अपनी पुरुष क्रिकेट टीम के तीनों प्रारूपों का कोच नियुक्त किया है। वाल्टर जनवरी 2023 से इस साल अप्रैल तक दक्षिण अफ्रीका की वनडे और टी20 टीमों के कोच रहे। इससे पहले वह न्यूजीलैंड के ओटागो प्रांत और सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स एसोसिएशन में पांच साल तक कोच रहे। वाल्टर के कोच रहते हुए दक्षिण अफ्रीका ने वनडे विश्व कप 2023 और इस साल चैंपियंस ट्रॉफी के सैनी फाइनल में जगह बनाई थी। यही नहीं उन्होंने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभाई थी। स्टीड 2018 से तीनों प्रारूपों में न्यूजीलैंड के मुख्य कोच थे।

### भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर पहले दौर के बाद शीर्ष 10 में

**टेनेरिफ (स्पेन) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने स्पेन में शानदार शुरुआत की। वह यहां खेली जा रही लेडीज यूरोपीय टूर की प्रतियोगिता टेनेरिफ महिला ओपन में दो अंडर 70 का स्कोर बनाकर पहले दिन संयुक्त छठे स्थान पर रहीं। दीक्षा शीर्ष पर चल रही आयरलैंड की लॉरेन वाल्श और डेनमार्क की सोफी किब्सगार्ड नीलसन से तीन शॉट पीछे हैं, जिन्होंने पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रही अन्य भारतीय खिलाड़ियों में अवनी प्रशांत (71), हिताशी बक्शी (72), त्वेसा मलिक (73) और स्नेहा सिंह (77) शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा के अलावा अवनी प्रशांत ने अच्छा प्रदर्शन किया और वह पहले दौर के बाद संयुक्त 17वें स्थान पर हैं।

### अय्यर की फाल्कंस ने सूर्यकुमार की नाइट्स को चार विकेट से हराया

**मुंबई :** भारतीय टीम के सीमित ओवरों के सितारों के बीच मुकाबले में श्रेयस अय्यर की सोबो मुंबई फाल्कंस ने शुक्रवार को यहां टी20 मुंबई लीग के एक रोमांचक मैच में सूर्यकुमार यादव की ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट को चार विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर नाइट्स की टीम तेज गेंदबाजों की मददगार परिस्थितियों में पांच विकेट पर 145 रन ही बना सकी। फाल्कंस ने चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

### गुकेश व कार्लसन नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट खिताब के दावेदार

**स्टावेंजर (नॉर्वे) :** मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में चीन के वेई यी को हराकर तीन अंक हासिल किए। वह नॉर्वे के स्टार मैग्नस कार्लसन के साथ खिताब के लिए शीर्ष दावेदार बन गए। अब जब कि केवल एक दौर की बाजी खेली जानी बाकी है तब गुकेश 14 .5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन छह खिलाड़ियों के डबल राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में उनसे केवल आधा अंक आगे हैं। कार्लसन ने हारने की स्थिति से वापसी करते हुए अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को हराया और पूरे अंक हासिल किए।

### लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलना बहुत बड़ा क्षणः डिविलियर्स

**लंदन :** एबी डिविलियर्स का मानना है कि लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलना दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट इतिहास का एक बड़ा क्षण है। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया 11 से 15 जून तक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे सत्र के फाइनल में खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया गत चैंपियन है। डिविलियर्स ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा यह (लॉर्ड्स में फाइनल) दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट के लिए एक बहुत बड़ा पल है। उम्मीद है कि हम जीतने में सफल होंगे। डिविलियर्स ने 114 टेस्ट मैचों में 22 शतकों सहित 8,765 रन बनाए हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को संतुलित टीम करार देते हुए कहा कि वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उलटफेर करने में सक्षम है।

### भारतीय कंपाउंड तीरंदाज विश्व कप से बाहर

**अंताल्या (तुर्की) :** भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में निराशाजनक प्रदर्शन किया तथा कोई भी खिलाड़ी व्यक्तिगत तथा मिश्रित वर्ग में पदक दौर तक नहीं पहुंच सका। शंघाई में पिछले चरण में दो स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक के साथ दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर रहने वाला भारत यहां अभी तक पदकों का खाता नहीं खोल पाया है। चौथी वरीयता प्राप्त और पिछले विश्व कप की विजेता मधुरा धामनगांवकर को क्वार्टर फाइनल में मैक्सिको की पांचवीं वरीयता प्राप्त मारियाना बर्नल ने हराया। मधुरा को महिला व्यक्तिगत वर्ग में 152-159 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियन अदिति स्वामी भी अंतिम आठ चरण में मैक्सिको की दूसरी वरीयता प्राप्त एंड्रिया बेसेरा से 147-152 से हारकर बाहर हो गईं।

# बैठकों में सिर्फ पुजारा को आउट करने पर होती थी चर्चा: रोहित शर्मा

**मुंबई, एजेंसी**



रोहित शर्मा।



चेतेश्वर पुजारा।

- पुजारा की पत्नी पूजा की किताब 'द डायरी ऑफ ए क्रिकेटर्स वाइफ' के विमोचन पर बोले- रोहित शर्मा

**2016-17** में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को अपने करियर की सबसे मुश्किल सीरीज बताया चेतेश्वर पुजारा ने

चेतेश्वर पुजारा को कैसे आउट किया जाए? यह एक ऐसा सवाल था जिस पर रोहित शर्मा और मुंबई के उनके साथी जूनियर क्रिकेट के दिनों में अक्सर चर्चा करते थे, क्योंकि उन्हें पता था कि सौराष्ट्र का यह बल्लेबाज लगातार दो या तीन दिन बल्लेबाजी करके उनकी उम्मीदों पर सकता है। रोहित ने खुलासा किया कि पुजारा का विकेट अक्सर आयु वर्ग के मैचों में उनकी टीम के लिए जीत या हार का अंतर होता था। यह इस दिग्गज बल्लेबाज के शुरुआती लक्षण थे, जिन्होंने 103 टेस्ट मैचों में 43.60 की औसत तथा 19 शतक और 35 अर्द्धशतक की मदद से 7,195 रन बनाए।

रोहित ने गुरुवार को यहां पुजारा की पत्नी पूजा की किताब 'द डायरी ऑफ ए क्रिकेटर्स वाइफ' के विमोचन के अवसर पर कहा मुझे अब भी याद है कि टीम बैठकें सिर्फ इसी पर केंद्रित होती थीं कि उसे कैसे आउट किया जाए। अगर हम उसे आउट नहीं कर पाते हैं तो हम मैच हार सकते हैं। पूर्व भारतीय कप्तान ने मजाक में कहा कि पुजारा के खिलाफ खेलने से उनका चेहरा इतना बदल जाता था कि उनकी मां भी थोड़ी परेशान हो जाती थीं। उन्होंने कहा मुझे बस इतना याद है कि जब मैं 14 साल का था और मैदान से शाम को जब वापस आता था, तो मेरे चेहरे का रंग बिल्कुल बदल जाता था।

रोहित ने कहा क्योंकि वह पूरे दिन बल्लेबाजी करता था और हमें दो-तीन दिन तक धूप में फील्डिंग करनी पड़ती थी। मुझे अब भी याद है कि मेरी मां ने मुझसे कई बार पूछा था कि जब तुम घर से खेलने जाते हो, तो तुम अलग दिखते हो और जब तुम एक हफ्ते या 10 दिन बाद घर आते हो, तो तुम अलग दिखते हो। रोहित ने कहा मैं कहता था, मां मैं क्या करूं। चेतेश्वर पुजारा नाम का एक बल्लेबाज है। वह तीन दिनों से बल्लेबाजी कर रहा है। पुजारा को लेकर हमारी शुरुआती धारणा यही थी। रोहित ने कहा कि करियर की शुरुआत में दोनों घुटनों में एसीएल (एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट) की चोट के बावजूद 100 से अधिक टेस्ट खेलने का श्रेय पुजारा को दिया। उन्होंने कहा (यह) बहुत बड़ी और बहुत बुरी चोट थी। उसकी दोनों एसीएल चली गई थीं। किसी भी क्रिकेटर, एक खिलाड़ी के लिए यह बहुत मुश्किल होता है जब वह अपनी दोनों एसीएल गंवा देता है। इसके बावजूद वह भारत की तरफ से 100 से अधिक टेस्ट मैच खेलने में सफल रहा। इसका पूरा श्रेय पुजारा को जाता है।

इस अवसर पर पुजारा ने 2016-17 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को अपने करियर की सबसे मुश्किल सीरीज बताया। पुजारा ने कहा मैं एक घटना का जिक्र कर सकता हूं। भारतीय टीम जब 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 200 रन के आसपास आउट हो रही थी तो वह मेरे करियर का सबसे मुश्किल दौर था। उन्होंने कहा वह बेंगलुरु में खेला गया दूसरा टेस्ट मैच था। हमारी टीम ने पहली पारी में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था और दूसरी पारी में भी हम परेशानी में थे, लेकिन मैंने अनिल (कुंबले) भाई से नाथन लियोन से निपटने के तरीके के बारे में बात की और उन्होंने तकनीक को लेकर एक सुझाव दिया जिससे मुझे फायदा मिला। पुजारा और रोहित दोनों ने अपने माता-पिता द्वारा उनके करियर को आगे बढ़ाने के लिए किए गए संघर्षों को याद किया। पुजारा ने कहा, ''जब मैं 17 साल का था तब मेरी मां का निधन हो गया था लेकिन जब मैं छोटा था तो मेरे माता-पिता ने मेरा पूरा समर्थन किया। पूजा ने किताब में इसका अच्छी तरह से वर्णन किया है। मुझे याद है कि मेरी मां ने मुझसे कहा था तुम जीवन में जो कुछ भी करो उससे पहले तुम्हें एक अच्छा इंसान बनना पड़ेगा। रोहित ने कहा मुझे मेरे माता-पिता का शुरू से भरपूर समर्थन मिला। मैं जानता हूँ कि उन्होंने मेरे और मेरे भाई के लिए कितने त्याग किए हैं।

### फ्रेंच ओपन के पुरुष एकल सेमीफाइनल में चोट के कारण बीच से हटे लोरेंजो

# मुसेटी ने मुकाबला छोड़ा अल्काराज फाइनल में

**पेरिस, एजेंसी**



स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ (दाएं) और इटली के लोरेंजो मुसेटी सेमीफाइनल मैच के बाद एक-दूसरे का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज शुक्रवार को फ्रेंच ओपन के पुरुष एकल सेमीफाइनल में लोरेंजो मुसेटी के चौथे सेट की शुरुआत में चोट के कारण मुकाबले से हटने से फाइनल में पहुंच गए।

आठवीं वरीयता प्राप्त इटली के मुसेटी ने मुकाबले से जब हटने का फैसला किया उस समय अल्काराज 4-6, 7-6, 6-0, 2-0 से आगे चल रहे थे स्पेन के दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज ने फाइनल में जगह पक्की होने के बाद कहा इस तरह का मैच जीतना बहुत अच्छी बात नहीं है। लोरेंजो एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। इस 22 साल के खिलाड़ी ने कहा मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं और उनके जल्दी ठीक होने की कामना करता हूं। उम्मीद है कि उन्हें जल्द ही फिर से कोर्ट पर देख पाऊंगा।मुसेटी ने तीसरे सेट के आखिर में बायीं जांघ का उपचार कराया। उन्होंने चौथे सेट की शुरूआत में भी उपचार लिया लेकिन इससे मदद नहीं मिली। तेईस वर्षीय मुसेटी तीसरे सेट के 16 मिनट बाद 5-0 से पीछे थे, जब उन्होंने ट्रेनर को बुलाया। अल्काराज ने अगले गेम में मुसेटी की सर्विस तोड़कर 21 मिनट में सेट जीत लिया। इस सेट में अल्काराज ने 29 में से 24 अंक जीते। मुसेटी कोर्ट में दौड़ लगाने में काफी परेशानी हो रही थी।उन्होंने फिर से ट्रेनर को बुलाया।

अल्काराज ने चौथे सेट में उनकी सर्विस तोड़कर 2-0 की बढ़त बना ली, जिसके बाद मुसेटी धीरे-धीरे नेट की ओर बढ़े और अल्काराज ने उन्हें गले लगाया। अल्काराज ने पहले सेट में 16 गलतियां की जिसे मुसेटी ने अपने नाम किया। अल्काराज ने कहापहले दो सेट वाकई मुश्किल थे। जब मैंने दूसरा सेट जीता तो मुझे राहत मिली।



कोको गाफ व एरिना सबालेंका।

### कोको गाफ फाइनल में भिड़ेंगी सबालेंका से

**पेरिस :** अमेरिका की कोको गाफ का सामना शनिवार को फ्रेंच ओपन महिला एकल फाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका से होगा। तीन साल पहले फ्रेंच ओपन में पदार्पण करने वाली 18 साल की गाफ फाइनल में हार गई थी। उन्होंने इस बार फ्रांस की वाइल्ड कार्डधारी लोई बोइसों को 6-1, 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने मई में मैड्रिड ओपन में गाफ को हराया था। इस बार उन्होंने सेमीफाइनल में गत चैम्पियन इगा स्वियातेक को 7-6, 4-6, 6-0 से मात दी।

# मैं कैपिटल्स के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध : स्टार्क

**लंदन, एजेंसी**



- आईपीएल में 10 दिनों का ब्रेक होने के बाद वापस भारत न लौटने पर बोले-मिचेल स्टार्क

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 10 दिनों के ब्रेक के बाद दोबारा शुरू होने पर उनके वापस नहीं आने का परिणाम चाहे जो भी हो वह अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स के लिए 'पूरी तरह से प्रतिबद्ध' हैं।

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 नागरिकों की हत्या के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के शिविरों को निशाना बनाकर सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव के कारण इस लीग को 10 दिनों के लिए रोकना पड़ा था।

लीग जब 17 मई से दोबारा शुरू हुई तो स्टार्क ने ऑस्ट्रेलिया के अपने ज्यादातर साथी खिलाड़ियों के उलट भारत नहीं लौटने का फैसला किया। दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाजी इकाई के अहम सदस्य रहे स्टार्क ने 11 मैचों में 14 विकेट लिए। वह आठ मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में भी शामिल थे, जब स्टेडियम में अचानक लाइट चली गई और खेल को रोकना पड़ा। स्टार्क की पत्नी और ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली भी उस समय दर्शक दीर्घा में मौजूद थी। धर्मशाला की अंतरराष्ट्रीय सीमा से निकटता के कारण स्टेडियम को तुरंत खाली करना पड़ा।

'द एज' ने स्टार्क के हवाले से कहा मैं अपने फैसले और इस पूरी स्थिति को लेकर मैंने जो महसूस किया और जिस तरह से इसे संभाला, उससे मैं सहज हूं। उन्होंने कहा इसीलिए मैंने अपना निर्णय बाद में लिया और यहां (इंग्लैंड) आने से पहले करीब एक सप्ताह तक मेरा ध्यान टेस्ट क्रिकेट की तैयारी पर केंद्रित रहा।

# टेस्ट में करारी हार होने पर कोहली बदल सकते हैं फैसला: क्लार्क

**नई दिल्ली, एजेंसीः**



आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट को सर्वोपरि मानने वाले विराट कोहली इस प्रारूप से संन्यास का फैसला बदल सकते हैं अगर भारत को इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट की सीरीज में करारी हार का सामना करना पड़ता है। कोहली ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। उन्होंने 123 टेस्ट खेलकर 30 शतक समेत 9230 रन बनाए। क्लार्क ने 'बियोंड23' क्रिकेट पॉडकास्ट पर कहा मुझे ऐसा लगता है। अगर भारतीय टीम इंग्लैंड में 5 . 0 से हार जाती है तो प्रशंसक यही चाहेंगे कि विराट संन्यास का फैसला बदलकर टेस्ट क्रिकेट फिर खेलें। उन्होंने कहा अगर कप्तान, चयनकर्ता और प्रशंसक ऐसा चाहेंगे तो वह वापसी कर सकता है । उसे अभी भी टेस्ट क्रिकेट से प्यार है। उसके शब्दों में टेस्ट क्रिकेट के लिये उसका जुनून झलकता है। आरसीबी के पहला आईपीएल खिताब जीतने के बाद कोहली ने कहा था कि वह इस जीत को टेस्ट क्रिकेट से पांच पायदान नीचे रखेंगे।

क्लार्क ने कहा रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा। मुझे लगता है कि किसी भी टीम को उसकी कप्तानी की कमी खलेगी । वह शानदार कप्तान था। कोहली ने टेस्ट से संन्यास लिया । यह बहुत दुखद था। वह चैम्पियन है और टेस्ट क्रिकेट को उसकी कमी खलेगी। क्लार्क ने आरसीबी की जीत के जश्न में बेंगलुरू में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने कहा किसी को चोटिल होते देखना या प्राण गंवाते देखना दुखद है। उम्मीद है कि ऐसा फिर कभी नहीं होगा।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी इंडोनेशिया ओपन से बाहर

**जकार्ता :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल टीम शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के मैन वेई चोंग और टी काई वुन से हारकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

यहां 2023 में खिताब जीतने वाली भारतीय जोड़ी को मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ 43 मिनट तक चले मुकाबले में 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। मलेशिया की टीम की पांच मुकाबलों में भारतीय जोड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है। सात्विक-चिराग की हार के साथ प्रतियोगिता में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। भारतीय जोड़ी को अपनी सर्विस और रिटर्न में संघर्ष करना पड़ा।

# पीयूष ने क्रिकेट को कहा अलविदा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पीयूष चावला। ● एजेंसी

करीब दो दशक लंबे करियर के बाद लेग स्पिनर पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। चावला ने आज सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने संन्यास लेने के फैसले की जानकारी दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा दो दशक से अधिक समय तक मैदान पर रहने के बाद अब समय आ गया है कि मैं इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहूं। वह 2007 में टी-20 विश्वकप और 2011 एकदिवसीय विश्वकप की विजेता टीम का हिस्सा रहे। उन्होंने कहा कि यह उनके जीवन का आशीर्वाद है इसकी यादें हमेशा उनके दिल में बनी रहेंगी।

उन्होंने कहा ऊपर वाले की कृपा से मैं इतने लंबे समय तक क्रिकेट खेल सका। यह सफर कभी बेहद चुनौतीपूर्ण रहा, तो कभी बेहद सुकून देने वाला, लेकिन इसके हर पल ने मुझे बहुत कुछ सिखाया और बहुत कुछ दिया। ये वो यादें हैं जो ताउम्र मेरे साथ रहेंगी। मुझे हमेशा से लगता रहा है कि हर चीज का एक सही समय होता है। और आज वही पल है, जब मुझे लगा कि अब निर्णय लेना चाहिए।

पीयूष चावला ने भारत के लिए तीन टेस्ट, 25 एकदिवसीय और सात टी-20 मैच खेले, जिसमें उन्होंने कुल 43 विकेट लिए। वह 2011 में विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। यह उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि रही है। उन्होंने अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला वर्ष 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 मैच खेला था। उन्होंने 137 प्रथम श्रेणी मैचों में 446 विकेट लिए। छह शतकों की मदद से 5486 रन भी बनाए। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनका करियर बेहद सफल रहा। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स टीम में रहते हुए 2012 और 2014 में दो बार खिताबी टीम का हिस्सा रहे थे। उन्होंने आईपीएल में कुल 192 विकेट लिए और वह आईपीएल के इतिहास में संयुक्त रूप से तीसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

## भारत ए ने पहले दिन सात विकेट पर 319 रन बनाये

**नॉर्थम्पटन :** सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल की शतकीय पारी से भारत ए ने इंग्लैंड लायंस (ए टीम) के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच के बारिश से प्रभावित पहले दिन शुक्रवार को स्टंप्स तक सात विकेट पर 319 रन बना लिए।

राहुल ने क्रिस वोक्स की शानदार गेंदबाजी की चुनौती से निपटते हुए 168 गेंद की पारी में 15 चौके और एक छक्के की मदद से 116 रन बनाने के अलावा करुण नायर (40) के साथ तीसरे विकेट के लिए 87 और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल (52) के साथ चौथे विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी कर टीम को खराब शुरुआत से उबारा। इंग्लैंड के लिए हरफनमौला तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ने तीन विकेट लिये जबकि जॉर्ज हिल को दो और फरहान अहमद को एक सफलता मिली। स्टंप्स के सयम तनुष कोटियान पांच जबकि अंशुल कंबोज एक रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। राहुल ने इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले शतकीय पारी खेल कर अपनी तैयारियों को पुख्ता किया।

उन्होंने अपनी पारी की शुरुआत में रक्षात्मक रवैया अपना कर 102 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने इसके बाद तेजी से बल्लेबाजी करते हुए अगले 49 गेंद में शतक पूरा किया। राहुल ने वोक्स की गेंद पर चौका जड़ने के बाद एक रन चुराकर 151 गेंद में अपना शतक पूरा किया।

# उज्बेकिस्तान व जॉर्डन ने रचा इतिहास

**सियोल, एजेंसी**



जीत के बाद जशन मनाते उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी। ● एजेंसी

चीन का 2002 के बाद पहली बार विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने का सपना गुरुवार को इंडोनेशिया के हाथों हार के साथ टूट गया। वहीं, उज्बेकिस्तान और जॉर्डन ने पहली बार इस प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। चीन को जहां करारा झटका लगा वहीं दक्षिण कोरिया ने लगातार 11वीं बार विश्व कप में जगह पक्की की।

विश्व कप फुटबॉल अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में आयोजित किया जाएगा। अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ उज्बेकिस्तान के लिए ग्रुप ए में ईरान के बाद दूसरा स्वतः क्वालीफिकेशन स्थान हासिल करने के लिए पर्याप्त था। ग्रुप बी में दक्षिण कोरिया ने इराक को 2-0 से हराकर विश्व कप में अपना स्थान पक्का किया। दक्षिण कोरिया की दो गोल के अंतर से जीत जॉर्डन के लिए पहली बार विश्व कप में जगह बनाने के लिए पर्याप्त थी। उसने इससे पहले ओमान को 3-0 से हराकर शीर्ष दो में जगह बनाई थी। जॉर्डन की तरफ से तीनों गोल अली ओलवान ने किए। ग्रुप सी में चीन को जकार्ता में इंडोनेशिया के हाथों 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। चीन इस तरह से विश्व कप में क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो गया है। वह 2002 में आखिरी बार विश्व कप में खेला था जब इसका आयोजन जापान और दक्षिण कोरिया में किया गया था। इस ग्रुप के एक अन्य मैच में अजीज बेहिच के अंतिम मिनट में किए गए गोल से ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में पहले से ही क्वालीफाई कर चुकी जापान की टीम को 1-0 से हराया।

## हॉकी टीम की नजरें विश्व कप में सीधे जगह बनाने पर

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड), एजेंसी**

**प्रो लीग का यूरोपीय चरण**

बेल्जियम और नीदरलैंड में अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने की कवायद में भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अधिकतम अंक जुटाने की कोशिश में होगी। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम इस समय प्रो लीग की तालिका में आठ मैचों में 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। बेल्जियम और इंग्लैंड के 16 अंक हैं। प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अच्छे प्रदर्शन से भारत की अगले साल होने वाले विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने की संभावना बढ़ जाएगी। कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि टूर्नामेंट की अहमियत को देखते हुए अनुभव पर भरोसा किया गया है। उन्होंने कहा यह सभी को पता है कि विश्व कप के लिये सीधे क्वालीफाई करने का यह भी एक रास्ता है। हमारी प्राथमिकता वही है कि यहां से सीधे विश्व कप का टिकट कटाएं।

उन्होंने कहा अगर नहीं हो पाता है तो अगस्त में भारत में एशिया कप होना है। लेकिन हमारी कोशिश यहीं से अधिकतम अंक लेकर विश्व कप में जगह बनाने की होगी। इस साल की शुरूआत में भुवनेश्वर में खेले गए प्रो लीग के घरेलू चरण में भारत ने आठ में से पांच मैच जीतकर 15 अंक बनाए थे। यूरोप चरण में भारत को शनिवार को मेजबान नीदरलैंड से खेलना है और दूसरा मैच नौ जून को होगा।

# हार्वर्ड में विदेशी छात्रों पर ट्रंप के प्रतिबंध पर लगी अस्थाई रोक

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका की एक संघीय न्यायाधीश ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय आने वाले विदेशी छात्रों के देश में प्रवेश पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए प्रतिबंध पर अस्थायी रोक लगा दी है। ट्रंप प्रशासन द्वारा बुधवार को जारी इस घोषणा के कारण देश के सबसे पुराने और सबसे धनी कॉलेज के एक चौथाई छात्रों पर असर पड़ सकता है, जिनमें से अधिकतर हार्वर्ड के शोध और छात्रवृत्ति कार्यक्रम का हिस्सा होते हैं।

इससे कुछ समय पहले हार्वर्ड ने संघीय न्यायाधीश से ट्रंप के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए एक याचिका दायर की थी। विवि ने इसे व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) की मांगों को अस्वीकार करने के कारण हार्वर्ड के खिलाफ



- विवि ने कहा- प्रतिशोध की भावना से किया गया कार्य

प्रतिशोध की भावना से किया गया कार्य कहा। गुरुवार को दायर संशोधित मुकदमे में हार्वर्ड ने कहा कि राष्ट्रपति पिछले अदालती आदेश को दरकिनार करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके कुछ समय बाद बोस्टन में यूएस डिस्ट्रिक्ट जज एलिसन बरो ने ट्रंप की बुधवार की घोषणा के खिलाफ एक अस्थायी रोक का आदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि हार्वर्ड का कहना है कि मुकदमे में दोनों पक्षों को सुनने से पहले यह रोक लगी तो इससे संस्थान को क्षति होगी।

# भारत में हाशिये पर पड़े समुदायों के लोग संवैधानिक पदों पर

**लंदन।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा कि हाशिये पर पड़े समुदायों के प्रतिनिधि आज भारत के कुछ सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर हैं, जो डॉ. बीआर आंबेडकर के समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के दृष्टिकोण के अनुरूप है। गवई ने लंदन के ऐतिहासिक ग्रेज इन में गुरुवार शाम को भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर विशेष व्याख्यान में संविधान निर्माता के रूप में डॉ. आंबेडकर की स्थायी विरासत पर प्रकाश डाला।

आंबेडकर ने एक सदी से भी पहले ग्रेज इन से ही बैरिस्टर की उपाधि प्राप्त की थी। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि आधुनिक इतिहास के सबसे महान विधि विशेषज्ञों में से एक डॉ. आंबेडकर की विरासत पर विचार करना उनके लिए अविश्वसनीय रूप से भावनात्मक क्षण है।

# चिनाब पुलः समर्पण की ऊंचाइयों को छूने के 10 साल

- बेहद दुरूह काम, ऊपर से हर समय आतंकी हमलों का डर
- रेलवे इंजीनियर तरुण की जुबानी असंभव के संभव बनने की दास्तां

बनिहाल (जम्मू-कश्मीर)



- ऊंचाई: 359 मीटर, एफिल टॉवर (324 मीटर) से भी अधिक
- लंबाई: 1,315 मीटर, जिसमें मुख्य आर्च स्पैन 467 मीटर
- निर्माण सामग्री: 28,660 मीट्रिक टन स्टील का उपयोग
- डिजाइन: एक स्टील आर्च ब्रिज है, दोहरी रिब आर्च डिजाइन और कंक्रीट से भरे स्टील बॉक्स ट्रस का उपयोग
- स्पीड क्षमता: पुल को 100 किमी/घंटा की ट्रेन गति के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- जीवनकाल: अनुमानित जीवनकाल 120 वर्ष
- भूकंप प्रतिरोध : रिक्टर स्केल पर 8.0 तीव्रता तक झटके झेलने की क्षमता
- हवा प्रतिरोध: 266 किमी/घंटा तक की हवाओं का सामना करने की क्षमता
- ब्लास्ट प्रूफ: उच्च तीव्रता वाले विस्फोटों का सामना और आतंकवादी हमलों से सुरक्षित

रेलवे इंजीनियर तरुण कुमार के लिए उधमपुर-बारामूला-श्रीनगर रेल लिंक (यूएसबीआरएल) चिनाब पुल पर परिचालन शुरू होना भय पर विजय और बलिदान के साथ की गई तपस्या के पूरा होने जैसा था। उन्होंने चिनाब पुल के निर्माण के दौरान आतंकी हमले में सहकर्मी को खो दिया था। इंडियन रेलवे कंस्ट्रक्शन इंटरनेशनल लिमिटेड (इरकॉन) के इंजीनियर कुमार ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर श्रीनगर से 100 किलोमीटर दूर बनिहाल रेलवे स्टेशन पर इस परियोजना से जुड़े अपने सफर को साझा किया।

कुमार ने बताया, इरकॉन में प्रबंधक के रूप में मुझे शुरू में श्रीनगर में तैनात किया गया था और बाद में मेरा तबादला बारामूला और अनंतनाग में हुआ। मेरा काम पटरियों, पुल, स्टेशन भवन, प्लेटफार्म और विद्युतीकरण की देखभाल करना था। उस समय, बाहर से लोग काम के लिए आते थे।

कुमार ने कहा, मैं 2003 में यूबीएसआरएल परियोजना पर काम करने को अपने गृह राज्य बिहार से कश्मीर आया था। शुरू में मैं बहुत डरा हुआ था। हर जगह सुरक्षा बल तैनात थे और बम विस्फोट हो रहे थे। मुझे यकीन नहीं था कि मैं लंबे समय तक काम कर पाऊंगा, लेकिन मुझे इसकी आदत हो गई और मैंने अपना काम जारी रखा।

कुमार ने कहा कि दोबारा तैनात होने से पहले उनका कई बार कश्मीर से बाहर तबादला हुआ था। कुमार ने 2004 में मेरठ के सहकर्मी सुधीर पुंडीर की मृत्यु को याद करते हुए कहा कि उनका दक्षिण कश्मीर के अवंतीपुरा स्थित रेलवे निर्माण स्थल से अपहरण हुआ और बाद में पुलिस को उनकी लाश मिली थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हमेशा मेरे मन में रहेगी।

## एक नजर

### सऊदी-सीरिया के बीच उड़ानें 12 साल बाद बहाल

**रियाद।** सऊदी अरब की कम लागत वाली एयरलाइन 'फ्लाईनास' ने रियाद और दमिश्क के बीच सीधी उड़ानें शुरू की हैं और यह सऊदी अरब और सीरिया की राजधानियों के बीच 12 वर्षों में पहली सीधी हवाई संपर्क सेवा है। एयरलाइन ने गुरुवार से रियाद के किंग खालिद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और दमिश्क अंतर्राष्ट्रीय ह हवाई अड्डे के बीच नॉनस्टॉप उड़ान सेवा शुरू कर दी है। 'फ्लाईनास' के कार्यकारी अधिकारी बांदर अलमोहन्ना ने कहा, एयरलाइन सीरिया के लिए अपनी उड़ानें फिर से शुरू करने से प्रसन्न है।

### नाटो ने रक्षा निवेश मांग पर जताई सहमति

**ब्रसेल्स।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रूट ने गुरुवार को कहा कि नाटो में अमेरिका के अधिकतर सहयोगी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस मांग का समर्थन करते हैं कि वे अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5 प्रतिशत अपनी रक्षा आवश्यकताओं पर निवेश करें और सुरक्षा खर्च को और भी बढ़ाने के लिए तैयार रहें। रूट ने ब्रसेल्स में नाटो रक्षा मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता के बाद कहा, ट्रंप के इस प्रस्ताव को व्यापक समर्थन मिला है।

### क्रूज ने सर्वाधिक छलांग लगाने का बनाया रिकॉर्ड

**लास एंजिलिस।** हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज ने जलते हुए पैराशूट से 16 बार छलांग लगाने के साथ सर्वाधिक बार ऐसा कारनामा करने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना लिया है। उन्होंने अपनी नवीनतम फिल्म मिशन: इम्पॉसिबल – द फाइनल रेकनिंग के फिल्मांकन के दौरान ये उपलब्धि हासिल की। जून में दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म में साहसिक दृश्य दिखाया गया है, जिसमें क्रूज विमानन ईंधन में भीगे पैराशूट से बंधे हुए हेलीकॉप्टर से छलांग लगाते है और उसमें आग लगा देते हैं।

### रूस के मिसाइल हमले से यूक्रेन में तीन की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के छह क्षेत्रों को 407 ड्रोन और 44 मिसाइलों से निशाना बनाया, जो तीन साल के युद्ध के सबसे बड़े हवाई हमलों में से एक है। यूक्रेन के अधिकारियों के अनुसार, रात के समय हुए हमले में कीव में आपातकालीन प्रतिक्रिया दल के तीन कर्मी मारे गए। यूक्रेनी वायुसेना के प्रवक्ता युरी इहनात ने बताया कि इस बमबारी में बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के साथ ड्रोन का भी इस्तेमाल किया गया। यूक्रेनी सेना ने बताया कि उसने 30 क्रूज मिसाइलों और 200 से अधिक ड्रोन को मार गिराया।

### बाल पोर्नोग्राफी : 12 देशों से 20 लोग हुए गिरफ्तार

**ल्योन (फ्रांस)।** बाल पोर्नोग्राफी सामग्री के खिलाफ 12 देशों में चलाए अभियान के दौरान यूरोप और अमेरिका में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वैश्विक पुलिस संगठन इंटरपोल ने यह जानकारी दी है। इंटरपोल के मुताबिक, स्पेन पुलिस के नेतृत्व में यह अभियान पिछले साल के अंत में शुरू हुआ था, जब पुलिस अधिकारियों ने बाल पोर्नोग्राफी से जुड़ी तस्वीरें प्रसारित करने वाले ऑनलाइन मैसेजिंग समूहों की पहचान की थी।

### रूस ने ब्रिटिश काउंसिल को किया अवांछनीय घोषित

**मॉस्को।** रूस ने ब्रिटिश काउंसिल को अवांछनीय संगठन घोषित करते हुए आरोप लगाया है कि ब्रिटेन की खुफिया सेवा एमआई-6 ब्रिटिश काउंसिल की आड़ में काम करती है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने गुरुवार को जारी बयान में आरोप लगाया कि ब्रिटेन की खुफिया सेवाएं देशों की संप्रभुता को कमजोर करने के उद्देश्य से ब्रिटिश काउंसिल का इस्तेमाल करती हैं।

# मध्य एशियाई देशों के साथ संबंधों को संजोए हुए है भारत : प्रधानमंत्री

## मोदी ने कहा- भारत और मध्य एशियाई देश आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई के प्रति दृढ़

- मध्य एशियाई देशों के विदेश मंत्रियों से की मुलाकात

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्रियों से मुलाकात के बाद कहा कि भारत मध्य एशिया के देशों के साथ अपने ऐतिहासिक संबंधों को बखूबी संजोये हुए है।

मोदी ने एक्स पर कहा कि भारत और ये मध्य एशियाई देश आतंकवाद के खिलाफ अपनी सामूहिक लड़ाई के प्रति दृढ़ बने हुए हैं। उन्होंने कहा, हम आपसी प्रगति और समृद्धि के लिए व्यापार, संपर्क, ऊर्जा, वित्तीय प्रौद्योगिकी, खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य में अपने सहयोग को और प्रगाढ़ करने के लिए साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हैं।

भारत ने इससे पहले, पहलगाम हमले के बाद मध्य एशियाई देशों द्वारा उसके साथ खड़े रहने की सराहना की थी। भारत ने कहा था कि वह कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के लिए एक विश्वसनीय विकास साझेदार होगा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत-मध्य एशिया वार्ता में अपने संबोधन में कहा कि भारत इन पांचों देशों के साथ कनेक्टिविटी, व्यापार, पर्यटन और शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का इच्छुक है।

### आतंकवाद की चुनौती से मिलकर निपटने का लिया संकल्प



पांच मध्य एशियाई देशों ने भारत के साथ मिलकर पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की तथा मांग की कि आतंकवादी कृत्यों के अपराधियों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराया जाए तथा दंडित किया जाए। नयी दिल्ली में आयोजित भारत-मध्य एशिया वार्ता के चौथे संस्करण में आतंकवाद से निपटने की चुनौती पर प्रमुखता से चर्चा हुई, जिसमें कई प्रमुख क्षेत्रों में दोनों पक्षों के बीच सहयोग के समग्र स्वरूप को विस्तारित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सम्मेलन की अध्यक्षता की, जिसमें कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के उनके समकक्षों ने भाग लिया। मध्य एशियाई देशों के विदेश मंत्रियों ने विस्तारित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए भी अपना समर्थन दोहराया। विचार-विमर्श के अंत में जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि मंत्रियों ने पहलगाम में आतंकवादी हमले की स्पष्ट रूप से निंदा की तथा सभी प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ लड़ने का संकल्प लिया।

# जापान का चंद्र मिशन असफल

**तोक्यो।** जापान का निजी लैंडर शुक्रवार को चंद्रमा पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। तोक्यो की कंपनी आईस्पेस ने लैंडर से संपर्क टूटने के कई घंटे बाद मिशन को विफल घोषित किया। प्रक्षेपण नियंत्रकों ने संपर्क करने की कोशिश की लेकिन कोई संदेश नहीं मिलने के बाद मिशन को समाप्त कर दिया। अंतरिक्ष यान के मिनी रोवर के साथ चंद्रमा पर उतरने से दो मिनट पहले ही संचार बंद हो गया। उससे पहले ऐसा लग रहा था कि चंद्रमा की कक्षा से उतरने की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। आईस्पेस के संस्थापक ताकेशी हाकामादा ने मिशन में योगदान देने वाले सभी लोगों से माफी मांगी।

## फ्यूगो का तांडव



ग्वाटेमाला के सैन जुआन अलोटेनैंगो से फ्यूगो ज्वालामुखी के गड्ढे से निकले लावे ने अद्भुत लेकिन खतरनाक नजारा पेश किया। रात के अंधेरे में यह दृश्य प्रकृति की प्रचंड शक्ति का प्रतीक बनकर सामने आया। एजेंसी

# यमुना के प्रदूषण में दिल्ली का 76% योगदान

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली में 52 किलोमीटर तक बहती है यमुना

दिल्ली में यमुना की कुल लंबाई का केवल दो प्रतिशत हिस्सा है, इसके बावजूद नदी में 76% प्रदूषण के लिए राजधानी जिम्मेदार है। एक नए अध्ययन में यह बात कही गई है।

दिल्ली में यमुना 52 किलोमीटर तक बहती है, जिसमें से 22 किमी का हिस्सा- वजीराबाद से ओखला तक- कई नियोजन व नीतिगत प्रयासों का केंद्र बिंदु है। अध्ययन में कहा गया है कि अनुपचारित और आंशिक रूप से उपचारित मलजल छोड़ना नदी में प्रदूषण का प्राथमिक कारण है। शहर में रोजना 792 मिलियन गैलन (एमजीडी) मलजल उत्पन्न होता है जबकि 618 एमजीडी का उपचार होता है। इस उपचारित जल का 30% हिस्सा अब भी निर्धारित निर्वहन मानकों को पूरा करने में विफल रहता है। विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रकाशित प्राइमस पार्टनर्स के अध्ययन में यह भी कहा गया कि 500 से अधिक अनधिकृत कॉलोनियों और 160 गांवों में अब भी सीवर की सुविधा नहीं है। फिलहाल शहर के 37 सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) उत्सर्जन मानदंडों को पूरा करने में विफल हैं और कई औद्योगिक क्षेत्रों से खतरनाक अपशिष्ट पदार्थ निकल रहा है जो कि शुष्क मौसम के दौरान पर्यावरणीय प्रवाह की कमी के कारण और भी अधिक बढ़ गया है।

# जैश-ए-मोहम्मद को खत्म करे पाकिस्तान : अमेरिकी सांसद

वाशिंगटन, एजेंसी

## खरी-खरी

- प्रतिनिधिमंडल से कहा- अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को करें हरसंभव प्रयास

अमेरिका के वरिष्ठ सांसद ने बिलावल भुट्टो के नेतृत्व में आए पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल से कहा कि आतंकवादी समूह जैश-ए-मोहम्मद को खत्म करने के साथ धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को हरसंभव प्रयास करना चाहिए। पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को अमेरिकी संसद के सदस्य ब्रैड शेरमैन से मुलाकात की।

पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल का अमेरिकी राजधानी का दौरा उसी समय हुआ है, जब कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल वाशिंगटन डीसी में है। प्रतिनिधिमंडल प्रमुख वार्ताकारों को पहलगाम हमले के मद्देनजर ऑपरेशन सिंदूर तथा पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद से लड़ने के भारत के संकल्प के बारे में जानकारी दे रहा है।

शेरमैन ने एक्स पर कहा कि उन्होंने पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल को आतंकवाद से लड़ने के महत्व पर जोर दिया और विशेष रूप से, जैश-ए-मोहम्मद समूह से, जिसने 2002 में डेनियल पर्ल की हत्या कर दी थी।

# पाकिस्तान के साथ चीन को नजरअंदाज करना असंभव

वाशिंगटन, एजेंसी



- थरूर ने भारतीय दूतावास में थिंक टैंक के प्रतिनिधियों से बातचीत में की टिप्पणी

कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि भारत एवं पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष के परिदृश्य में चीन ऐसा कारक है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। थरूर ने जोर दिया कि भारत और चीन के रिश्तों पर जमी बर्फ पिघलने की कवायद इस संघर्ष से पहले, पिछले कुछ महीनों में अच्छी प्रगति करती प्रतीत हो रही थी।

अमेरिका में संसदीय दल का नेतृत्व कर रहे थरूर ने कहा, हम जानते हैं कि चीन का पाकिस्तान में बहुत बड़ा हित है। उन्होंने भारतीय दूतावास में 'थिंक टैंक' के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। थरूर ने कहा कि बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत सबसे बड़ी एकल परियोजना चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा है और 81 प्रतिशत पाकिस्तानी रक्षा उपकरण चीन से आए हैं। थरूर ने कहा कि जून 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़पों के बाद से चीन और भारत के बीच तनाव के बावजूद चीन के साथ रिश्तों में जमी बर्फ पिछले साल सितंबर में वास्तव में पिघलने लगी थी और यह कवायद भारत-पाकिस्तान संघर्ष के होने से पहले प्रगति कर रही थी। फिर पाकिस्तान के लिए व्यावहारिक समर्थन के मामले में सुरक्षा परिषद में भी हमने अलग चीन देखा। पड़ोस के संदर्भ में हमारे सामने क्या चुनौतियां हैं, इसे लेकर हमें भ्रम नहीं है लेकिन आप सभी को याद दिलाना चाहता हूं कि भारत ने अपने विरोधियों के साथ भी संवाद के माध्यम खुले रखने का रास्ता चुना है।

### थरूर बोले- दो असमान व्यक्तियों में मध्यस्थता संभव नहीं

शशि थरूर ने कहा कि यह सुझाव देना संभव नहीं है कि दो असमान लोगों के बीच मध्यस्थता की जा सकती है, क्योंकि आतंकियों और आतंकवाद के पीड़ितों के बीच कोई समानता नहीं है। थरूर ने यह बात अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा बार-बार किए जा रहे इस दावे के बीच कही कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव घटाने में मदद की। ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थरूर ने विदेश संबंध परिषद में यह टिप्पणी की। थरूर ने कहा, मध्यस्थता एक ऐसा शब्द नहीं है जिसे हम विशेष रूप से स्वीकार करने के लिए तैयार हों। मैं आपको बताता हूं कि ऐसा क्यों नहीं है। तथ्य यह है कि इसका तात्पर्य यह है कि जब आप 'ब्रोकर' या कुछ और कहते हैं, तो आप एक ऐसी समानता की ओर संकेत कर रहे होते हैं जो वास्तव में मौजूद ही नहीं है।

### भारत-चीन में हुई पहली कूटनीतिक वार्ता

**बीजिंग।** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत और चीन के शीर्ष राजनयिकों ने पिछले वर्ष दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी सहमति को लागू करने के लिए द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। चीन में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत और चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेदोंग के बीच गुरुवार को हुई बैठक ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों के बीच पहली कूटनीतिक वार्ता है। चीनी विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों ने दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति को गंभीरतापूर्वक लागू करने के लिए मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की।

# मस्क ने अंतरिक्ष कैप्सूल की सेवाएं रद्द करने की पहले दी धमकी, बाद में पलटे

वाशिंगटन, एजेंसी



- स्पेसएक्स और स्टारलिंक के ठेकों को रद्द करने की ट्रंप की धमकी का जवाब दिया था एलन मस्क ने
- कुछ घंटों बाद ही अरबपति उद्यमी ने कहा- वह अपनी धमकी पर नहीं करेंगे अमल

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और एलन मस्क के बीच सोशल मीडिया पर गुरुवार को बहस हुई तो दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने वाले तथा सामान की आपूर्ति करने वाले अंतरिक्ष कैप्सूल की सेवाएं देना बंद करने की धमकी दी। कुछ घंटों बाद मस्क ने कहा कि वह अपनी धमकी पर अमल नहीं करेंगे।

जब ट्रंप ने मस्क की रॉकेट कंपनी स्पेसएक्स और उनकी स्टारलिंक इंटरनेट सैटेलाइट सेवाओं को दिए गए सरकारी ठेकों को रद करने की धमकी दी, तो मस्क ने एक्स पर जवाब देते हुए कहा कि स्पेसएक्स अपने ड्रैगन अंतरिक्ष यान की सेवाएं प्रदान करना तुरंत बंद करेगा। यह स्पष्ट नहीं था कि धमकी कितनी गंभीर है, लेकिन कुछ घंटे बाद एक्स उपयोगकर्ता को दिए उत्तर में उन्होंने कहा कि वह ऐसा नहीं करेंगे। सरकारी ठेके के तहत विकसित किया गया कैप्सूल अंतरिक्ष स्टेशन को संचालित रखने में मुख्य भूमिका निभाता है। नासा अपने अन्य कार्यक्रमों के लिए स्पेसएक्स पर निर्भर है, जिनमें वैज्ञानिक मिशनों का प्रक्षेपण और इस दशक में अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की सतह पर वापस भेजना शामिल है।

### रिपब्लिकन ने ट्रंप और मस्क से झगड़े खत्म करने का आग्रह किया

राष्ट्रपति ट्रंप और मस्क के बीच हुए टकराव के बाद की स्थितियों से निपटने को तैयार रिपब्लिकन पार्टी के सांसद और नेता लंबे समय तक जारी झगड़े के संभावित परिणामों से भयभीत होकर ट्रंप और मस्क से तनाव कम करने का आग्रह कर रहे हैं। दो शक्तिशाली व्यक्तियों के बीच दुश्मनी रिपब्लिकन के विशाल कर और सीमा व्यय कानून के लिए आगे का रास्ता जटिल बना सकता है। वाशिंगटन राज्य के रिपब्लिकन प्रतिनिधि डैन न्यूहाउस ने कहा, मुझे उम्मीद है कि यह संघर्ष हमें उस काम को पूरा करने से विचलित नहीं करेगा जो हमें करना है।

**नसीहत** तीन सदस्यीय पीठ ने हत्या के चार आरोपियों को जमानत के आदेश को रद्द कर की टिप्पणी

# बिना सोच-विचार किए अग्रिम जमानत न दें

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों में अग्रिम जमानत बिना सोच-विचार किए नहीं दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संजय करोल और संदीप मेहता की तीन सदस्यीय पीठ ने हत्या के एक मामले में चार आरोपियों को अग्रिम जमानत दिए जाने के आदेश को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की।

पीठ ने एक मई के दिए आदेश में कहा, पटना हाईकोर्ट के आदेश में, भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और 307 के तहत गंभीर अपराधों से जुड़े मामले में अग्रिम जमानत देने का कोई तर्कपूर्ण आधार नहीं बताया गया है। यह समझ से परे है कि उक्त आदेश क्यों दिया गया और इसमें न्यायिक विश्लेषण का अभाव है। गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों में, इस तरह से बिना सोच-विचार किए अग्रिम जमानत देना उचित नहीं है और इसे रद किया जाना चाहिए।

प्राथमिकी और दी गई सामग्री को सरसरी तौर पर पढ़ने पर शीर्ष अदालत ने पाया कि अपीलकर्ता के पिता पर हमला किया गया और उसकी हत्या अपीलकर्ता की उपस्थिति में हुई। शीर्ष अदालत ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि यह घटना एक रास्ते को अवरूद्ध करने से जुड़े विवाद से उपजी है। जैसा कि प्राथमिकी में कहा गया है, आरोपियों की विशिष्ट भूमिकाएं इस बात का संकेत देती हैं कि पीड़ित (जिसकी बाद में मृत्यु हो गई) के अचेत हो जाने के बाद भी उन्होंने हमला जारी रखा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट मामले में आरोपों की गंभीरता और प्रकृति को समझने में स्पष्ट रूप से विफल रहा। इसलिए, आरोपी को आठ सप्ताह में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया जाता है। यह आदेश मृतक के बेटे द्वारा दायर याचिका पर आया, जिसमें अग्रिम जमानत देने के आदेश को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता के पिता पर, 2023 में पड़ोसियों के बीच विवाद होने के दौरान सरिया और लाठियों से हमला किया गया था।

### पशु कुर्बानी के आदेश पर तत्काल सुनवाई से इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में विशालगढ़ किले में दरगाह पर ईद-उल-अजहा और उर्स पर पशु कुर्बानी की अनुमति देने वाले बंबई हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को तत्काल सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। किला संरक्षित स्मारक है, जिसका हवाला देते हुए अधिकारियों ने परिसर में पशुओं और पक्षियों के वध पर रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट के तीन जून के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था। वकील ने कहा, कल बकरीद है और हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र के विशालगढ़ में संरक्षित स्मारक में कुर्बानी की अनुमति दी है।